फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 153 प्रभात जयपुर, मंगलवार 3 जनवरी , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBIT



**Legend lives on** For a generation of Indian fans who grew up in the 1950s and '60s, it was always Pele and then daylight.

**Commitment: Make Your New Year's Resolutions Stick**

**Micromobility: Car-Free Spaces** Public space for pedestrians and bicyclists



*भोजन एकत्रित करना जानवरों में नया नहीं है। गिलहरी को ही लीजीए, ये जंगल में यहां वहाँ इतने सारे नट्स जमा करती हैं कि, कुछ स्थानों पर तो इससे जंगल का सारा इकोसिस्टम ही बदल जाता है। नट्स और सीड जमा करना और फिर उस स्थान को भूल जाने की इस जीव की प्रवृत्ति, जंगल में पौधों की कुछ प्रजातियों के लिए रीप्रोडक्शन का एक तरीका बन गई है। पर, एक नन्ही चिड़िया चिकडी, खाना जमा भी करती है और उसे हर वो जगह याद भी रहती है, जहां उसने भोजन एकत्रित किया होता है। इसका कारण है, इस चिड़िया का मस्तिष्क। अक्टूबर के आसपास चिकडी के मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस का आकार बढ़ जाता है और पुराने न्यूरॉन की जगह नए न्यूरॉन ले लेते हैं इससे उन्हें सब याद रहता है । प्रकृतिक आवासों में रहने वाली चिकडी, जिन्हें भोजन जुटाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है, के मस्तिष्क में न्यूरॉन्स परिवर्तन की दर तेज होती है, जबकि संरक्षित केन्द्रों में रहने वाली चिकडी, जिन्हें भोजन सहज सुलभ होता है, के मस्तिष्क में न्यूरॉन्स परिवर्तन की दर धीमी होती है। सर्दियों के लिए एकत्रित भोजन की लोकेशन याद रखने के लिए उनके मस्तिष्क में यह परिवर्तन होता है। पर बसंत के आगमन पर जब भोजन जमा करने की जरुरत नहीं होती तो मस्तिष्क पुनः सिकुड़ जाता है। चिकडी उत्तरी अमेरिका में पाई जाने वाली प्रमुख साँग बर्ड है। छोटी गर्दन और बड़े सिर वाली इस चिड़िया का सिर व गर्दन काली होती है, पीठ सलेटी और गाल सफेद होते हैं, इसलिए इसे ब्लैक कैप्ड चिकडी कहते हैं। जब ये गाती हैं तो ''फी-बी'' और ''चिक-अ डी-डी-डी'' की आवाज़ आती है। दूसरी वाली ध्वनि खतरे की घंटी होती है। एक पुकार में कितनी बार ''डी'' आया है, इससे पता चलता है कि किस परभक्षी का खतरा है। अन्य पक्षी प्रजातियाँ भी इसका अर्थ समझती हैं। उत्तरी अमेरिका में पूर्वी तट से लेकर पश्चिमी तट तक और कैनेडा से नॉर्दर्न मैक्सिको तक ये पक्षी पाए जाते हैं। ब्लैड कैप्ड चिकडी रॉकी पहाड़ियों से लेकर वैस्टकोस्ट तक मिलती हैं। पेड़ों के कोटरों में घर बनाने वाले इन पक्षियों को जमीन से 10-15 फीट ऊपर रखे गए बर्ड हाऊस भी बहुत पसंद आते हैं।*

# केवल धूल में लट्ठ मार रहा है हाई कमान राजस्थान के मामले में

## पार्टी के वरिष्ठ नेता भी स्थिति के बारे में कुछ कहने में बेबसी व लाचारी दिखा रहे हैं

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **गहलोत ने राहुल गांधी से समय मांगा था, बजट पेश करने के लिये।**
- **क्या इसका मतलब है, बजट पेश करने के बाद वे पद छोड़ने क लिये राजी हो जायेंगे।**
- **एक चर्चा यह है कि, रायपुर के कांग्रेस अधिवेशन, जो 24, 25, 26 फरवरी को होना निश्चित हुआ है, में पार्टी अध्यक्ष खड़गे की जीत की पुष्टि के बाद सी.डब्ल्यु.सी. के सदस्यों के चुनाव होंगे तथा इसके बाद राज्यों के प्रशासनिक व राजनीतिक परिवर्तन का मुद्दा हाथ में लिया जायेगा।**
- **जैसा कि विदित ही है, पार्टी के नवनियुक्त महासचिव व प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा बड़े उत्साह से राजस्थान का चार्ज संभालने आये थे और कहा था कि, वे राजस्थान के मुद्दे को नौ दिन में सुलझा देंगे, पर, अब उनके वक्तव्य भी ढीले पड़ गये हैं और उनकी लाचारी व बेबसी को दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, वे भी पंजाब में मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, पर उपमुख्यमंत्री पद पाकर संतोष करना पड़ा था।**
- **गहलोत काफी समय से पार्टी के ''फण्डरेज़र'' हैं तथा हाई कमान व हाई कमान के नजदीक के लोगों के हितों व आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ती करते रहे हैं।**
- **अतः पायलट को दिए गये वादे के बाद भी पार्टी की मजबूरी है, गहलोत को कैसे हटा दें, हालांकि, सभी स्वीकार करते हैं कि, उनके (गहलोत) नेतृत्व में व उनके चेहरे पर अब वोट नहीं मिलेंगे।**

नई दिल्ली, 2 जनवरी। कांग्रेस नेतृत्व राजस्थान में नेतृत्व-संकट के मुद्दे पर अंदाज और अनुमान लगाना प्रतीत हो रहा है, जो संकट राज्य में पार्टी तथा सरकार- दोनों को ही अपनी गिरफ्त में लिये हुये है।

बहुत सारे वरिष्ठ नेता इस मामले में अपनी अनभिज्ञता एवं असहायता जताते हुये अपने हाथ खड़े कर चुके हैं।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जब इस अव्यवस्था के समाधान की बारी आती है, तो गांधी परिवार भी स्वयं को पूरी तरह किंकर्तव्यविमूढ़ स्थिति में पाता है।

नवनियुक्त ए.आई.सी.सी. महासचिव रंधावा, जो इस पद पर नियुक्त होने के बाद, बड़े दृढ़ संकल्प एवं जोश के साथ राजस्थान गये थे, ने दावे के साथ कहा था कि वे इस प्रकरण का समाधान 9 दिन में कर देंगे। लेकिन उनके इस बयान के शीघ्र बाद ही, उनकी बेचारगी उस समय दिखाई दे गई, जब उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी पंजाब के मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे लेकिन उन्हें उपमुख्यमंत्री के रूप में समायोजित होना पड़ा था।

अगर रंधावा अपने स्वयं के मुद्दों को ही नहीं संभाल सके, तो वे पार्टी के मुद्दों को कैसे संभालेंगे।

अशोक गहलोत ने राहुल गांधी से बजट प्रस्तुत करने के लिये समय माँगा था और अब उन्होंने विधानसभा का सत्र बुला लिया है।

क्या इसका यह अर्थ है कि वे बजट सत्र के बाद अपने पद से हट जायेंगे?

क्या नेतृत्व ए.आई.सी.सी. के पूर्ण सत्र के 24, 25, 26 फरवरी के आयोजन तक राजस्थान में परिवर्तन करने की प्रतिज्ञा करेगा। रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित ए.आई.सी.सी. के इस पूर्ण सत्र में कांग्रेस अध्यक्ष

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक का लोकप्रिय दूध ब्राण्ड ''नन्दिनी'' व अमूल चुनाव का मुद्दा बने

## ''नन्दिनी'' को कन्नड़ अस्मिता व संस्कृति का सवाल बनाते हुए पूर्व गैर भाजपा मु.मंत्री सिद्धारमैया व कुमारस्वामी ने ''नन्दिनी'' को बचाने का नारा दिया

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **दोनों मु. मंत्रियों ने कहा, नन्दिनी को एकत्रित करने व बेचने का काम कर रही सहकारी समिति का वार्षिक टर्न ओवर बीस हजार करोड़ रूपये है। अतः अब केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह अमूल द्वारा नन्दिनी को ''खरीदने'' की बात कर रहे हैं।**
- **बेचारे अमित शाह ने तो केवल इतना कहा था कि, गुजरात व कर्नाटक की विशाल दुग्ध व दूध प्रोड्क्टस बेचने वाली कम्पनियों को तकनीकी व मार्केटिंग में सहयोग करना चाहिये।**

नई दिल्ली, 2 जनवरी। कर्नाटक में विधानसभा चुनावों से पूर्व कन्नड़-अस्मिता-प्रेरित उप-राष्ट्रवाद (प्रान्तीयता) उभर कर सामने आ रहा है। कन्नड़ ऐक्टिविस्टों ने ऐसी किसी भी कोशिश एवं कार्यवाही के विरोध में अभियान छेड़ रखा है, जिसका उद्देश्य कन्नड़ की पहचान, इसकी भाषा या संस्कृति को कमजोर करना हो। हाल ही में, कन्नड़ ऐक्टिविस्ट ऐसी किसी भी चेष्टा के प्रति बहुत अधिक संवेदनशील दिखाई दे रहे हैं, जो ''हिन्दी को जबरन थोपने'' तथा राज्य की पहचान एवं संस्कृति को कमजोर करने वाली प्रतीत हो रही है। इन ऐक्टिविस्टों का ध्यान अब राज्य के को-ऑपरेटिव मिल्क फैडरेशन के संबंध में की जा रही सत्तारूढ़ भाजपा की कार्यवाहियों पर केन्द्रित हो गया है। यह फैडरेशन ''नंदिनी'' नामक एक बहुत ही लोकप्रिय ब्रैंड के तहत दूध एवं दुग्ध उत्पादकों की मार्केटिंग करता है।

''नंदिनी बचाओ'' आंदोलन उस समय जोर पकड़ गया, जब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जिनके पास सहकारिता मंत्रालय का भी प्रभार है, ने परसों मांड्या में स्थित एक नंदिनी फैक्ट्री का दौरा करते समय कहा कि नंदिनी का काम गुजरात के ब्रैंड अमूल से काफी मिलता-जुलता है, जिसे राज्य का को-ऑपरेटिव फैडरेशन संचालित करता है।

कन्नड़ ऐक्टिविस्टों, विपक्षी कांग्रेस तथा जनता दल (सेकुलर) ने तुरंत ही खतरे को भाँप लिया तथा उन्होंने कर्नाटक और गुजरात के सहकारी संचालनों के बीच सहकार के नाम पर ''कर्नाटक विरोधी'' मुहिम को भाँपते हुये, भाजपा के घेरने के अवसर का लाभ उठाया। उन्होंने शाह के इस बयान को कर्नाटक के नंदिनी ब्रैंड का गुजरात के अमूल में विलय करने की कोशिश का रूप दे दिया, जो भाजपा के प्रिय अभियान एक राष्ट्र, एक कार्ड, एक राशन कार्ड, एक बाजार आदि-आदि के अनुकूल ही है।

राज्य के मिल्क को-ऑपरेटिव के बारे में अमित शाह की टिप्पणी के बाद, कर्नाटक के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों- कांग्रेस के एस. सिद्धारमैया तथा जनता दल (सेकूलर) के एच.डी. कुमारास्वामी ने इन दो लोकप्रिय डेरी ब्रैंड के संभावित विलय की आशंकाएं व्यक्त की है। केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा कर्नाटक मिल्क फैडरेशन (के.एम.एफ.), जो नंदिनी ब्रॉन्ड संचालित करता है तथा गुजरात के आनन्द मिल्क यूनियन लिमिटेड (अमूल) के बीच सहयोग पर जोर दिये जाने से एक बड़ा राजनैतिक हंगामा खड़ा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 40 साल में पहली बार चीन की ग्रोथ रेट वैश्विक ग्रोथ रेट से कम

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 जनवरी। चीन ने 40 साल तक दुनिया में ग्रोस डोमैस्टिक प्रोडक्ट (जी.डी.पी.) का नेतृत्व किया है। अब यह पहली बार है कि चीन को ऐसी वार्षिक आर्थिक वृद्धि दर की उम्मीद

- **अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की मैनेजिंग डायरैक्टर क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने यह जानकारी देते हुए चेतावनी दी कि, चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।**

है जो कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर के बराबर होगी या उससे कम होगी। इन्टरनैशनल मॉनिटरी फण्ड (आई.एम.एफ.) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने नव वर्ष पर यह बात कही है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उमा भारती भाजपा नेतृत्व को चुनौती देने के मूड में

## पहले तो उन्होंने अपनी जाति (लोधी जाति) के महा सम्मेलन में सार्वजनिक मंच से कहा, लोधी समाज अपना हित देखकर वोट दे, जरूरी नहीं है यह वोट भाजपा को ही दें

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **इस विवादित आव्हान के बाद उमा भारती ने चौंकाने वाला वक्तव्य दिया कि, भाजपा ने राम, हनुमान व हिन्दू धर्म पर ''पेटैन्ट'' प्राप्त कर रखा है।**
- **उन्होंने कहा कि, उनका भगवान राम, तिरंगा, गंगा व गाय में विश्वास भाजपा ने नहीं उपजाया है, यह विश्वास उनके मन में सदा से है।**
- **जैसा कि विदित ही है, लोधी जाति मध्य प्रदेश में, विशेषकर ग्वालियर, बुंदेलखण्ड व महाकौशल में, भारी संख्या में मौजूद है तथा वैसे भी ये लोग काफी प्रभाव रखते हैं।**

नई दिल्ली, 2 जनवरी। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा की सीनियर नेता उमा भारती ने कुछ दिन पूर्व अपने लोधी समुदाय से यह कहकर अपनी पार्टी में समस्या उत्पन्न कर दी थी कि वह अपने स्वयं के हितों पर विचार कर किसी भी पार्टी को वोट दें (जरूरी नहीं कि वह भाजपा हो)। उन्होंने अब यह कहकर भाजपा के खिलाफ एक ताजा हमला बोला है कि भाजपा ने भगवान राम, हनुमान या हिंदू धर्म का कोई पेटेंट नहीं करा रखा है।

पिछले काफी वर्षों से राजनीतिक पृष्ठभूमि में रहीं भारती इस वर्ष के अंत में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पूर्व मध्य प्रदेश की राजनीति में स्वयं को प्रकर रूप से साबित करना चाहती हैं।

एक बयान में, जो कि यह दर्शाता है कि मध्य प्रदेश की भाजपा में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है, भारती ने कहा कि ''भगवान राम, हनुमान या हिंदू धर्म में कोई भी आस्था रख सकता है, लेकिन हमारी आस्था राजनीतिक लाभ से परे है।'' उन्होंने आगे कहा कि भगवान राम, तिरंगा, गंगा या गाय के प्रति आस्था भाव अन्तर्निष्ट करने वाली भाजपा ही नहीं है, बल्कि ये मनोभाव उनमें पहले से ही हैं।''

लोधी समुदाय को दिए गए भारती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रायपुर में होगा कांग्रेस महाधिवेशन

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 जनवरी। कांग्रेस ने सोमवार को घोषणा की कि ए.आई.सी.सी. का महाधिवेशन 24 से 26 फरवरी तक छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा। इस सत्र में सोनिया गांधी के स्थान

- **24 और 26 फरवरी को होने वाले इस महाधिवेशन में सोनिया गांधी की जगह मल्लिकार्जुन खड़गे के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने को ''रैटिफाई'' किया जायेगा।**

पर निर्वाचित नये पार्टी अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खड़गे के चुनाव की अभिपुष्टि होगी। इस महत्वूपर्ण मीटिंग में 2024 के लोकसभा चुनावों तथा 10 राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# झेंप मिटाने के लिये अखिलेश व मायावती ने ''भारत जोड़ो यात्रा'' के लिये शुभकामनाएं भेजीं राहुल को

## इससे पहले दोनों नेता, यह कह रहे थे कि, उन्हें यात्रा से जुड़ने के लिये कोई आमंत्रण नहीं मिला है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

- **पर, दोनों नेता अभी भी यात्रा से जुड़ने के बारे में पूछ जाने पर खामोशी अख्तियार कर रहे हैं।**
- **चर्चाओं के अनुसार, दोनों नेता अभी यह देख रहे हैं कि, यात्रा को कैसा ''रैस्पाँस'' मिलता है यू.पी. में। आम अंदाजा व भारी ठण्ड व यू.पी. के वर्तमान राजनीतिक माहौल के कारण ''रैस्पाँस'' ज्यादा उत्साहवर्धक नहीं होगा।**

नई दिल्ली, 2 जनवरी। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा 9 दिन के विराम के बाद कल देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी और उसके बाद अपनी आगे की श्रीनगर यात्रा के लिए रवाना होगी। यह यात्रा इससे पहले दिल्ली में से होकर गुजर चुकी है। अब देखना यह है कि लोकसभा के लिए 80 सांसद निर्वाचित कर भेजने वाले भाजपा नेतृत्व वाले इस राज्य में यात्रा को कितना जन समर्थन मिलता है।

विपक्ष की दोनों प्रमुख पार्टियों के नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती यात्रा में शामिल होने के लिए राहुल गांधी के निमंत्रण को लेकर अपने-अपने ट्वीट्स में उनका शुक्रिया अदा कर चुके हैं। दोनों के निकट सूत्रों ने बताया कि दोनों ही इसकी प्रतीक्षा कर रहे हैं कि यात्रा राज्य के जिन क्षेत्रों से गुजरेगी, वहां उसे कितना जन समर्थन मिलता है।

पर्यवेक्षकों ने बताया कि यू.पी. की विपक्षी पार्टियों के नेताओं को राहुल गांधी द्वारा 31 दिसम्बर को दिए गए निमंत्रण ने इन दोनों को ही एक अजीबो-गरीब स्थिति में डाल दिया है क्योंकि इससे पहले तक तो वे यह भी स्वीकार नहीं कर रहे थे कि उन्हें यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस की तरफ से कोई निमंत्रण भी मिला है।

हालांकि राहुल गांधी की यात्रा उत्तर प्रदेश में तीन दिन तक रहेगी और वहां कड़ाके की ठण्ड भी है, फिर भी राजनीतिक पर्यवेक्षकों को उस जनसमर्थन को लेकर आशंका है जो राहुल गांधी को उन क्षेत्रों में प्राप्त हो सकता है जहां हिन्दू-मुस्लिम आबादी का मिश्रण है। यहां तक कि सुरक्षा एजेंसियां भी यात्रा को लेकर पूर्ण सतर्कता बरत रही हैं।

अखिलेश यादव ने कुछ दिन पूर्व कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया था, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के निमंत्रण पर आज उन्होंने एक ट्वीट में ''धन्यवाद'' लिखने का निर्णय लिया।

उत्तर प्रदेश में कल प्रवेश करने वाली राहुल को इस राष्ट्रव्यापी यात्रा के लिए समाजवादी पार्टी के नेता ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या उनकी राहुल गांधी को जॉइन करने की कोई योजना है, लेकिन ट्वीट से पता चलता है कि वे इस यात्रा में शामिल नहीं होंगे।

अखिलेश यादव ने ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक पत्र में कहा है कि ''भारत जोड़ो यात्रा के लिए मुझे निमंत्रण भेजने के लिए धन्यवाद और इस अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं। भारत एक भौगोलिक विस्तार के अलावा भी बहुत कुछ है। यह प्रेम, अहिंसा, करूणा, सहयोग और भाईचारे से सूत्रबद्ध है। उम्मीद है कि, हमारे देश की समेकित संस्कृति का संरक्षण करने के उद्देश्य को यह यात्रा प्राप्त करेगी।''

राहुल गांधी ने इसके बदले में कहा कि ''नफरत और प्रेम एक दूसरे के ठीक विपरीत हैं, लेकिन अधिकांश लोग बांटना चाहते हैं। मैं जानता हूँ कि आखिलेश जी और मायावती जी नफरत फैलाना नहीं चाहते। रिश्ता तो है........।''

राहुल ने यह टिप्पणी भी की कि, ''हर कोई जानता है कि भाजपा और कांग्रेस की विचारधाराएं भिन्न हैं, क्योंकि यदि ऐसा होता तो नरेन्द्र मोदी कांग्रेस मुक्त भारत की बात नहीं कहते। इसीलिए मैं भाजपा मुक्त भारत की बात कह रहा हूँ? लेकिन अखिलेश जी के पास यह बताने का विकल्प है कि उनका दृष्टिकोण क्या है।''

मायावती की प्रतिक्रिया भी संक्षिप्त थी। उन्होंने ट्विटर पर कहा ''भारत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत में कोविड-19 नियंत्रण में है

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 जनवरी। प्रतिदिन जारी किये जा रहे सरकार आँकड़े जैसा बता रहे हैं, कोविड-19 भारत में ज्यादा तनाव पैदा नहीं कर रहा है। पिछले एक दिन में कोविड से उत्तराखण्ड में केवल एक मृत्यु तथा पूरे देश में 173 केस सामने आये हैं।

- **भारत सरकार के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार गत 24 घंटों में कोविड से मात्र एक मौत हुई है और एक्टिव केस घट कर 2670 रह गए हैं।**

भारत के ऐक्टिव केस कम होकर 2,670 रह गये हैं, जबकि 98.8 प्रतिशत रिकवरी हुई हैं। पिछले 24 घंटे में 207 रिकवरी हुई हैं।

पिछले 24 घंटे में, 6,675 वैक्सीन खुराकें, जो अपेक्षाकृत कम ही हैं, प्रयुक्त हुई है। अब तक देश में 220.1 करोड़ वैक्सीनेशन हो चुके हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**समय सबसे बड़ा चिकित्सक है, वक्त हर घाव का मरहम है। –कहावत**

# नव वर्ष का हो संकल्प, सब इंसान बनें

देखते-देखते एक वर्ष और बीत गया। 2022 को हमने अलविदा कह दी और 2023 में प्रवेश कर गए। प्रतिवर्ष नव वर्ष के प्रारंभ पर संकल्प लिए जाते हैं, जिनमें से अधिकांश को वर्ष के प्रथम माह में ही तोड़ दिया जाता है। इस बार भी लोग विभिन्न संकल्प लेंगे। कुछ ऐसे होंगे जिन्हें निभाया जाएंगे और कुछ ऐसे ,जो बीच में ही छोड़ दिए जाएंगे।

हम यदि समाज और देश की बात करें, तो यह विचारणीय है कि देश के नागरिक किस प्रकार का संकल्प लेकर इस समाज और देश को रहने के लिए अधिक बेहतर स्थान बना सकते हैं?

2022 में कोरोना के कहर से हम जैसे तैसे मुक्त हुए और जीवन सामान्य पटरी पर लौट आया। आर्थिक गतिविधियां प्रारंभ हुईं। जनजीवन सामान्य हुआ, आवागमन बढ़ा, पर्यटक भी बहुत बड़ी संख्या में भारत आए। राजस्थान में भी पर्यटकों की संख्या में बहुत वृद्धि हुई, जिनमें विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में थे। राजस्थान के पर्यटक स्थलों में प्रमुख जयपुर, उदयपुर, जैसलमेर में तो पाठकों को ठहरने के लिए स्थान तक नहीं मिला।

जैसे ही हमने 2022 को विदा किया, चीन में कोरोना की भयावह स्थिति के कारण भारत में भी कोरोना के पुन: दस्तक देने के समाचार मिलने लगे। इन्हीं आशंकाओं के बीच में हम 2023 में प्रवेश कर रहे हैं। सबसे पहला संकल्प या यूं कहें कि आकांक्षा है कि 2023 में देश कोरोना के प्रकोप से बचा रहे और जनजीवन सामान्य गति से निर्बाध रूप से चलता रहे। अब हम संकल्प की बात करें। मुझे लगता है कि सभी संकल्पों से श्रेष्ठ एवं उपयुक्त संकल्प यह होगा कि हम सब इस वर्ष इंसान बने रहें। पाठक कह सकते हैं कि इंसान तो हम हैं ही, इंसान बनने से क्या मतलब है? मेरा मानना है कि प्रकृति ने पुरुष या स्त्री तो बना दिया किंतु हममें से कई 'इंसान' नहीं बन पाते। अनेक बार हमारा हैवानियत का रूप देखने में आता है। मनुष्य कभी शैतान का रूप बन जाता है और कभी भगवान का। यदि हम भगवान नहीं बन सकें तो कोई बात नहीं, कम से कम शैतान तो न बने। यही मानवता के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होगा।

वर्ष 2021 में कोरोना की भयावहता के दौरान हमने देखा है कि किस प्रकार मनुष्य ने इंसानियत छोड़कर अपनी हैवानियत का परिचय दिया और प्रत्येक संभव तरीके से कष्ट में पड़े अपने साथी देशवासियों का शोषण करने से नहीं चूके। 2022 में रिश्ते भी बहुत तार-तार हुए। पिता-पुत्र, माँ-बेटी, प्रेमी-प्रेमिका ने कैसे एक-दूसरे की न केवल निर्मम हत्याएं कीं, अपितु इनके मृत शरीर के अंगों तक को काट कर फेंक दिया, इनका साक्षी 2022 बना।

हाल ही में जिस प्रकार से राजस्थान लोक सेवा आयोग और अन्य भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के समाचार लगातार मिल रहे हैं, उससे तो यही लगता है जो लोग इस पेपर को आउट करने में संलिप्त रहे हैं, वे इंसान कहलाने के लायक तो कतई नहीं हैं। उसे इंसान कैसे कह सकते हैं जिन्होंने अपने स्वार्थ की खातिर लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया। अधिकांश बेरोजगार युवा संपन्न परिवारों से नहीं आते । इनके पिता येन केन प्रकारेण कर्जा लेकर या अपनी भूमि को गिरवी रख कर पैसे का इंतजाम करके, उन्हें पढ़ाते हैं और उनकी कोचिंग की फीस का इंतजाम करते हैं। सुनने में तो यह भी आ रहा है कि जो भर्तियां हो चुकी हैं, उनमें भी पेपर लीक कराने अथवा फर्जी डिप्लोमा, डिग्री बेचने का काम धड़ल्ले से हुआ है। इस कारण भर्तियां उन्हीं लोगों की हुई जो दलालों को धनराशि उपलब्ध कराने में सफल रहे। बिना आवश्यक वांछित योग्यता के सरकारी नौकरी भी पा गए। इस काम में सरकार की शिक्षा के निजीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति ने भी बहुत सहायता की है। अधिकांशत: जिन विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्रियां बेचने के समाचार मिल रहे हैं, वे सभी निजी क्षेत्र के हैं। इन विद्यालयों में सब कुछ होता है, शिक्षा प्रदान करने के अलावा। इस प्रकार के विश्वविद्यालयों से फर्जी डिग्री प्राप्त कर जो लोग नौकरी में आ जाएंगे, उनका पहला काम यही होगा कि जो लाखों रुपए खर्च किए हैं, वे शीघ्रतिशीघ्र वसूल करें। इस हेतु वे इंसानियत और अपनी नौकरी के कत्तर्व्य को त्याग कर, गरीब लोगों का शोषण ही करेंगे।

> **यदि हमें कुछ करना ही है तो हम किसी की सहायता करें, किसी भूखे के लिए भोजन की व्यवस्था करें, प्यासे के लिए पानी की व्यवस्था करें, किसी रोते हुए व्यक्ति के हम आंसू पोंछ लें, किसी बड़े-बुजुर्ग के साथ कुछ समय बिता लें। यह सब हम कर पाएंगे यदि हम मोबाइल पर बिताने वाले समय में से कुछ समय कम कर सकें। 2023 कई चुनौतियों वाला साल भी होगा।**

मनुष्य द्वारा अपनी इंसानियत त्यागने के कई समाचार हम प्रतिदिन समाचार पत्रों में पढ़ते हैं, जिससे हमें स्वयं को इंसान कहने में भी शर्म आने लगती है।

उदाहरण के लिए हाल ही में दिल्ली और गुड़गांव में हुई उन घटनाओं के वीडियो वाइरल हुए जिनमें मकान मालिकों को अपने घरेलू नौकरों के साथ मारपीट करके हुए घर से निकालते हुए दिखाया गया। संभ्रांत परिवारों के लोग कैसे आपस में भिड़ गए और सिक्योरिटी गार्ड की पिटाई कर दी, इसके वीडियो भी वाइरल हुए हैं। ये लोग कोई झुग्गी-झोंपडी में रहने वाले नहीं, बल्कि बड़ी-बड़ी पॉश कॉलोनी में रहने वाले संपन्न परिवारों के व्यक्ति थे। हाल ही में थाई एयरवेज के वायुयान में जिस प्रकार भारतीय यात्रियों में सीट को सीधा करने के प्रश्न पर मारपीट हुई, उसने प्रत्येक भारतीय का सिर शर्म से झुका दिया।

हम एक-दूसरे के प्रति इतने असहिष्णु हो गए हैं कि हमने अपनी इंसानियत को ताक पर रख दिया है। जिस प्रकार दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सड़क पर तड़पने के लिए छोड़ दिया जाता है और सैकड़ों वाहन वहां से निकल जाते हैं, उससे भी यही लगता है इंसानियत दुर्लभ होती जा रही है। शिक्षक द्वारा अंक बढ़ाने के नाम पर छात्रा का शारीरिक शोषण किया जा रहा है। कोचिंग संस्थाओं द्वारा वहां पढ़ाई कर रहे छात्रों पर पढ़ाई का अत्यधिक दबाव बनाकर, उन्हें मानसिक अवसाद में धकेल कर आत्महत्या करने पर मजबूर किया जा रहा है। राजस्थान के कोटा शहर में आत्महत्या की कई घटनाएं हाल ही में हुई हैं। यह सब वे नौनिहाल हैं, जिन्हें माँ-बाप ने बड़े कष्ट सहकर, इस आशा के साथ कोटा में कोचिंग करने हेतु भेजा था कि वह इंजीनियरिंग में प्रवेश लेकर बुढ़ापे में उनके जीवन का सहारा बनेंगे। लेकिन वह तो असमय ही उन्हें जीवन भर के लिए कष्ट भोगने हेतु छोड़कर दुनिया से विदा हो गए। क्या कोचिंग संस्थानों के मालिकों के अपने स्वयं के परिवार में बच्चे नहीं हैं? किस प्रकार अपने परिवार से अलग रह रहे बच्चों का मानसिक शोषण करने में वे एक बार भी नहीं सोचते? किस प्रकार केवल धन कमाने के लिए झूठे-झूठे वादे करके युवाओं को बरगलाया जाता है?

मान्यता है कि कई जन्मों के अच्छे कर्मों के पश्चात मनुष्य योनि प्राप्त होती है। इसके बाद भी यदि ये इंसानियत छोड़ दें, तो इसे हम क्या कहेंगे?

ऐसा व्यक्ति जो अपने ही जैसे मानव को किसी भी प्रकार से प्रताड़ित करने में, शोषित करने में अथवा उसकी हत्या तक करने से बाज नहीं आता, वह इंसान कहलाने के लायक तो नहीं हो सकता। 2023 में इतना तो कर ही सकते हैं कि किसी रिश्तो में यदि मधुरता न भी बढा सकें और किसी के साथ अच्छा व्यवहार न भी कर सकें तो कम से कम किसी के साथ कड़वा व्यवहार तो ना करें। यदि हम किसी के रास्ते को सुगम न बना सकें, तो हम उस में बाधा तो उत्पन्न ना करें। यदि हम किसी दूसरे के व्यक्ति के जीवन में उजियारा न कर सकें, तो कम से कम अंधकार करने का माध्यम तो न बनें।

यदि हम किसी व्यक्ति को स्वस्थ न रख सकें, तो उसे बीमार रखने का निमित्त तो न बनें। यदि हम माता-पिता की सेवा न कर सकें और यदि हम किसी का हाथ पकड़ कर न चल सकें, तो किसी पकड़े हुए हाथ को मझधार में तो न छोड़ दें। यदि हम किसी को ज्ञान दान न कर सकें, तो किसी को फर्जी डिग्री बेचने का काम तो ना करें। यदि हम किसी को घर बनाकर ना दे सकें, तो किसी का घर तोड़ कर उसे सड़क पर लाने का काम तो ना करें।

बस, हम इतना भी कर लें, तो फिर हम शायद इंसान कहलाने लायक तो रहेंगे। यदि देश के सब नागरिक तय कर लें कि वह देवत्व का भाव उत्पन्न न कर सकें किंतु शैतान बनने से बच सकें और इंसानियत का धर्म निभाएं, तो इस देश को उन्नत देश बनाने में अपना योगदान देंगे। वैसे इंसान बनना इतना कठिन भी नहीं है। बस, केवल इसके लिए अपने स्वार्थ एवं लोभ को वश में रखने की आवश्यकता है। पैसा कमाना बुरी बात नहीं है, लेकिन उसके लिए दूसरे की लाश पर पांव रखकर आगे बढ़ना कुछ ठीक नहीं। जीवन में आगे बढ़ना गलत बात नहीं है, लेकिन साथी को गिरा कर आगे बढ़ना तो अच्छी बात नहीं है।

आइये, हम 2023 में नया संकल्प लें हैं कि, हम कोई ऐसा काम ना करेंगे, जिससे हम किसी के जीवन में कष्ट पैदा करने का माध्यम बनें। यदि हमें कुछ करना ही है तो हम किसी की सहायता करें, किसी भूखे के लिए भोजन की व्यवस्था करें, प्यासे के लिए पानी की व्यवस्था करें, किसी रोते हुए व्यक्ति के हम आंसू पोंछ लें, किसी बड़े-बुजुर्ग के साथ कुछ समय बिता लें। यह सब हम कर पाएंगे यदि हम मोबाइल पर बिताने वाले समय में से कुछ समय कम कर सकें। 2023 कई चुनौतियों वाला साल भी होगा। इन चुनौतियों का मुकाबला हम तभी कर पाएंगे जब हम अपनी इंसानियत को संभाल कर रखेंगे और साथी इंसान को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। तब ही देश के सभी नागरिक एक-दूसरे के दुख-दर्द में साझेदार बन कर, एक-दूसरे की प्रगति में भागीदार बनेंगे, तब ही सब इंसानियत का धर्म निभाने वाले माने जाएंगे और तब ही हमारा देश कहीं अधिक सहकार वाला, सद्भाव वाला, भाईचारा वाला, घृणा रहित, प्रेम से परिपूर्ण देश बन पाएगा।

यह कल्पना साकार हो सकती है, यदि हम केवल एक प्रण लें कि वर्ष 2023 में हम इंसान बन कर रहें और इंसानियत के धर्म का पालन पूर्णतया प्रण-प्राण से करें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# ''मरांग गोमके'' जयपालसिंह मुण्डा : एक बहुआयामी व्यक्तित्व



19वीं सदी में बिरसा मुंडा तथा 20वीं सदी में जयपालसिंह मुंडा दो ऐसी हस्तियां हुई जो अपने जीवन काल में ही लोकगाथा बन गई। एक 'धरती आबा' तो दूसरे 'मरांग गोमके' के नाम से प्रसिद्ध हुए। बिरसा मुंडा की शहादत की आग बुझी भी नहीं थी कि प्रमोद पाहन नामक बच्चे का जयपालसिंह मुण्डा 'मरांग गोमके' (महान नेता) के रूप में उदय हुआ। जयपालसिंह का जन्म 3 जनवरी, 1903 को अमरू पाहन एवं राधामणि के यहां पाहनटोली गावं टकरा, रांची में हुआ। जयपालसिंह का प्रारंभिक नाम प्रमोद पाहन था। बालक जयपालसिंह को प्राईमरी शिक्षा के लिए टकरा के संत पाल उच्च प्राथमिक विद्यालय में भर्ती कराया गया। यहां जयपालसिंह ने अपने गुरू लुकास से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की। विद्यालय समय के पश्चात घर पर जयपालसिंह गाय व बकरियों को चराने तथा घोड़ों को नहलाने का काम भी करते थे।

प्रारम्भिक शिक्षा के बाद जयपालसिंह के पिता ने उनका रांची के सेन्ट पॉल स्कूल में दाखिला कराया। रांची के स्कूल में जयपालसिंह पर ईसाई धर्मगुरू व शिक्षक कैनन कोसग्रेव का जबरदस्त प्रभाव पडा। जयपालसिंह स्कूल के सबसे मेधावी छात्र थे और वे पढाई के साथ-साथ खेलकूद में भी उत्कृष्ट थे। कोसग्रेव को जयपालसिंह में गजब की नेतृत्व क्षमता दिखाई दी। यहां जयपालसिंह व कैनन कोसग्रेव में गुरू-शिष्य के प्रगाढ संबंध बन गये थे। गुरू-शिष्य की बढती नजदीकियों से जयपालसिंह की मां खुश नही रहती थी क्योकि उनको आशंका रहती थी कि कहीं मेरा बेटा आदिवासी मूल्यों से ना कट जाये। सन् 1918-19 में सैंटपाल स्कूल रांची के प्राचार्य कोसग्रेव सेवानिवृत होकर इंग्लैंड लौटे तो वे अपने प्रिय छात्र जयपालसिंह को भी अपने साथ इंग्लैंड ले गये और उच्च शिक्षा के लिए उनका दाखिला इंग्लैंड के प्रतिष्ठित सेन्ट ऑगस्टीन महाविद्यालय में करा दिया लेकिन जयपालसिंह की असाधारण प्रतिभा को देखते हुए महाविद्यालय के विशप नाइट ने दो टर्म बाद ही इनको 40 पौन्ड की स्कॉलरशिप पर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, लंदन के प्रतिष्ठित सेन्ट जान्स कॉलेज में भेज दिया। जयपालसिंह पूरे एशिया से अकेले विद्यार्थी थे जो ऑक्सफोर्ड के हॉस्टल में रहते थे। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के सैंटजॉन्स कॉलेज, लंदन से जयपालसिंह ने अर्थशास्त्र ऑनर्स में स्नातक एवं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में गोल्ड मेडल के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। जयपालसिंह सैंटजॉन्स कालेज की फुटबॉल टीम के सदस्य थे। इसके साथ ही वे सैंटजॉन्स कॉलेज तथा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की हॉकी टीम के भी सदस्य थे। सन् 1924 ई. से 1926 ई. तक आक्सफोर्ड विवि लंदन की हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया। जयपालसिंह ने 'इकोनोमी ऑफ स्पोर्टस' पर शोध कार्य किया।

1924 ईस्वी में हॉकी में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के खिलाफ आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की जीत में जयपालसिंह के योगदान के कारण उन्हें 'हाकी ब्ल्यू' से सम्मानित किया गया। हॉकी के प्रति जयपालसिंह का जूनून इस स्तर का था कि लंदन व ब्रिटेन में अध्ययनरत भारतीय विद्यार्थियों की हाकी टीम तैयार कर टीम को लेकर बेल्जियम, स्पेन, फ्रांस व जर्मनी के विश्वविद्यालयों में लेकर जाते और मैच जीतने पर भारत की प्रशंसा होती। हॉकी के वे इतने लोकप्रिय खिलाडी हो गये कि तत्कालीन समय की प्रतिष्ठित मैगजीन 'वर्ल्ड हॉकी' में इनका प्रोफाइल छपा। सन् 1926 में ये आक्सफोर्ड की बजाय विम्बलडन क्लब के लिए हाकी खेल रहे थे। भारत में खेल संघ से जुड़े कर्नल ब्रूस टर्नबुल एवं मेजर रिकेट्स ने जयपालसिंह के पास आकर उन्हें भारतीय हॉकी टीम का नेतृत्व करने का आग्रह किया। जयपालसिंह का सन् 1927-28 ई. में प्रतिष्ठित आईसीएस में चयन हो गया था और उस समय ये आक्सफोर्ड में आईसीएस का प्रशिक्षण ले रहे थे। उल्लेखनीय है कि जयपालसिंह प्रथम भारतीय थे जिनको आईसीएस के साक्षात्कार में 300 अंक में से 300 अंक प्राप्त हुए। जयपालसिंह ने एमस्टर्डम ओलंपिक में भाग लेने के लिए अनुमति हेतु इण्डिया ऑफिस लंदन को प्रार्थना पत्र दिया जिसे निरस्त कर दिया गया। जयपालसिंह ने अवकाश स्वीकृत नही होने के बावजूद निजी हितो के बजाय राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी ओर उन्होने भारतीय हॉकी टीम का कप्तान बनना स्वीकार किया। भारतीय टीम पानी के जहाज से 30 मार्च 1928 को ब्रिटेन पहुंची। जयपालसिंह मुंडा ने उनको रिसीव किया। भारतीय टीम ने वहां कई अभ्यास मैच खेले। पहले अभ्यास मैच में भारतीय टीम ने इंग्लैंड की टीम को चार-शून्य से हराया एवं दूसरे ही मैच में प्रतिद्वन्दी टीम को 18-0 से हराया। जयपालसिंह द्वारा डीप डिफैंडर के रुप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर तत्कालीन समाचार पत्र ''स्टेटसमैन'' ने एक पूरा कॉलम लिखकर जयपालसिंह के प्रदर्शन की प्रशंसा की। यद्यपि जयपालसिंह का भारतीय टीम के एंग्लो-इण्डियन खिलाडियों एवं टीम प्रबंधन से नस्लीय भेदभाव के मुद्दे पर विवाद होने के कारण ये फाईनल मैच में नही खेले फिर भी एमस्टर्डम ओलंपिक में भारत ने हॉकी में अपना पहला गोल्ड मैडल जीता।

सन् 1928 में जयपालसिंह कलकत्ता आ गये और मोहन बागान फुटबॉल क्लब के प्रबंधन से जुड़ गये। भारत में जयपाल सिंह कलकत्ता में रॉयल डच-शैल कम्पनी में मर्केंटाईल असिस्टेंट के पद पर नियुक्त किये गये। उस समय उनका वेतन आईसीएस से भी ज्यादा होता था तथा किसी अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनी में इतना उच्च पद पाने वाले ये प्रथम भारतीय थे। इसी दौरान उन्होंने व्योमेश चन्द्र बनर्जी की पोती तारा मजूमदार से विवाह किया। कम्पनी में अपने सहकर्मियों द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार के कारण उन्होने यह नौकरी भी छोड़ दी और कैनन कोसग्रेव से मिलने लंदन चले गये।

कुछ समय बाद जयपालसिंह ने अचिमोटा कॉलेज, पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना में एक शिक्षक के पद पर कार्य किया। अफ्रीका में भी उन्होंने खेलों में बहुत से पुरस्कार जीते। अफ्रीका में उनको भारत के शिक्षा सचिव गिरिजा शंकर बाजपेई का तार मिला जिसमें उन्हें रायपुर के राजकुमार कॉलेज में प्राचार्य के पद पर नियुक्ति हेतु प्रस्ताव था। इस कालेज में केवल राजकुमार एवं अंग्रेज अफसरों के बच्चे ही पढते थे। यहां भी जयपालसिंह को नस्लीय भेदभाव का सामना करना पडा और उनका स्थानान्तरण बीकानेर रियासत में उपनिवेशन मंत्री एवं राजस्व आयुक्त के पद पर किया गया। जयपालसिंह की प्रशासनिक योग्यता से प्रसन्न होकर महाराजा बीकानेर द्वारा उन्हें पदोन्नत कर विदेश मामलों का सचिव बनाया गया।

बिहार के गर्वनर मॉरी हालैट एवं मुख्य सचिव रोबर्ट रसैल की सलाह पर जयपालसिंह ने आदिवासी आंदोलन के साथ राजनीति की शुरूआत की। आदिवासी नेताओं बन्दीराम ओरांव, पॉल दयाल, इग्निश बैक, थियेबल ओरावं, थियोडोर सूरीन, जूलियस टिग्गा आदि के आग्रह पर जयपालसिंह 20 जनवरी 1939 को आदिवासी सभा के अध्यक्ष बने। इन्होंने आदिवासी सभा को आदिवासी महासभा में परिवर्तित किया। आदिवासियों को नस्लीय भेदभाव से मुक्त करने हेतु संघर्ष किया। जयपालसिंह अलग झारखंड राज्य की स्थापना के लिए चलाये गये आंदोलन के संस्थापक भी थे जिसका उद्देश्य आदिवासी अधिकारों और उनके क्षेत्रों का पुर्ननिर्धारण करना था। इसके पश्चात वो लगातार आदिवासी अधिकारों के लिए लडाई लडते रहे। आदिवासियों में जन-जागरूकता पैदा करने हेतु जयपालसिंह ने सन् 1940 में 'आदिवासी सकम' नाम से समाचार पत्रिका प्रकाशित की। इन्होंने मजदूर वर्ग के लिए 'आदिवासी लेबर फेडरेशन' एवं 'पूअर लेबर एसोसिएशन' की स्थापना की। सन् 1946 में जयपालसिंह को संविधान सभा में बिहार से स्वतंत्र सदस्य के रूप में चुना गया। संविधान सभा में जयपालसिंह ने आदिवासियों के अधिकारों के लिए कार्य किया। 11 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा में सभापति के अभिनन्दन भाषण पर आदिवासियों के प्रतिनिधि की हैसियत से बोलते हुए कहा कि 'भले ही हम यहां केवल पांच हैं लेकिन हमारी संख्या कई लाख है और हम भारत के वास्तविक मालिक हैं'। 19 दिसम्बर 1946 को लक्ष्य संबंधी प्रस्तावों पर भारत के आदिवासियों की ओर से बोलते हुए जयपालसिंह ने कहा कि 'मुझे गर्व है कि मैं एक जंगली हूँ यही नाम है जिससे कि हम अपने देश में पुकारे जाते हैं। यदि भारत वर्ष में कोई समूह है जिसके साथ घटिया व्यवहार किया गया है तो वह आदिवासी समूह है। गत 6000 वर्षों से उनकी उपेक्षा की गई है और उनके साथ अनादरपूर्वक व्यवहार किया गया है'। जयपालसिंह ने महिलाओं के अधिकारों की वकालत करते हुए कहा कि 'विधान परिषद में बहुत से पुरूष हैं, परन्तु हम चाहते हैं कि विधान परिषद में नारी बल की समानता हो।' -श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित के सदृश स्त्रियाँ जिसने कि इस जाति विशिष्टता का संहार कर अमेरिका में विजय पा ही ली।

जयपालसिंह ने आदिवासियों की अनेक समस्याओं का न्यायोचित हल की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि ''प्रांतो की सीमाओं का साहसपूर्वक पुनरांकन करने से यह समाधान संभव है। जयपालसिंह नें ब्रिटिश पश्चिम अफ्रीका से वापस लौटने के बाद आदिवासियों को जानने के लिए आदिवासियों के बीच आदिवासी क्षेत्रों में 1,14,000 मील का सफर किया था। जयपालसिंह ने कहा कि भूमि आदिवासी जीवन का आधार है।



**डॉ. दुलीचंद मीना**

राष्ट्रीय पताका संबंधी प्रस्ताव पर बोलते हुए जयपालसिंह ने कहा कि आदिवासी झंडा फहराने में और अपने झंडे के लिए युद्ध करने में सर्वप्रथम है। यह राष्ट्रीय झंडा आदिवासियों को एक नया संदेश देगा कि स्वतंत्रता के लिए उनका 6 हजार वर्षों का युद्ध अन्त में समाप्त हो गया है और वे अब इस देश में उतने ही स्वतंत्र है जैसे कि अन्य व्यक्ति। अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए जयपालसिंह ने कहा कि ''1935 के एक्ट के अनुसार भारत की सारी प्रांतीय धारा सभाओं के 1585 सदस्यों में से आदिवासियों के केवल 24 सदस्य ही थे, जबकि केन्द्र में एक भी नहीं था। वयस्क मताधिकार से निश्चित रूप से बड़ा फर्क पड़ेगा। उन्होने देशी रियासतों को भी आदिवासियों को प्रतिनिधित्व देने का सुझाव दिया।

जयपालसिंह ने अनुच्छेद 13(1) ख अर्थात शांतिपूर्ण आयुध सम्मेलन के प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि आदिवासी लोग धनुषबाण, लाठी, कुल्हाडी, बेला धारण करते हैं लेकिन इन सबका उद्देश्य अशांति स्थापित करना नही होता हैं। अत: इनको आयुध नहीं माना जावे। 2 दिसम्बर 1948 को संविधान सभा में डॉ.अम्बेडकर संशोधन संख्या 491 के माध्यम से 'आदिवासी' शब्द के स्थान पर 'अनुसूचित' शब्द रखना चाहते थे। इस पर जयपालसिंह ने डॉ.अम्बेडकर से सवाल किया जिसका डॉ.अम्बेडकर ने सभा में विस्तृत जवाब दिया। अनु. 23 अर्थात भाषा, लिपि एवं संस्कृति के प्रस्ताव पर जयपालसिंह ने कहा कि ''जिन भाषाओं की अपनी लिपि नहीं हैं उनके भी संरक्षण की आवश्यकता हैं तथा ऐसी भाषाएँ जो सहस्त्र वर्षों बाद भी सजीव हैं उन्हें उन्नत बनाया जाए तो उनके द्वारा भूतकाल के कई विषयों के संबंध में शिक्षा दी जा सकती है।''

जयपालसिंह ने सन् 1950 में आदिवासी महासभा के जमशेदपुर अधिवेशन में आदिवासी महासभा को 'झारखंड पार्टी' नाम के राजनैतिक दल में परिवर्तित किया। सन 1963 में झारखंड पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया। जयपालसिंह स्वतंत्र भारत के प्रथम आदिवासी थे जो बिहार के उपमुख्यमंत्री बनाए गये। जयपालसिंह 1952 से चार बार लगातार सांसद रहे। इनकी मृत्यु दिनांक 20 मार्च 1970 को हुई। इन्होंने आजीवन आदिवासी हितों के लिए संघर्ष किया और उनकी मृत्यु के लगभग 30 वर्ष बाद 15 नवम्बर, 2000 को पृथक झारखंड राज्य की स्थापना होने से उनका संघर्ष पूर्ण हुआ।

इस प्रकार जयपालसिंह सेन्ट जोन्स कॉलेज, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, लंदन के आसाधारण छात्रों में से एक थे जो भौगोलिक एवं सांस्कृतिक रूप से, शारीरिक और बौद्धिक रूप से एक असाधारण छात्र, एक शिक्षक और औपनिवेशिक प्रशासक, एक उत्कृष्ट खिलाडी, एक दृढ निश्चयी राजनेता, स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, ओजस्वी वक्ता तथा भारत के आदिवासी एवं स्वदेशी लोगों की मुखर आवाज थे जिन्होंने आदिवासी हितों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

**–डॉ.दुलीचंद मीना,**
**आर. ए. एस.**

# चायनीज़ मांझे से बॉर्न आउल ( उल्लू ) घायल

**■ डब्लूसीओ ने रेस्क्यू कर उपचार कराया**

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे में चाइनीज मांझे से घायल होने वाले पक्षियों की सूची में विलुप्त होती दुर्लभ प्रजाति के बॉर्न आउल(उल्लू) का नाम भी जुड़ गया है।


डब्लूसीओ के संस्थापक ओमप्रकाश सैन ने बताया कि ढीण्ढा निवासी मनोज कुमावत ने बॉर्न आउल के घायल होने की सूचना पशु-पक्षी व पर्यावरण संरक्षण में कार्यरत संस्था वाइल्डलाइफ क्रिएचर ऑर्गेनाइजेशन को दी। जिस पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची और संस्थापक पीन्टी ने टीम के सदस्य रोशन कुमावत के साथ बॉर्न आउल का रेस्क्यू कर निरिक्षण किया तो पाया कि उसके बांए पंख कि मुख्य हड्डी टूट चुकी थी और बाएं पैर में भी चोट लगी हुई थी। जिससे उसका पैर पूर्ण रूप से सक्रिय नहीं था। इसके बाद आउल को फुलेरा के राजकीय पशु चिकित्सालय लेकर आये जहां पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राज सिंह शेखावत ने उसका प्राथमिक उपचार किया।

उपचार के बाद उसे पीपली का बास स्थित नर्सरी में वन अधिकारी (नाका इन्चार्ज) श्याम शर्मा के सुपुर्द कर दिया। वहीं पीन्टी ने बताया कि उक्त उल्लू विलुप्त होती हुई दुर्लभ प्रजाति का है। इसे खलिहान उल्लू के नाम से भी जाना जाता है तथा चूहे, छिपकली, छोटे सांप, छोटे पक्षी एवं मृत जानवर इसकी भोजन श्रृंखला में आते हैं।



घायल उल्लू का प्राथमिक उपचार करते डॉ. राज सिंह शेखावत।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 3 जनवरी, 2023**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, द्वादशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, कृत्तिका नक्षत्र रात्रि 10:02 तक, शुभ योग बुधवार प्रात: 7:06 तक, बव करण प्रात: 9:13 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृष, बुध-धनु, गुरू-मीन, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और त्रिपुष्कर योग सूर्योदय से सांय 4:26 तक है। महापात योग दिन 12:20 से सांय 7:45 तक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:56 से 11:13 तक, लाभ-अमृत 11:13 से 1:48 तक, शुभ 3:06 से 4:24 तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:41

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति ठीक रहेगी। अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज कार्य योजनानुसार सम्पन्न बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। घर-परिवार के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

# ब्रेन डैड कजोड़मल चार लोगों को दे गया नया जीवन

## दोनो किडनी एसएमएस में और लीवर महात्मा गांधी अस्पताल में प्रत्यारोपित किया गया

- हार्ट को ग्रीनकोरिडोर बनाकर गुडगांव के मेदांता अस्पताल भेजा गया।
- राज्य में अब तक ब्रेन डेड के अंगदान का आंकड़ा 50 पर पहुंचा।

**जयपुर,(कासं)।** सड़क हादसे में गंभीर घायल होने के बाद ब्रेन डेड हुआ सीकर का कजोड़मल अपने अंग दान कर चार लोगों को नया जीवन दे गया। इसके साथ ही राज्य में अब तक ब्रेन डेड के अंगदान का आंकड़ा 50 पर पहुंच गया।

स्टेट ऑर्गन एंड ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (सोटो) के पदाधिकारियों ने बताया कि सीकर के खंडेला निवासी 46 वर्षीय कजोड़मल गत 26 दिसम्बर को पाली में अपनी बहन के मिलकर वापस आ रहा था। इस दौरान रास्ते में उसकी बाइक को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल रैफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान 30 दिसम्बर को उसे बचाना सम्भव नही हो पाया। इसके बाद चिकित्सकों ने उसे ब्रेन डेथ घोषित कर दिया। सोटो पदाधिकारियों की समझाइश पर परिजन उसके अंगदान के लिए राजी हो गए। जिसमे प्रमुख भूमिका उनकी पत्नी की रही। परिजनों की सहमति के बाद मृतक कजोड़मल के अंगों के ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया शुरू हुई।

इसके बाद कजोड़मल के चार अंगों दो किडनियों का आवंटन सवाई मानसिंह अस्पताल में, लीवर को महात्मा गांधी अस्पताल में तथा हार्ट को मेदांता गुड़गांव में भेजकर अन्य मरीजों को ट्रांसप्लांट किया गए।

जयपुर में कोई भी मरीज हार्ट ट्रांसप्लांट का नहीं मिलने के बाद हार्ट को गुड़गांव स्थित मेदांता हॉस्पिटल भिजवाया गया, जहां एक मरीज को इसे लगाया गया। हालांकि सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में ही 30 लोग हार्ट के लिए वेटिंग में चल रहे है, लेकिन इनमें से किसी भी मरीज की स्थिति ऐसी नहीं थी, जिससे उन्हें हार्ट ट्रांसप्लांट किया जा सके। इसके चलते हार्ट को गुडगांव भिजवाया गया।

इधर डीसीपी ट्रेफिक प्रहलाद सिंह कृष्णियां के निर्देशन में यातायात पुलिस ने एसएमएस अस्पताल से जेएलएन मार्ग होते हुए ग्रीनकोरिडोर बनाकर ऑर्गन को महात्मा गांधी अस्पताल और एयरपोर्ट पहुंचाया। डीसीपी ने बताया कि एसएमएस अस्पताल से एयरपोर्ट तक 9 किलोमीटर का सफर मात्र 6 मिनिट में तय कर हार्ट को पहुंचाया गया। वहीं 16 मिनिट में 18 किलोमीटर की दूरी तय कर लीवर को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों कोरिडोर में पुलिस निरीक्षक भीकाराम, विजय सिंह, इंटरसेप्टर वाहन नम्बर-4 प्रभारी उपनिरीक्षक हरीसिंह ने एम्बुलेंस को एस्कोर्ट किया। ग्रीन कोरिडोर बनाने में ट्रेफिक कंट्रोल रूम के ऑपरेटर हैड कांस्टेबल सुल्तान सिंह व कांस्टेबल प्रमोद कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## संविधान उद्यान का लोकार्पण आज

**जयपुर, (का.सं.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु राजभवन में नवनिर्मित संविधान उद्यान एवं इससे जुड़े सौंदर्यीकरण कार्यों का 3 जनवरी मंगलवार को लोकार्पण करेंगी। राष्ट्रपति मुर्मु राजभवन में कथौड़ी एवं सहरिया आदिवासी समूहों के साथ संवाद भी करेंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार प्रात: 11.20 बजे यहां स्थापित मयूर स्तम्भ, फ्लैग पोस्ट, गांधी प्रतिमा एवं महाराणा प्रताप की अपने घोड़े चेतक के साथ विश्रान्ति मुद्रा में स्थापित प्रतिमा का अवलोकन करेंगी। इसके पश्चात वे संविधान पार्क का लोकार्पण एवं अवलोकन करेंगी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शिरकत करेंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र की अभिनव पहल पर राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां आमजन में संवैधानिक जागरुकता लाने के लिए राजभवन में संविधान उद्यान स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल कलराज मिश्र, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने 26 जनवरी, 2022 को राजभवन में संविधान उद्यान का शिलान्यास किया था।

## धूमधाम से निकली भगवान कृष्ण-बलराम की शोभायात्रा



**जयपुर (कासं)।** नववर्ष के दूसरे दिन भगवान श्री कृष्ण बलराम शोभायात्रा के रूप में नगर भ्रमण पर निकले। चौड़ा रास्ता पर स्थित राधा दामोदर मंदिर से गाजे बाजे और ऊंट, घोड़े के लवाजमे के साथ रवाना हुई शोभायात्रा में भक्त सजे-धजे रथ को अपने हाथों से धकेल रहे थे। शोभायात्रा का शुभारंभ झांकी के आगे नारियल फोड़कर और भगवान की पूजा के साथ हुआ। इसके बाद रस्सियों से झांकी को खींचकर शोभायात्रा शुरू की गई। शोभायात्रा में अनेक कीर्तन समूह करतल एवं मृदंगा के साथ हरिनाम संकीर्तन का करते चल रहे थे। रथ में श्री कृष्ण बलराम जी एवं गौर निताई विराजमान थे। हरे कृष्ण मूवमेंट के संस्थापकाचार्य श्रील प्रभुपाद का विग्रह भी विराजमान रहा। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने भगवान को पुष्प अर्पित किए। बड़ी संख्या में देसी-विदेशी श्रद्धालु शोभायात्रा में हरिनाम संकीर्तन करते चल रहे थे।



**राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में लोकायुक्त प्रताप कृष्ण लोहरा ने मुलाकात की। लोकायुक्त लोहरा ने राज्यपाल को वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा। उन्होंने राज्यपाल को लोकायुक्त संस्था की गतिविधियों, परिवादों के त्वरित निस्तारण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।**

## 'जी-20 की बैठकों को पूरा सहयोग'

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से केन्द्रीय श्रम एंव रोजगार सचिव आरती आहूजा ने सोमवार शाम मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की।

केन्द्रीय सचिव ने मुख्यमंत्री से प्रदेश के जोधपुर में 2 से 4 फरवरी तक आयोजित होने जा रही जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में राज्य सरकार के सहयोग के संबंध में चर्चा की। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में आयोजित होने वाली जी-20 की सभी बैठकों के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा। उदयपुर में जी-20 की शेरपा बैठक के आयोजन की विश्व भर में सराहना हुई है। उन्होंने अधिकारियों को जी-20 रोजगार कार्य समूह की बैठक के दौरान उत्कृष्ट प्रबंधन के निर्देश दिए।



**आरएएस एसोसिएशन के संरक्षक एवं आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ( बायें से दूसरे ) ने सोमवार को मुख्य सचिव उषा शर्मा ( बायें ) को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने भी आवासन आयुक्त को सलेक्शन स्केल से सुपर टाइम स्केल में पदोन्नति पर तथा नववर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर आईएएस एसोसिएशन के सचिव समित शर्मा ( दायें ), आईएएस उर्मिला राजोरिया ( दायें से तीसरी ), यज्ञ मित्र सिंह देव ( दायें से चौथे ) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।**

## मिस राजस्थान के रजिस्ट्रेशन शुरू

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान के सबसे बडे व प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान-2023 के रजिस्ट्रेशन की शुरुआत 1 जनवरी से की गई है। नये साल के पहले दिन बॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री तनिषा मुखर्जी व फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर और मिस राजस्थान के चीफ पेट्रॉन राज बंसल, मिस राजस्थान-2017 व मिस ग्रैंड इंडिया सिमरन शर्मा, मिस इंटरकॉन्टिनेंटल-2021 मिताली कौर ने मिस राजस्थान के रजिस्ट्रेशन का पोस्टर जारी कर रजिस्ट्रेशन की विधिवत घोषणा की।

आयोजक योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने बताया कि यह हमारे लिये गर्व का विषय है कि इस साल मिस राजस्थान ऑर्गेनाइजेशन अपना 25वां एडिशन मनाने जा रहा है। जिसमें 7 महीने राजस्थान के अलग-अलग शहरों में फैशन व ग्रूमिंग के अलग-अलग भव्य आयोजन किये जायेंगे। मिस राजस्थान में रजिस्ट्रेशन करने के लिये मिस राजस्थान डॉट ओआरजी पर एप्लाई किया जा सकेगा।

मिस राजस्थान के चीफ पेट्रॉन राज बंसल ने बताया कि राजस्थान में मिस राजस्थान के ग्रूमिंग, ट्रेनिंग के चलते राजस्थान की गर्ल्स नेशनल व इंटरनेशनल लेवल पर राजस्थान का नाम रौशन कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढाते हुये इस साल मिस राजस्थान का आयोजन वुमन इन पावर मेंट थीम पर किया जायेगा। जिसमें गर्ल्स को लाइफ चेंजिंग मूवमेंट भी दिये जायेंगे। मिस राजस्थान में इस साल देश की नामचीन हस्तियां गर्ल्स को ट्रेंड करती हुई नजर आयेगी।

## महारानी कॉलेज प्रिंसिपल को कमरे में बंद किया

**जयपुर।** महारानी कॉलेज में सोमवार को अशैक्षिणक कर्मचारियों ने भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में प्रिंसिपल के खिलाफ प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने मई-जून में कॉलेज में आयोजित प्रैक्टिकल कैंप में ड्यूटी की थी, लेकिन छह महीने से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी उनका भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने कहा भुगतान के लिए कॉलेज प्रिंसिपल को कई बार अवगत करवा चुके हैं, लेकिन उनकी धीमी कार्यशैली के कारण भुगतान में देरी हो रही है। भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारी प्रिंसिपल को ऑफिस को बंद करके बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की।

# महिला आयोग अध्यक्ष के दखल के बाद छात्राओं को दिया प्रवेश

## राजस्थान विश्वविद्यालय का मामला

- आठ दिन से छात्राएं कुलपति निवास के बाहर दे रही थी धरना
- महिला आयोग ने कुलपति और वार्डन को तलब किया

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में कुलपति निवास के बाहर आठ दिन से जारी छात्राओं का धरना सोमवार को महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती के दखल के बाद समाप्त हो गया।

महिला आयोग अध्यक्ष खुद राजस्थान विश्वविद्यालय पहुंची और उन्होंने कुलपति प्रो. राजीव जैन और वार्डन को तलब करते हुए 16 जनवरी को महिला आयोग कार्यालय में बुलाया है। आयोग की अध्यक्ष ने कुलपति सचिवालय पहुंचकर छात्राओं की मांगें सुनी। इसके बाद उन्होंने कुलपति को बाहर बुलाया, लेकिन वे बाहर नहीं आए और उन्होंने महिला आयोग अध्यक्ष को ही कुलपति सचिवालय में बुलाया। इस पर महिला आयोग अध्यक्ष ने अंदर जाने से साफ मना कर दिया। बाद कुलपति करीब 20 मिनट बाद बाहर आए। महिला आयोग अध्यक्ष ने कुलपति को सख्त हिदायत देते हुए छात्राओं को हॉस्टल में प्रवेश देने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कुलपति और वार्डन को तलब करते आयोग कार्यालय आने के निर्देश दिए। इस दौरान कुलपति ने कहा यह शिक्षा का मंदिर और वे हमेशा छात्रों से मिलते है। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने शाम को तीनों छात्राओं को महिला छात्रावास में अस्थाई प्रवेश दिए जाने का आदेश निकाला।

महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रियाज चिश्ती का कहना है कि सुनवाई के दौरान छात्राओं के धरने पर बैठे होने की जानकारी मिली। इसके बाद सुनवाई बीच में छोड़कर विश्वविद्यालय पहुंचकर उनकी समस्यां को सुना। कुलपति और वार्डन को तलब करते हुए छात्राओं को हॉस्टल में प्रवेश देने के निर्देश दिए है।

## अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2022 में अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में जारी नहीं करने पर चिकित्सा सचिव सहित अन्य से जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने अभ्यर्थियों के अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश गोरधन सिंह व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि विभाग ने गत 16 नवंबर को नर्सिंग ऑफिसर के दो हजार से अधिक पदों पर भर्ती निकाली है। जिसमें अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर एक साल के दस अंक की गणना करते हुए तीस अंक देने का प्रावधान किया गया है। याचिकाकर्ताओं ने कोविड सहायक और यूटीबी आधार पर नर्स ग्रेड द्वितीय के पद पर काम किया है। जिसकी पूरी अवधि मिलाने पर यह एक साल से अधिक का अनुभव हो जाता है। वहीं विभाग अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं कर रहा है। इसके अलावा यदि अनुभव प्रमाण पत्र जारी भी किया जाता है तो वह निर्धारित प्रपत्र में जारी नहीं किया जाता। इसके चलते विभाग अनुभव प्रमाण पत्र को स्वीकार नहीं करता। इसलिए विभाग को निर्देश दिए जाएं कि वह निर्धारित प्रपत्र में अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण जारी करे। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिए हैं।

## ब्याज व शास्ति में छूट

**जयपुर।** राज्य सरकार ने शहरी एवं ग्रामीण जल प्रदाय योजनाओं के उपभोक्ताओं के 31 मार्च 2022 तक के बकाया जल प्रभार शुल्क की बकाया राशि 31 मार्च तक जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति में छूट प्रदान की है।

# केन्द्रीय नेतृत्व की उम्मीदों पर राजस्थान में खरा उतर रहा भाजपा का नया नेतृत्व

- प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह और सतीश पूनिया प्रदेश टीम से लेकर सभी जिलों में नया नेतृत्व तैयार करने और अवसर देने पर जोर दे रहे
- अन्य दलों व अन्य धाराओं से भाजपा में शामिल होने वाले इच्छुक लोगों को जोड़ने की गंभीरता से चर्चा



**मेवाड़-वागड़ में भाजपा जनाक्रोश यात्रा एवं सभाओं की सफलता से उत्साहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने प्रदेश कार्यालय में लगभग छह घंटे संभाग प्रभारियों के साथ मैराथन बैठक की।**

**जयपुर।** भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार राजस्थान में भाजपा की जन आक्रोश सभायें चल रही हैं, जो 10 जनवरी तक सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में होंगी, जिसमें राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार आमजन जुड़ता जा रहा है और जनसैलाब उमड़ रहा है।

सियासी जानकारी प्रदेश भाजपा के इस नए नेतृत्व को नयी भाजपा की संज्ञा इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि केंद्रीय नेतृत्व ने संघ पृष्ठभूमि के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपकर संगठन की मजबूती को लेकर जो विश्वास किया है, उस विश्वास और उम्मीदों पर लगातार खरा उतर रहे हैं, जिसमें पंचायतीराज से लेकर तमाम चुनावों में शहरों के साथ-साथ अब गांवों में भी भाजपा की मजबूत पकड़ होने लगी है, जिसमें 33 जिला प्रमुखों में से भाजपा के 19 जिला प्रमुख बने और सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी 13 जिला प्रमुख बना पाई, इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि शहरों में मजबूत पकड़ रखने वाली भाजपा अब राजस्थान के गांवों में भी मजबूत पकड़ बना चुकी है।

डॉ. सतीश पूनियां तूफानी दौरे कर जनाक्रोश सभाओं के माध्यम से प्रदेश की सियासी नब्ज टोटल रहे हैं। हल्दीघाटी (मेवाड़) के प्रवास से लौटते ही सतीश पूनिया ने लगभग 6 घंटे की भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग प्रभारियों के साथ मैराथन बैठक की।

सतीश पूनिया, प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, सह-प्रभारी विजया राहटकर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी और प्रदेश की टीम में प्रदेश महामंत्री दीयाकुमारी, सुशील कटारा, मदन दिलावर, प्रदेश उपाध्यक्ष सीपी जोशी इत्यादि सहित तमाम सांसद, विधायक एवं जनप्रतिनिधि जन आक्रोश सभाओं में जुटे हुये हैं।

मेवाड़-वागड़ में भाजपा जनाक्रोश यात्रा एवं सभाओं की सफलता से उत्साहित सतीश पूनियां और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने लगभग छह घंटे प्रदेश पदाधिकारियों के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक की। और अब 5 और 6 जनवरी से सतीश पूनियां फिर वागड़ का रूख करेंगे, जहां जनाक्रोश सभाओं से लेकर विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

सियासी जानकारों के अनुसार सतीश पूनिया के नेतृत्व में भाजपा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ हर राजनीतिक चुनौती का जवाब संगठन की ताक़त से देने की जमीनी तैयारी में जुटी है, जिसमें गुजरात मॉडल की तरह बूथ और पन्ना का जमीनी कार्य तैयार हो चुका है, जिसके बारे में केन्द्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व की पीठ थपथपा चुका है।

प्रदेश में बूथों तक पहुँचे संगठन को धरातल पर और ज़्यादा मज़बूत करने की भाजपा की कवायद चल रही है, जिसमें मोर्चों, प्रकोष्ठों को और ज्यादा मुखर बनाए जाने की रणनीति पर विशेष कार्य हो रहा है। प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह और सतीश पूनिया के द्वारा प्रदेश टीम से लेकर सभी जिलों में नया नेतृत्व तैयार करने और उनको अवसर देने पर जोर दिया जा रहा है।

जनवरी में होने वाले विधानसभा सत्र में कांग्रेस सरकार को जनहित के मुद्दों पर घेरने को लेकर सदन एवं सदन के बाहर विरोध की तीव्रता बढ़ाने पर भी संगठनात्मक धरातल तैयार हो चुका है।

सतीश पूनिया और चंद्रशेखर ने संभाग प्रभारियों की बैठक में जनाक्रोश यात्रा एवं जन आक्रोश सभाओं की सफलता और कार्यक्रमों की समीक्षा की और आगामी दिनों में कांग्रेस सरकार के खिलाफ किसान कर्जमाफी, महिला सुरक्षा, पेपर लीक, गैंगस्टर और माफियाओं का बढ़ता आतंक इत्यादि प्रदेश के जनहित के मुद्दों को राज्य सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा की गई।

भाजपा का कहना है कि, 16 दिसंबर से चल रही जन आक्रोश सभाएं प्रदेश के 128 विधानसभा क्षेत्रों में पूरी हो चुकी, जो 10 जनवरी तक सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में होंगी।

इससे पहले प्रथम चरण में प्रदेश में 1 दिसंबर से 14 दिसंबर तक चली जनाक्रोश यात्राओं में चौपाल और नुक्कड़ सभाएं 62111 हुई, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग सवा दो करोड लोगों से संपर्क हुआ, 92 लाख आठ हजार से अधिक आरोप पत्र वितरित किए गए, 14 लाख 51 हजार जन समस्याएं एकत्रित हुई, पूरे प्रदेश में कुल रथयात्रा 1 लाख 15 हजार किलोमीटर चली वहीं कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ मिस्ड कॉल और जनसंपर्क अभियान जारी रहेगा।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

क्रमांक:SPL/01/2023 **आम सूचना** दिनांक: 02.01.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लूनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की आवासीय योजना अमन एन्क्लेव स्थित ग्राम सुखिया रामपुरा रोड सांगानेर जयपुर में भूखण्ड संख्या 53 कुल एरिया 200.00 वर्गगज का आवंटन पत्र समिति द्वारा नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री देवीराम एवं भूखण्ड संख्या 54 क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज का आवंटन पत्र श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री देवी राम के नाम से जारी किया गया था। लेकिन उक्त व्यक्ति द्वारा पट्टा गुम होना बताया गया। इस संबन्ध में उक्त सदस्य द्वारा गुम होने की सूचना पुलिस थाना महेश नगर जयुपर शहर दक्षिण में दिनांक 29.12.2014 रजि. क्रमांक 68 में दर्ज कराई गई है। इस संबन्ध में उक्त सदस्य ने समिति में डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कराने के लिए आवेदन किया है इस संबन्ध में किसी व्यक्ति या संस्था बैंक या अन्य किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में समिति कार्यालय में सम्पर्क करे। अन्यथा उक्त सदस्य के नाम से डुप्लीकेट पट्टे जारी कर दिये जायेंगे। इसमें आम सूचना की अवधि निकलने के बाद समिति की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं रहेगी सुचित रहें। अध्यक्ष

लूनियावास गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रदूत समाचार पत्र दिनांक 20.09.2022 में अबरार अहमद पुत्र मन्जूर अहमद द्वारा प्रकाशित आम सूचना गलत है। इकरारनामा दिनांकित 25.01.2021 अब्दूल गफ्फार एवं अब्दूल रजाक पुत्रान करीम बक्श ने अपने हिस्से की सीमा तक 19.12.2022 के नोटिस द्वारा रद्द कर दिया था। इसकी आम सूचना दिनांक 24.12.2022 के राष्ट्रदूत अखबार में प्रकाशित करवा दी थी। दिनांक 28.12.2022 के नोटिस से भी सूचित कर दिया था। आम सूचना 20.09.2022 की जानकारी दिनांक 27.12.2022 के जवाब नोटिस से हुई है। आम सूचना 20.09.2022 से अब्दूल गफ्फार एवं अब्दूल रजाक पाबन्द नहीं है। अन्य को सम्पत्ति विक्रय कर, कब्जा देने के लिए स्वतन्त्र है।
जयपुर (फैजान हुसैन) एडवोकेट
दिनांक 02.01.2023 मो.-8824515124

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 129/2022
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमति उमा हाडा, उमा हाडा पत्नी श्री राजवीर सिंह निवासी मकान नं. 20, फ्लैट-एफ 2 धनश्री अपार्टमेन्ट, जगदीश पुरी हीरापुरा, एच.आई.ए. विद्यालय के पास 200 फिट बाईपास रोड, अजमेर रोड, जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत "दाता फाउन्डेशन" मकान नं. 20, फ्लैट-एफ 2 धनश्री अपार्टमैन्ट, जगदीश पुरी हीरापुरा एच.आई.ए. विद्यालय के पास 200 फीट बाईपास रोड, अजमेर रोड, जयपुर 302021 ने राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइंदा तारीख पेशी 6.2.2023
मोहर अदालत
रतन लाल योगी (आर.ए.एस)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**सूचना** मैं शंकर चौधरी पुत्र श्री राधा किशन चौधरी जाति जाट निवासी जाटों का मोहल्ला, चरण छतरी देवकीनंदनपुरा, बाड़ापदमपुरा जयपुर व शंकर लाल जाट पुत्र श्री राधा किशन जाट दोनों नाम का एक ही व्यक्ति हूं। इसमें किसी प्रकार की कोई आपत्ति करता हैं तो इसकी जिम्मेदारी मेरी स्वंय की होगी।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Varsa Khalsa से बदलकर Varsha Kaur पत्नी त्रिलोचन सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता-3-MA-570, इंदिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर।

मैंने अपना नाम ब्रजेश कुमार से बदलकर ब्रजेश कुमार शर्मा S/o राधेश्याम रख लिया है। भविष्य मैं मुझे ब्रजेश कुमार शर्मा के नाम से जाना जावे पताः- एफ 116 वैशाली नगर, जयपुर।

मैं रणजीत सिंह पुत्र श्री बाल सिंह बयान करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम बंदना कँवर के स्थान पर कल्पिता कँवर रख लिया हैं। भविष्य में मेरी पुत्री को कल्पिता कँवर के नाम से जाना जावें। निवास-ग्राम-आवंडिया, तहसील फागी, जयपुर।

I have changed my name from Ismail Tak to Ismile Tak for all purpose R/o-33/101, Neelam Path, Varun Path, Mansarovar, Jaipur.

I Lali Devi W/o No-6497193L SEP/ASH Ram Kumar Yadav Village-Keshiyala, Poat-Sheosingpura, Jaipur 302012, (Raj). Have changed my name from Lali Devi to Lali Yadav. Vide-Affidavit No-IN-37593000575663V Dt-02/01/2023 MG Road Bangalore.

**खोया पाया**

सूचना के बारे में सूचित किया जाता है कि मेरी मूल कंपनी सी-फोरम और एफ-फोरम एफ4-वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए पैसिफिक इंडिया, जयपुर इंडिया की फर्म के नाम से वास्तव में सी-39, हनुमान नगर, वैशाली में 26 अगस्त में कहीं खो गई है। डीडीआर संख्या 171 दिनांक 07-09-2022 पुलिस स्टेशन, वैशाली नगर, जयपुर। अगर किसी को मिले तो कृपया संपर्क करें: शक्ति सिदाना पुत्र श्री राम चंद्र सिदाना निवासी सी-39, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर, मो: 09816396519

**खोया पाया**

मेरे मकान नम्बर 05, अम्बेडकर कॉलोनी, दुर्गापुरा, टोंक रोड़, जयपुर का Allotment Letter, Site Plan, रसीदें कही खो गये है। कृपया मिलने पर सूचित करे। मो. 9001091692 राम नारायण मौर्य

मेरा प्लाट नम्बर 308 पिण्डोलाई माचवा जयपुर का सोसायटी पट्टा, साईट प्लाट एवं अन्य दस्तावेज बांदीकुई में कही गिर गये है। मिलने पर सूचित करे। मो. 9829223587

हमारे प्लॉट 2-म्यूजियम मार्ग रामनिवास बाग के पास, जयपुर का मूल विक्रय पत्र दिनांक 22.09.1951 मय नक्शा गुम हो गया है। किसी को मिले तो सूचित करे। अजीत कुमार भण्डारी मो.9829068717

मेरे प्लॉट 4-म्यूजियम मार्ग, मोतीडूंगरी रोड के पास, जयपुर का मूल विक्रय पत्र संख्या 237 दिनांक 09.04.1958 मय नक्शा गुम हो गया है। किसी को मिले तो सूचित करे। सत्यनारायण गुप्ता मो.9351382182

मेरे प्लॉट न. ए 238 मंगलम ग्रांट सिटी ए ब्लॉक विस्तार अजमेर रोड जयपुर के रजिस्टर्ड मूल दस्तावेज जेडीए पट्टा मय साइट प्लान जेडीए परिसर से प्रेम नगर प्रथम के मध्य खो गए मिलने पर सूचित करे। सुनील कुमार जांगिड़ मो. 9414320925

मेरी दुकान नम्बर एस-4, रोड नं. 17, विश्वकर्मा जयपुर के मूल दस्तावेज कही खो गये है, मिलने पर सूचित करें- श्री सीताराम सैनी, 9828411928

# नए सीमेंट प्लांट के लिए किसानों की बिजली काटी और खड़ी फसलों पर चलाई जेसीबी

## गोठड़ा में लग रहे श्री सीमेंट प्लांट के लिए प्रशासन ने किसानों के विरोध के बीच कंपनी को भूमि का कब्जा दिलवाया

**खिरोड़,** (निसं)। नवलगढ़ प्रशासन द्वारा हाल ही में तीन रोज पूर्व गोठड़ा में लग रहे श्री सीमेंट प्लांट के लिए सीमेंट कंपनी को भूमि का कब्जा दिलवाने के लिए जबरन किसानों के खेत में घुसकर जेसीबी से फसल नष्ट करने एवं बिजली कनेक्शन काट दिए जाने को लेकर देवगांव की महिला किसान तुलसी देवी 3 दिन से चारपाई पर ही बीमारी अवस्था में पड़ी है एवं बार-बार बेहोश हो रही है।

इस संबंध में तुलसी देवी के परिवार के सदस्यों ने बताया कि जब से नवलगढ़ प्रशासन हमारे खेत में घुसकर जेसीबी से फसल नष्ट करवा दी और बिजली कनेक्शन काट दिए गए। तब से तुलसी देवी बीमारी अवस्था में पड़ी है और बार-बार बेहोश हो रही है। तुलसी जब भी बेहोशी की हालत से सुध में आती है तो सिर्फ एक ही बात बोल रही है कि अब मेरा परिवार का क्या होगा। इधर, किसान रामचंद्र एवं जगदीश सहित कई किसानों ने बताया कि प्रशासन द्वारा सीमेंट कंपनी को जबरन किसान से भूमि का कब्जा दिलवाया जा रहा है। जबकि किसानों की अपनी भूमि नहीं बेचने की मंशा बनी हुई है।



बीमार अवस्था में चारपाई पर लेटी पीड़ित किसान तुलसी देवी।

किसानों के खेत में घुसकर कुएं का कनेक्शन एवं घरेलू बिजली कनेक्शन भी काट दिया गया। जिससे किसानों के घरों में पढ़ने वाले बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने को लेकर भारी परेशानी हो रही है। इधर, प्रशासन का कहना है कि इन किसानों की जमीन सीमेंट कंपनी के नाम हो चुकी है और किसानों को जमीन के मूल्य के पेमेंट का चेक बना कर दिया जा रहा था। मगर उन्होंने अभी तक नहीं लिया है। जमीन कंपनी के नाम होने पर प्रशासन द्वारा किसानों से जमीन कंपनी को दिलवाई जा रही है। किसान परिवार के सदस्यों ने बताया कि हमारे यहां बोर्ड परीक्षा देने वाले बच्चे 3 दिन से एक्स्ट्रा क्लास में भी नहीं जा पा रहे हैं। क्षेत्र के पीड़ित किसानों ने बताया कि अगर प्रशासन शीघ्र से हमारे खेतों में आकर बिजली कनेक्शन वापस नहीं किया तो हम सभी के साथ मिलकर मुख्यमंत्री के पास जाएंगे और अगर हमारी बात नहीं मानी तो धरना प्रदर्शन भी करेंगे।

- **इस घटना से सदमे में आई देवगांव की महिला किसान तुलसी देवी तीन दिन से चारपाई पर बीमारी पड़ी है**

# थानाधिकारी ने अधिवक्ता को थप्पड़ मारकर थाने से बाहर निकाला

## जिला अभिभाषक संघ ने एसपी दिगंत आनंद के ऑफिस के बाहर किया विरोध प्रदर्शन



मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

**चूरू,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर स्थित महिला पुलिस थाना में थानाधिकारी सुखराम चाटिया ने वर्दी की गरिमा को तार-तार करते हुए महिलाओं के सामने अभ्रद गालियां निकाली और एक अधिवक्ता को थप्पड़ मारकर बाहर निकाल दिया। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया बताया। इस घटना के विरोध में जिला अभिभाषक संघ चूरू की ओर से पुलिस अधीक्षक चूरू के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही आरोपी थानाधिकारी सुखराम चोटिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की मांग की गई।

यहां नागौर जिले के डीडवाना से आए एक वकील ने एसपी को लिखित में सौंपी शिकायत में लिखा है कि सुखराम चाटिया द्वारा उसके मुव्वकिलान को पुलिस थाना में तलब किया गया था। इस पर वह उनके साथ महिला पुलिस थाने में थानाधिकारी के ऑफिस में गया। अपना परिचय देकर दर्ज हुए मुकदमे की जानकारी चाही तो थानाधिकारी चोटिया ने अभद्र भाषा का प्रयोग करके उसके द्वारा प्रस्तुत दस्वावेज उसकी तरफ फैंक दिए। साथ ही वर्दी की लज्जा भंग करने वाली गाली दी। इस दौरान वहां तीन महिलाएं भी मौजूद थीं।

- **एसपी के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**
- **थानाधिकारी को सस्पेंड करने तक आंदोलन करेंगे वकील**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार थानाधिकारी सुखराम चोटिया ने थाने में महिलाओं के सामने गालियां निकालने, अधिवक्ता को थप्पड़ मारने, उसे बाहर निकालते समय बिलकुल भी नहीं सोचा कि वर्दी पहनते समय उसने क्या शपथ ली थी। थाने में थानाधिकारी ने अमर्यादित एवं असंवैधानिक व्यवहार करके पूरे पुलिस महकमे को नीचा दिखा दिया।

एसपी ऑफिस के आगे प्रदर्शन करने वालों में जिला अभिभाषक संघ चूरू के अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र सिंह शेखावत, नरेंद्र सैनी, नरेंद्र सिंह राठौड़ बिनासर, हेमसिंह शेखावत, मनोज गहलोत, शौकत खान, राजेंद्र राजपुरोहित, हसन खान, सिकन्दर खान, हनुमान सिंह, सुरेंद्र बुडानिया, मनोज शर्मा, मोहम्मद अली खान, आनन्द प्रजापत, सुनील मेघवाल झारिया, सद्दाम हुसैन, दीपक स्वामी, विकास ओझा, राजकुमार चंदेल, संदीप वर्मा, सरजीवन सिंह, नरेंद्र पूनिया, आरिफ चौहान, नौशाद अली, नत्थूराम, संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में जिला अभिभाषक संघ चूरू के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। प्रदर्शन के बाद एसपी ने थानाधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। वकीलों ने कहा कि सुखराम को सस्पेंड नहीं करने तक आंदोलन करेंगे।

महिलाओं के सामने थाने में एक थानाधिकारी द्वारा अभ्रद भाषा का इस्तेमाल किए जाने के मामले में राजस्थान महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज को संज्ञान लेना चाहिए। दुखद बात यह है कि उन्हीं के गृह शहर के महिला पुलिस थाने में उन्हीं के महिला आयोग अध्यक्ष रहते एक थानाधिकारी महिलाओं के सामने अभ्रद भाषा का इस्तेमाल करके गालियां निकाल रहा है। हालांकि कोतवाली थाना पुलिस ने सुखराम चोटिया के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बजरी लीज धारक के खिलाफ डॉ किरोड़ी ने धरना दिया

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। जिले में बजरी लीज धारक के खिलाफ सोमवार को राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा फिर से आंदोलन की राह पर रहे। करमोदा में सैकड़ों की तादाद में समर्थक डॉक्टर किरोडी लाल मीणा के साथ में शामिल हुए।

इसके पश्चात राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा ने करमोदा से कलेक्ट्रेट की तरफ कुच कर की। सैकड़ों की तादाद में समर्थकों का हुजूम कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हो गया। जिसे देख जिला कलेक्ट्रेट पर पुलिस की ओर से थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था को अंजाम दिया। जहां पर दर्जनों की तादाद में पुलिस के अधिकारी व जवान तैनात रहे। लेकिन जैसे ही डॉक्टर किरोड़ी सैकड़ों समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट के समक्ष पहुंचे वैसे ही डॉक्टर किरोड़ी ने अपना रुख बदल दिया और डॉक्टर किरोड़ी रेलवे स्टेशन की ओर रवाना हो गए। यह देख कर पुलिस सुरक्षा व्यवस्थाएं भी धरी की धरी रह गई। डॉक्टर किरोड़ी लाल मीना सैकड़ों समर्थकों के साथ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया पर आ गए। जहां बीचो-बीच उन्होंने समर्थकों को संबोधित किया और धरने पर बैठ गए। जिला प्रशासन बातचित कर आश्वासन देने के बाद धरना समाप्त किया गया।

# मुख्य सरगनाओं पर इनाम घोषित

**उदयपुर,** (कासं)। पुलिस ने आरपीएससी द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में फरार मुख्य सरगनाओं की सूचना देने वालों को पांच-पांच हजार रूपये इनाम देने की पुलिस विभाग ने घोषणा की है।


जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा ने आरपीएस सी द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण मामले में फरार मुख्य आरोपी भूपेन्द्र सारण व सुरेश ढ ाका की सूचना देने वाले को पांच पांच हजार रूपये इनाम देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि गत दिनों जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर बैकरिया थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान सांचोर की बस को जब्त कर उसमें सवार छात्रों सहित कुल 55 लोगों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से आरपीएससी द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र मिले थे। सभी बस में प्रश्नपत्रों के हल कर रहे थे। इस मामले में मुख्य सरगना भुपेन्द्र सारण व सुरेश ढ ाका अब तक फरार है। जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

- **द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला**

# क्षेत्रीय वन अधिकारी व रेंजर को निलंबित करने का विरोध

**करौली,** (निसं)। वन भूमि में सड़क निर्माण रोकने और अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी व रेंजर को निलंबित करने के विरोध में कार्मिकों ने वन विभाग कार्यालय परिसर में पड़ाव डालकर प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपा और निलंबित अधिकारियों को बहाल करने की मांग की।

गौरतलब है की सपोटरा के क्षेत्रीय सहायक वन अधिकारी को वन भूमि पर सड़क निर्माण कार्य रोकने और करौली रेंज में अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जो उन्हें भारी पड़ गया। करौली उप वन संरक्षक सुरेश मिश्रा ने दोनों अधिकारी, कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया। दोनों की निलंबन से वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों में भारी रोष है। कार्यवाही के विरोध जिले भर के वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी स्वर्ण जयंती वानिकी उद्यान पहुंचे। जहां उप वन संरक्षक सुरेश मिश्रा पर सपोटरा विधायक और ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री रमेश मीणा की राजनीतिक दखलंदाजी के चलते दोनों कर्मचारियों को



करौली उपवन संरक्षक कार्यलय में पड़ाव डालकर बैठे वनकर्मी।

निलंबित करने का आरोप लगाया। जिसके विरोध में वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ करौली के जिलाध्यक्ष सिकंदर सिंह और श्रमिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह राजावत के नेतृत्व में डीएफओ मुर्दाबाद और मंत्री रमेश मीणा मुर्दाबाद के नारे लगाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सिकंदर सिंह ने बताया कि बीते दिनों क्षेत्रीय सहायक वन अधिकारी राजेश मीणा ने सपोटरा क्षेत्र के वन भूमि में गेरई से गोठरा के बीच सड़क निर्माण को बिना अनापत्ति पत्र बनने से रोका। साथ ही संबंधित ठेकेदार को पाबंद किया। दूसरा मामला करौली रेंज में अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही किए जाने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी विक्रम मीणा को निलंबित कर दिया। जिलेभर से आए कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन में चेतावनी दी की जल्द बहाल नहीं करने पर प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

- **वन भूमि में सड़क निर्माण रोकने और अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करने पर किया था निलंबित**

# जमीन विवाद में मारपीट

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर थाना क्षेत्र के ग्राम छिंतौली में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष द्वारा ग्राम अकबरपुर जिला अलवर से कुछ लड़के बुलाए गए तथा दूसरे पक्ष के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। जिस पर एक पक्ष के 10 लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जयपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराने की कोशिश की। पुलिस ने मौके से दोनों पक्षों के 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों पक्षों में घटना को लेकर तनाव बना है। विराटनगर थाना क्षेत्र थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। जिसके चलते दोनों पक्षों के बीच काफी समय से तनाव की स्थिति बनी हुई थी।

# अधिशाषी अधिकारी वर्ग चतुर्थ के 27 पद बढ़ाए

## स्वायत्त शासन विभाग में कुल 145 पदों पर होगी भर्ती

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सोमवार को अधिशाषी अधिकारी वर्ग चतुर्थ के पदों की संख्या का संशोधित वर्गवार वर्गीकरण जारी किया है। अब आयोग द्वारा स्वायत्त शासन विभाग में कुल 145 प्रशासनिक एवं तकनीकी पदों के लिए भर्ती की जाएगी। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि स्वायत्त शासन विभाग द्वारा अधिशाषी अधिकारी वर्ग चतुर्थ के 27 पद बढ़ाए गए हैं।

पूर्व के 63 पदों को मिलाकर अधिशाषी अधिकारी के कुल 90 पदों का संशोधित वर्गवार वर्गीकरण संबंधी शुद्धि-पत्र संख्या 7/2022-23 जारी किया गया है, इसका अवलोकन अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर कर सकते हैं। अटल ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में 24 अगस्त 2022 को सहायक अभियंता (सिविल) के 41 पद, राजस्व अधिकारी ठोड द्वितीय के 14 पद एवं अधिशाषी अधिकारी वर्ग चतुर्थ के 63 कुल 118 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके लिए अभ्यर्थियों से 29 अगस्त से 27 सितंबर 2022 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

# तत्कालीन पीएचईडी अधिशाषी अभियन्ता के विरुद्ध आय से अधिक सम्पति का प्रकरण दर्ज

**बाड़मेर/बालोतरा,** (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बाड़मेर की ओर से की गई कार्यवाही के तहत तत्कालीन अधिशाषी अभियन्ता पीएचईडी खण्ड, बालोतरा जयप्रकाश गुप्ता के विरूद्ध आय से अधिक सम्पति अर्जित करने के प्रकरण में मामला दर्ज किया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बाडमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामनिवास सुण्डा ने बताया कि माह जून 2022 में परिवादी अन्नाराम ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि उसकी फर्म द्वारा पीएचईडी खण्ड बालोतरा में जल जीवन मिशन योजना के तहत करीबन 1 करोड़ 21 लाख रुपये कार्य किया जिसके बिल भुगतान की एवज मे अधिशाषी अभियन्ता पीएचईडी खण्ड, बालोतरा जयप्रकाश गुप्ता द्वारा 2.5 प्रतिशत कमीशन के रुप में रिश्वत मांग की जा रही थी। जिस पर परिवादी की शिकायत पर गोपनीय सत्यापन करवाया गया तो आरोपी द्वारा परिवादी की फर्म का बकाया भुगतान करने की एवज में 2.5 प्रतिशत कमीशन के रुप में कुल 3 लाख रुपये की मांग करते हुए सत्यापन के दौरान 2 लाख रुपये रिश्वत राशि परिवादी से प्राप्त कर ली एवं शेष एक लाख रुपये ओर रिश्वत मांग की। जिस पर 19 जून को ट्रेप कार्यवाही कर आरोपी जयप्रकाश गुप्ता को उनके रहवासीय मकान अग्रवाल कॉलोनी बालोतरा में 1 लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

सुण्डा ने बताया कि उक्त ट्रैप कार्यवाही के परिपेक्ष्य में 19 जून, को ब्यूरो चौकी बाडमेर द्वारा जयप्रकाश गुप्ता तत्कालीन अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड बालोतरा के रहवासी मकान अग्रवाल कॉलोनी, बालोतरा की नियमानुसार खाना तलाशी ली जाकर फर्द मुर्तिब की गई थी, वक्त तलाशी आरोपी के रहवासीय मकान में 8,13,630 रुपये रोकड राशि भी मिली थी। तत्पश्चात आरोपी के उक्त मकान का मुल्यांकन सार्वजनिक निर्माण विभाग बाडमेर से तकनीकी टीम गठित कर करवाया जाकर मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त की गई। आरोपी जयप्रकाश गुप्ता द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता से लेकर अधिशाषी अभियन्ता की राजकीय सेवा में आहरित किए गए वेतन-भत्तों से संबंधित दस्तावेजी सूचना जी॰ए॰-55 प्राप्त किए गए। खाना तलाशी फर्द में अंकित तथ्यों एवं जब्त सुदा दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया जाकर आरोपी जयप्रकाश गुप्ता एवं उसके पारिवारिक सदस्यों के बैंक खातो के विवरण एवं जयप्रकाश गुप्ता एवं उसके परिवार के बैंक लॉकर में मिली सम्पति का मुल्यांकन करवाया गया।

आरोपी जयप्रकाश गुप्ता ने अपने मूल विभाग पीएचईडी में पदस्थापन वर्ष 1987 से 2022 तक लोक सेवक की हैसियत से सेवाकाल के दौरान वेतन-भत्तों आदि से प्राप्त कुल आय 1,09,67,985 रूपये की तुलना में उनके द्वारा अपने व अपने परिवारजनों एवं रिश्तेदारों के नाम कुल अर्जित चल-अचल सम्पतियों एवं व्यय राशि का योग 2,43,22,949 रूपये होना पाई गई जो आरोपी अधिकारी के वैध स्त्रोतों से प्राप्त आय से 1,33,54,964 रुपये (121.76 प्रतिशत) अधिक राशि अर्जित करना पाया गया। आरोपी द्वारा अवैध स्त्रोतो से आय अर्जित करने पर उनके विरुद्ध आय से अधिक सम्पति अर्जित करने का अपराध प्रथम दृष्टया कारित करना पाये जाने पर रिपोर्ट ब्यूरो मुख्यालय जयपुर भेजने पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

- **जयप्रकाश गुप्ता थे तत्कालीन बालोतरा खण्ड के अधिशाषी अभियंता**

# राघपुरा में पैंथर की दहशत

**मसूदा,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम राघपुरा में पैंथर ने एक बकरी के बच्चे पर हमला कर दिया। बकरिया चरा रही महिला के चिल्लाने पर पैंथर बकरी के बच्चे को घायल छोड़कर जंगल में भाग गया। राघपुरा निवासी हेमराज पुत्र रुकमा रेगर ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी पत्नी मंजू अपने पडोसी सुशीला व संतोष के साथ जंगल में बकरियां चराने गई थी। तभी पथरीली चट्टान के बीच से एक पैंथर आया और उसकी बकरी को पकड़ लिया।

उस नजारे को देख मंजू जोर से चिल्लाई जिससे पैंथर घायल बकरी के बच्चे को छोड़कर भाग गया। बकरी का बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। जिसको घर पर ले गए। डॉक्टर जावेद ने बकरी के बच्चे के टांके लगाकर उपचार किया। इस मामले की जानकारी ग्राम के सरपंच को दी। सरपंच ने बताया कि पहाड़ी इलाका है यहां जानवर रहते हैं पहले भी ऐसे हादसे हो चुके थे इनकी जानकारी वन विभाग को दे दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पहाड़ी पर भगवान शिव का मंदिर है जिसे देखने के लिए ग्राम के कुछ लोग गए थे। उनको पैंथर का सूखा व गला हुआ शव मिला था। इसका कंकाल भी आज मौके पर पड़ा है। ग्रामीण महेंद्र ने बताया कि पहाड़ी के ढलान में करीब 1 माह पूर्व पैंथर के बच्चे का शव मिला था। जिसकी सूचना सरपंच व वन विभाग को दी। मौके पर वन विभाग की टीम ने पैंथर के बच्चे को कब्जे में लेकर शव को वही दफना दिया था।

# एक ही परिवार के 8 मृतकों का एक ही चिता पर किया दाह संस्कार

## दूसरे मृतक का दूसरी चिता पर दाह संस्कार किया

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। रविवार को सीकर के पलसाना में हुए सड़क हादसे में सामोद गांव के 9 जनों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

एक ही परिवार के 8 व अन्य एक युवक के शव गांव में पहुंचे तो मृतकों के परिवार में चीख पुकार मच गई। शोक के चलते सामोद गांव के पूरे बाजार बंद रहे। लोगों के घरों में चूल्हे तक नहीं जले। शमशान स्थल पर एक ही परिवार के 8 मृतकों का एक ही चिता व दूसरे मृतक का दूसरी चिता पर दाह संस्कार किया गया। बता दें कि सीकर के पलसाना के पास नववर्ष के दिन भीषण सड़क हादसे में 12 जनों की मौत हुई है जिसमें 9 जने सामोद गांव के रहने

- **सीकर के पलसाना में रविवार को हुए सड़क हादसे में सामोद गांव के 9 जनों की हुई थी मौत**



सामोद के एक ही परिवार के 8 मृतकों का एक ही चिता व दूसरे का दूसरी चिता पर दाह संस्कार किया।

वाले थे। मृतक नव वर्ष पर खाटूश्यामजी सहित जीण माता की धार्मिक यात्रा कर वापस घर आ रहे थे। गौरतलब है कि सामोद के खटीक समाज के एक ही परिवार के 14 लोगों की पिकअप बाइक से टकराने के बाद ट्रक में जा घुसी थी।

शोक संतप्त परिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने सांत्वना दी। वहीं मृतकों के घर पहुंच कर चौमूं पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व रिटायर्ड आईएएस लालचंद असवाल ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस। रिटायर्ड आईएएस असवाल ने पीड़ित परिजनों को सरकार से आर्थिक मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया और कहा कि पीड़ित परिवार के साथ हर संभव मदद करेंगे। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने जिला कलेक्टर से फोन पर बातचीत कर मृतकों के परिजनों को सरकार से आर्थिक मुआवजा देने की की मांग।

वहीं चौमू विधायक रामलाल शर्मा ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और सरकार से मांग की सभी मृतकों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और मृतकों के परिजनों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने की बात कही है। मृतकों की अंत्येष्टि के दौरान कई जनप्रतिनिधि व आसपास के कई सरपंच व ग्रामीण जन मौजूद थे।

# ज्वैलरी शोरूमों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## मुरलीपुरा थाना पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने ज्वैलरी की दुकानों से चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का माल और वारदात में प्रयुक्त दो दुपहिया वाहन भी जब्त किए हैं।

पुलिस उपायुक्त वंदिता राणा ने

■ **बदमाशों ने 10 दिन पहले ही कई दुकानों में वारदातें की थी**

बताया कि मुरलीपुरा पुलिस ने ज्वैलरी शोरूमों में चोरी करने वाले गिरोह के आरोपी महेन्द्र कुमार शर्मा उर्फ पण्डित (27) निवासी खेतड़ी (झुंझुनूं) हाल दधीचि नगर मुरलीपुरा, घनश्याम गुर्जर उर्फ राहुल (23) निवासी खेतड़ी हाल मुरलीपुरा, सत्येन्द्र सिंह जादौन उर्फ गोलू (23) निवासी रामपुर जिला मुरैना मध्य प्रदेश हाल मुरलीपुरा और अंकित पारीक (25) निवासी खेतड़ी, हाल मुरलीपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से चुराया हुआ माल, नकदी और वारदात में प्रयुक्त दो बाइक जब्त की है।

एसीपी प्रमोद स्वामी ने बताया कि आरोपित महेन्द्र शर्मा व सत्येन्द्र सिंह जादौन उर्फ गोलू ने किराया का मकान मुरलीपुरा इलाके में ले रखा है, जो कि ज्वैलरी की दुकानों की रैकी करके रखते है। ज्वैलरी शोरूमों में चोरी के लिये यह लोग अपने साथी घनश्याम सिंह खेतड़ी व अंकित पारीक से संपर्क करते थे। बदमाशों ने 10 दिन पहले ही मुरलीपुरा इलाके से कई ज्वैलर्स की दुकान से चोरी करना कबूल किया है। आरोपित नशा करने के आदी है, जो अपनी नशे की लत के शौक को पूरा करने के लिये वारदातो को अंजाम देते है। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर चोरी व नकबजनी की अन्य कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।



**मुरलीपुरा थाना पुलिस ने ज्वैलरी की दुकानों से चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सोमवार को चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

## अस्पताल से 17 संदिग्ध पकड़े

**जयपुर** (कासं)। एसएमएस अस्पताल के अंदर और बाहर घूम रहे 17 संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस को बार-बार सूचना मिल रही थी कि अस्पताल में चोरी की वारदातें बढ़ गई हैं। जिस पर आज एसएमएस थाना सीआई के सुपरविजन में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने अस्पताल परिसर और उसके आसपास के इलाकों में घूम रहे संदिग्धों को चैक किया। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर 17 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूछताछ में यह लोग अस्पताल परिसर और आसपास में घूमने का कोई कारण नहीं बता पाए। इस पर इन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। इस तरह का औचक निरीक्षण हर माह में 4 से 5 बार किया जाएगा। जिससे कि बिना वजह अस्पताल परिसर में घूमने वाले बदमाश प्रवृत्ति के लोगों को पुलिस गिरफ्तार करेगी।

# पति ने ब्लेड से पत्नी का गला रेतकर किया हत्या का प्रयास

**जयपुर** (कासं)। करधनी इलाके में अनबन के चलते एक पति ने अपनी पत्नी का ब्लेड से गला काट दिया। पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। थानाधिकारी हीरालाल सैनी ने बताया गिरफ्तार आरोपित महेंद्र राव (28) गंगाशहर, बीकानेर हाल कला नगरी, कालवाड़ रोड का रहने वाला है। आरोपित ने 30 दिसंबर की शाम कला नगरी स्थित ससुराल में जाकर अपनी पत्नी पूजा राव (25) के गले पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे उसकी गर्दन पर कट लग गया। परिजनों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। फ़िलहाल, घर पर उसका

■ **करधनी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा**

इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि कलानगरी कालवाड रोड निवासी पूजा राव (25) के पर्चा बयान के आधार पर दर्ज की गई है। रिपोर्ट में बताया कि कुछ साल पहले उसकी महेन्द्र राव से शादी हुई थी। शादी के बाद से ही पति महेन्द्र राव आए दिन उसे परेशान करने लगा। आए दिन झगड़े के चलते पति को छोड़कर वह अपने पीहर आ गई। गत 30 दिसम्बर की शाम करीब 5 बजे पति महेन्द्र मिलने के बहाने घर आया। कुछ बात करने के बहाने अलग कमरे में ले गया। कमरे में उसके साथ लड़ाई-झगड़ा करने लगा। गंगा शहर जाने की कहकर उसका मोबाइल भी ले लिया। मोबाइल देने के बाद जाते समय महेन्द्र ने उसे पीछे से पकड़ लिया। जान से मारने के लिए धारदार हथियार से उसका गला रेत दिया। गला कटने से खून बहने लगा। चिल्लाने पर पति महेन्द्र उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गया। भागकर पहुंचे परिजनों ने उसे तुंरत गंभीर हालत में हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। मेडिकल सूचना पर पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। रविवार को पर्चा बयान के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

# जयपुर में लूटपाट करने वाले दो बदमाश पकड़े

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में हथियारों की नोंक पर लूटपाट करने वाले दो शातिर बदमाशों को मुहाना थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस जब्त किये हैं।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि आरोपित आशीष बैरवा (19) निवासी कुडगॉव जिला करौली हाल महादेव कॉलोनी डिग्गी रोड मुहाना जयपुर और मोनू नायक निवासी श्योपुर देहात जिला श्योपुर मध्य प्रदेश हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हथियार उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश से लाते है। इन्होंने मोटरसाइकिल से मोबाइल लूट की करीब 2 दर्जन वारदातों को मानसरोवर सर्किल व मालपुरा गेट सांगानेर क्षेत्र में अंजाम दिया है। यह लोग हथियार दिखाकर सुनसान जगहों पर लूटपाट करने की फिराक में थे।

## सार-समाचार

### महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कोली समाज जयपुर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनें वितरित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरपीएससी के पूर्व सदस्य सुरजीत लाल मीना, विशिष्ट अतिथि आयुर्वेद विभाग से सेवानिवृत कम्पाउंडर बदरी लाल महावर, संस्था अध्यक्ष तेजराम महावर और महासचिव अनुराग महावर ने प्रमाण पत्र व यह मशीनें वितरित की। नवनीत जैन ने मोटिवेशन स्पीच में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी किस प्रकार करनी चाहिए, इस बारे में जानकारी दी। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष किरन महावर व ओमवती ने भी महिलाओं के लिए रोजगार संबंधित जानकारी से अवगत कराया।

### सावित्रीबाई फुले की मूर्ति का अनावरण



**जयपुर** । माली सेवा संस्थान बगीची आदर्श नगर में सोमवार को माता सावित्रीबाई फुले की मूर्ति का अनावरण कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश ने किया गया। इस अवसर पर सीनियर आईएएस सत्यनारायण सिंह व महेंद्र खड़गावत मौजूद रहे। माली सेवा संस्थान की अध्यक्ष शीला सैनी, अनुभव चंदेल, अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान रतनलाल सैनी, प्रदेश अध्यक्ष माली महासभा भवानी शंकर माली, ओम राजोरिया, एमपी सैनी, सुरेश कुमार सैनी, बुद्ध सिंह सैनी, भागचंद सैनी, हनुमान प्रसाद व सुरेश चंद सैनी आदि उपस्थित रहे। मंत्री ममता भूपेश ने दीप प्रज्वलित कर माता सावित्रीबाई फुले की एवं महात्मा फुले की मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम में छात्रावास के छात्र व छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर ममता भूपेश ने कहा कि माता सावित्रीबाई फूले गरीब एवं पिछड़ों के लिए शिक्षा की मूर्ति थी। उन्हें भारतवर्ष में प्रथम शिक्षिका के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचारों का विरोध कर महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराने का कार्य किया।

### पुलिसकर्मियों ने चोरी की कार पकड़ी

**जयपुर** । राजधानी में तैनात यातायात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से नाकाबंदी के दौरान चोरी की कार बरामद की गई है, जिसे माणक चौक थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। डीसीपी (ट्रैफिक) प्रहलाद सिंह कृष्णियां ने बताया नव वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को चारदीवारी क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था के लिए एएसआई जयप्रकाश, कांस्टेबल अजीत सिंह एवं ईश्वर सिंह तैनात थे। इस दौरान कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि दिल्ली एयरपोर्ट से चोरी हुई कार की लोकेशन चार दीवारी क्षेत्र में आ रही है। इस पर जाब्ते ने कार की तलाश शुरू की तो जलेब चौक की पार्किंग में कार मिल गई। इस पर कार बरामद कर माणक चौक थाना पुलिस के सुपुर्द की गई। वहीं, इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिसकर्मियों को रिवार्ड रोल दिया जाएगा।

### आयुक्त को पदोन्नति की बधाई दी

**जयपुर** (कासं)। हाऊसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा को सुपर टाइम स्केल पदोन्नति मिलने पर सोमवार को राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के पदाधिकारी तथा बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों ने बधाई दी। आवासन आयुक्त ने सभी की शुभकामनाओं को स्वीकार किया और उन्हें नववर्ष की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बीते करीब तीन साल में आवासन मण्डल ने प्रगति के नये आयाम स्थापित किये हैं। आमजन का मण्डल की योजनाओं में विश्वास बढ़ा है। यह सब मण्डल की टीम की मेहनत का प्रतिफल है। नये वर्ष में हम सभी नई उर्जा और जोश के साथ मण्डल हित में काम करने का संकल्प लें। इस अवसर पर राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दशरथ कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद, महासचिव प्रदीप शर्मा सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भगीरथ नगर में 11 कुंडीय यज्ञ हुआ

**जयपुर** (कासं)। गोपालपुरा के भगीरथ नगर में 11 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। भगीरथ नगर स्थित राधा गोविंद मंदिर में यज्ञ के यजमानों ने आचार्य वरण किया। यहां से जन जागरण यात्रा निकाली गई। पीले परिधान में गायत्री परिजनों ने ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलाने हम घर घर में जाएंगे, नया सवेरा नया उजाला इस धरती पर लाएंगे जैसे नारे लगाते हुए नशा मुक्ति और नारी जागरण की अलख जगाई। इस दौरान लोगों को प्रेरक पुस्तकें निशुल्क भेंट की गई। यज्ञ के बाद 11 घरों में देव स्थापना की गई और सद् साहित्य घर में प्रतिष्ठित किया गया। गायत्री परिवार जयपुर उपजोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा ने बताया कि राजेश कुमार शर्मा, सुषमा शर्मा, मोतीराम गुप्ता, जे एन मीणा, रामप्रसाद शर्मा, हरिराम गुप्ता, अशोक प्रजापत, मनीश लक्षकार, कैलाश लक्षकार, रविमोहन शर्मा, ओम शर्मा, जे.पी.शर्मा, रामकरण पांचाल, बृजेश शर्मा, मिथलेश गुप्ता, सुदेश हांडिया ने यज्ञ के आचार्य के रूप में समयदान दिया।

### मंडल सचिव व पीआरओ को विदाई

**जयपुर** (कासं)। हाऊसिंग बोर्ड के कॉन्फ्रेंस हॉल में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मंडल सचिव और सहायक निदेशक को स्थानान्तरण पर विदाई दी गई एवं नवनियुक्त अधिकारियों के आगमन पर बधाई दी गयी। आयुक्त पवन अरोडा ने मंडल सचिव संचिता विश्नोई व सहायक निदेशक (जनसंपर्क) अभिषेक जैन को स्थानान्तरण पर विदाई देते हुए उन्हें मोमेंटो दिए। वहीं नवनियुक्त सचिव अल्पा चौधरी व सहायक निदेशक (जनसंपर्क) हेतप्रकाश व्यास को बुके लेकर नये दायित्व की शुभकामनाएं दी।

# स्मैक तस्करी में लिप्त महिला और उसका दोस्त गिरफ्तार



**जयसिंहपुराखोर थाना पुलिस ने स्मैक तस्करी में लिप्त महिला सीमा पठान और उसके दोस्त हिमांशु सैनी को गिरफ्तार किया।**

**जयपुर** (कासं)। जयसिंहपुराखोर थाना पुलिस ने स्मैक तस्करी में लिप्त महिला और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 12 ग्राम स्मैक सहित 70 हजार रूपए बिक्री राशि जब्त की है। पुलिस आरोपियों से नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

डीसीपी (नॉर्थ) परिस देशमुख ने बताया आरोपित महिला सीमा पठान (28) निवासी सुजानगढ़, चूरू हाल मकान संख्या-59, देव नगर, जयसिंहपुराखोर और इसके दोस्त हिमांशु सैनी (22) निवासी मकान संख्या-223, सुभाष मार्ग, नाहरी का नाका हाल मकान संख्या-12, महादेव नगर, जोगियों की ढाणी, जयसिंहपुराखोर को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को श्रीदेव स्कूल के पास स्मैक बेचते हुए गिरफ्तार कर कब्जे से 12 ग्राम स्मैक सहित 70 हजार रूपए बिक्री राशि जब्त की है। इधर, जयसिंहपुराखोर थाना पुलिस ने तीन शराब सप्लायरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 224 पव्वे देशी शराब के बरामद किए हैं। थानाधिकारी सत्यपाल यादव ने बताया गिरफ्तार आरोपित भूपेंद्र कुमार (26), राकेश कुमार (31) और संदीप सांसी (36) जयसिंहपुरा खोर इलाके के रहने वाले हैं।

## गायत्रीमय शहर बनाने का संकल्प

**जयपुर** । गोपालपुरा बाईपास की बसंत बहार कॉलोनी में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों और कॉलोनीवासियों ने यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित कीं। राजस्थान जोन प्रभारी एवं मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी ओमप्रकाश अग्रवाल, राजस्थान की महिला प्रभारी राजकुमारी अग्निहोत्री नेमहिला मंडल की मातृ शक्ति से आव्हान किया वे अपने-अपने क्षेत्र में वर्ष 2023 में हर महीने के प्रथम रविवार को अलग-अलग घरों में यज्ञ के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करें। यज्ञ के अलावा महिला सम्मेलन, सास-बहू सम्मेलन, कन्या कौशल शिविर आयोजित करने पर भी जोर दिया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वयं आगे आकर इस कार्य को करने का संकल्प लिया। गायत्री शक्तिपीठ के दिनेश आचार्य अजय ने यज्ञ संपन्न करवाते हुए गुरु संदेश के रूप में सभी को गुरु कार्य में जुट पड़ने के लिए प्रेरित किया। जयभारती ने आभार प्रकट किया। मानसरोवर के गणेशनगर बी में गायत्री परिजनों की 11 टोलियों ने पहले प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद 11 स्थानों पर एक साथ एक ही समय यज्ञ किया गया। लोगों को नए साल पर एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प कराया गया। प्रताप नगर सेक्टर-26 के श्रीराम विहार में आंचल रेजीडेंसी अपार्टमेंट में यज्ञ में लोगों ने स्वाध्याय को जीवन का एक अंग बनाने का संकल्प लिया।

# '200 से ज्यादा सीए-सीएस और अधिवक्ता खोजेंगे आर्थिक जटिलताओं का समाधान'

## 'चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म एस.भार्गव एसोसिएट जल्द ही जयपुर में 18 हजार स्क्वायर फीट में खोलेगी कार्यालय'

**जयपुर** (कासं)। चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म एस.भार्गव. एसोसिएट की ओर से 70 वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर स्थित होटल हिल्टन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजस्थान में मात्र दो चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म्स ने ही इस उपलब्धि को प्राप्त किया हैं। फर्म के मुख्य प्रबंध साझेदार सुनील भार्गव ने बताया कि फर्म ने अपने सहयोगियों और प्रशिक्षुओं को कार्यानुसार प्रशिक्षित करने की परंपरा से सतत एवं स्थायी प्रगति का मार्ग तय किया है।

भार्गव ने बताया कि विश्व की आर्थिक आवश्यकताओं और बढ़ती जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए विविध सेवाओं का एकीकरण समय की माँग हैं, और फर्म इस दिशा में कार्यरत हैं। इसके लिए उनकी फर्म जल्द ही 18 हजार स्क्वायर फिट क्षेत्रफल में नया कार्यालय बनायेगी। जहां पर 200 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सी.ए.), कंपनी सेक्रेटरी (सी.एस.), अधिवक्ता, कॉस्ट अकाउंटेंट और विभिन्न अन्य पेशेवर सदस्य एक साथ सभी प्रकार की आर्थिक जटिलताओं का समाधान करेंगे।

फर्म के विदेशी नेटवर्किंग फर्म के वरिष्ठ अधिवक्ता सुंगुर एलेव केमेक ने बताया कि वे पिछले 25 वर्षों से कार्यरत हैं, और इस अवधि में उन्होने फर्म के साथ मिलकर विभिन्न उद्योगों के लिए कार्य किया हैं और इस कार्यकाल में फर्म के कार्यक्षेत्र में पकड़ के कारण कई बार व्यापारियों के हितों की रक्षा की गयी है। फर्म के एक और नेटवर्किंग फर्म से आए पीटर कोइन्ग ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व यूएस के लिए साथ में कार्य करना शुरू और फिर विगत वर्षों में विभिन्न देशों के लिए सतत कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंदन स्टील्स लि. के प्रबंध निदेशक दिलीप चंदन मौजूद रहे। अर्पित भार्गव ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया।



**चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म एस.भार्गव. एसोसिएट के 70 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को मोमेंटो भेंटकर स्वागत-सत्कार किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि दिलीप चंदन, मुख्य प्रबंध साझेदार सुनील भार्गव, वरिष्ठ अधिवक्ता सुंगुर एलेव केमेक व पीटर कोइन्ग मौजूद रहे।**

## भोजन झूठा न छोड़ने का संकल्प

**जयपुर** । गृहे गृहे गायत्री यज्ञ आंदोलन के तहत गायत्री परिवार की ओर से राजधानी में सौ से अधिक स्थानों पर यज्ञ और संस्कार महोत्सव मनाए गए। यज्ञ की अग्नि की साक्षी में लोगों ने नए साल में अपने श्रम, साधन, संपदा, ज्ञान, प्रभाव का एक अंश समाज में लगाने का संकल्प लिया।

# छेड़छाड़ का आरोपी पकड़ा

**जयपुर** । ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ के मामले में आरोपित कम्पाउंडर को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच महिला सेल (ईस्ट) द्वारा की गई थी। एडिशनल डीसीपी (महिला सेल) नारायण लाल शर्मा ने बताया गिरफ्तार आरोपित सुनील हरदेनिया मण्डरायल जिला करौली हाल प्रताप नगर का रहने वाला है। आरोपित सेठी कॉलोनी स्थित एक चिकित्सालय में कम्पाउंडर के पद पर तैनात था, जिसके खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज होने के बाद विभाग द्वारा उसे सस्पेंड कर दिया गया है। आरोपित के खिलाफ इसी के विभाग की एक महिला कर्मचारी ने छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस पर जांच के बाद आरोपित सुनील हरदेनिया को गिरफ्तार कर लिया।

## युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर क्षेत्र में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि आरोपी युवक नीलेश ने दोस्ती गांठकर युवती को मिलने के बहाने बुलाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। पिछले 6 साल तक शादी करने का झांसा देकर धोखे में रखकर उसका देहशोषण किया गया।

# शातिर चोर केशु सिंगीवाल को सांगानेर पुलिस ने पकड़ा

## चोरी का माल खरीदने वाले दो अन्य लोग भी गिरफ्तार



**सांगानेर पुलिस ने चोरी के मामले में तीन बदमाशों को पकड़ा।**

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने एक शातिर चोर सहित चोरी का माल खरीदने वाले दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए चोर केशु सिंगीवाल के खिलाफ दर्जनों चोरी के मामले दर्ज हैं। एक दर्जन से अधिक चोरी के केस में तो पुलिस चालान भी पेश कर चुकी हैं। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी का माल खरीदने वाले दो अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार किया है।

डीसीपी ईस्ट राजीव पचार ने बताया कि बताया की 28 अक्टूबर को परिवादी मनीष कुमार योगी ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई की वे लोग सवाई माधोपुर ससुराल गए थे। पीछे से अज्ञात चोरों ने ताला तोडकर नकदी व सोने चांदी के जेवर चुरा लिए। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। जिस पर टीम ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा की मदद से आरोपी की पहचान कर ली।

इसके बाद पुलिस ने कल केशु उर्फ किशु सिंघीवाल को गिरफ्तार किया। जिस ने पूछताछ में करीब आधा दर्जन वारदातें करना कबूल किया है। आरोपी ने बताया कि खोहनागोरीयान, रामनगरिया, कानोता, सांगानेर से चोरी करता और राकेश सोनी व मनोज सोनी को बेच दिया करता था। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने के मामले में दोनों को भी गिरफ्तार किया हैं। सांगानेर थाना पुलिस ने बताया कि केशु सिंगीवाल पढाई के लिए जयपुर आया था। जयपुर में गलत संगत होने पर वह चोरी करने लगा।

# जलदाय विभाग में 1700 वर्कचार्ज कर्मचारी नियमित होंगे : संजय सिंह

## '28 साल बाद वर्कचार्ज कर्मचारियों की पदोन्नित का रास्ता खुला, आर्थिक लाभ भी मिलेगा'

**जयपुर** (कासं)। जलदाय विभाग में कार्यरत 1700 वर्कचार्ज कर्मचारी भी नियमित होंगे। साथ ही सेवारत की ही तरह सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी पदोन्नित पर नया पदनाम और नए पद के अनुसार पुराना आर्थिक लाभ दिया जाएगा। अब तक इन कर्मचारियों को वर्कचार्ज कर्मचारी ही नाम दिया गया था। यह जानकारी प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

संजय सिंह ने बताया कि राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली के नेतृत्व में इस प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व श्रम मंत्री से वार्ता की गई थी। जिसके फलस्वरूप अब वर्कचार्ज कर्मचारियों के लिए 28 साल बाद पदोन्नति का रास्ता खुल गया है। राज्य सरकार ने इसके लिए नियमों को मंजूरी दे दी है, जिसमें पिछले 28 साल में सेवानिवृत्त वर्कचार्ज कर्मचारियों को भी पदोन्नित का लाभ देने का प्रावधान किया है। वर्कचार्ज कर्मियों को पदोन्नित के लिए 17 फरवरी 1995 से नियम ही अस्तित्व में नहीं थे। इस दौरान करीब 80 हजार कर्मचारी सेवानिवृत्त भी हो गए। इस वजह से वर्कचार्ज कर्मचारियों को पदोन्नित के प्रावधान 17 फरवरी 1995 से ही लागू किए जाएंगे।




**संजय सिंह शेखावत**

■ **''राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश राज श्रीमाली के नेतृत्व में इस प्रकरण को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और श्रम मंत्री से वार्ता की गई थी। राज्य सरकार ने इसके लिए नियमों को मंजूरी दे दी है, जिसमें पिछले 28 साल में सेवानिवृत्त वर्कचार्ज कर्मचारियों को भी पदोन्नित का लाभ देने का प्रावधान किया है। वर्कचार्ज कर्मियों को पदोन्नित के लिए 17 फरवरी 1995 से नियम ही अस्तित्व में नहीं थे।''**

जिला अध्यक्ष ताराचंद सैनी व प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह सोलंकी तथा उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह ने बताया कि वित्त विभाग के सूत्रों के अनुसार वर्कचार्ज केडर समाप्त कर इन कर्मचारियों को उन विभागों का ही कर्मचारी माना जाएगा, जहां वे कार्यरत हैं। उस विभाग के अनुसार ही पदोन्नित पर नया पदनाम दिया जाएगा। हर कर्मचारी को पदोन्नित के औसतन तीन अवसर मिलेंगे और जितनी बार पदोन्नित मिल चुकी, वह संख्या तीन में से कम हो जाएगी। वर्कचार्ज कर्मचारी एक दिसंबर-22 को सेवा में थे, उनको नियमित तरीके पदोन्नित दी जाएगी।

राजस्थान इंटक के प्रदेशाध्यक्ष व श्रम राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली व प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह शेखावत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सोलंकी, जिला अध्यक्ष ताराचंद सैनी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आभार जताया है। इससे जलदाय विभाग 1774 वर्कचार्ज कर्मचारियों को फायदा मिलेगा।



## International Brainteaser Month

People always talk about physical stimulation and keeping your body healthy, but where's the brain gym to help keep your wits sharp? Most people don't realize that engaging in mental stimulation is just as important as keeping your body in shape. Brain teasers are an excellent way to keep our minds sharp and focused. Many teachers have their students practice them in class. There are plenty of great puzzles out there to challenge every level of thinking. For daily teasers, there are several mobile apps that offer daily reminders and challenges.



#COMMITMENT

# Make Your New Year's Resolutions Stick

Keep nudging yourself in the direction you'd like to go.





Maybe you plan to ring in 2023 with a new resolve to quit smoking, lose weight, exercise more, and not sweat the small stuff. And maybe these resolutions sound familiar – maybe just like the ones you made a year ago!

Creating new habits takes time and energy. A new behaviour won't become automatic overnight, but you may enjoy some of its benefits fairly quickly. Also, as you start to take walks regularly or engage in stress-soothing practices frequently, you'll find you won't feel quite right if you stop. That's a great incentive to continue. So, keep nudging yourself in the direction you'd like to go. And try the following tips to help you create long-lasting change.

### Dream Big

Audacious goals are compelling. Want to compete in a marathon or triathlon? Lose 50 pounds or just enough to fit into clothes you once loved? With perseverance, encouragement, and support, you can do it. An ambitious aim often inspires others around you. Many will cheer you on. Some will be happy to help in practical ways, such as by training with you or taking on tasks you normally handle in order to free up your time.




### Take Small-enough Steps

Now think tiny. Small steps move you forward to your ultimate goal. Look for surefire bets. Just getting to first base can build your confidence to tackle - and succeed at - more difficult tasks. Don't disdain easy choices. If you start every plan with "Make list," you're guaranteed to check one box off quickly. That's no joke: a study on loyalty programs that aim to motivate consumers found giving people two free punches on a frequent-buyer card encouraged repeat business. So break hard jobs down into smaller line items, and enjoy breezing through the easy tasks first.

### Habits & Routines

Understand why you shouldn't make a changeThat's right. Until you grasp why you're sticking like a burr to old habits and routines, it may be hard to muster enough energy and will to take a hard left toward change. Unhealthy behaviours like overeating and smoking have immediate, pleasurable payoffs as well as costs. So, when you're considering a change, take time to think it through.

You boost your chance of success when the balance of pluses and minuses tips enough to make adopting a new behaviour more attractive than standing in place. Engaging in enjoyable aspects of an unhealthy behaviour, without the behaviour itself, helps too.

For example, if you enjoy taking a break while having a smoke, take the break and enjoy it, but find healthier ways to do so.

### Commit Yourself

Make yourself accountable through a written or verbal promise to people you don't want to let down. That will encourage you to slog through tough spots. One intrepid soul created a Facebook page devoted to her goals for weight loss. You can make a less public promise to your partner or child, a teacher, doctor, boss, or friends. Want more support? Post your promise on Facebook, tweet it to your followers, or seek out folks with like-minded goals online.

### Give Yourself a Medal

Don't wait to call yourself a winner until you've pounded through the last mile of your big dream marathon or lost every unwanted ounce. Health changes are often incremental. Encourage yourself to keep at it by pausing to acknowledge success as you tick off small and big steps en route to a goal. Blast your favourite tune each time you reach 5,000 steps. Get a pat on the back from your coach or spouse. Ask family and friends to cheer you on.

### Learn From the Past

Any time you fail to make a change, consider it a step toward your goal. Why? Because each sincere attempt represents a lesson learned. When you hit a snag, take a moment to think about what did and didn't work. Maybe you took on too big a challenge? If so, scale back to a less ambitious challenge, or break the big one into tinier steps.

### Be Grateful

Give thanks for what you do. Forget perfection. Set your sights on finishing that marathon, not on running it. If you compete to complete, you'll be a winner even if you wind up walking as much as you run. With exercise - and so many other goals we set - you'll benefit even when doing less than you'd like to do. Any activity is always better than none.






# Legend lives on

Even if the International Olympic Committee hadn't named him Athlete of the Century in 1999, Pele's status as one of the greatest of all sportspersons would have been unchallenged. Integral to two of the greatest teams of all time, his influence extended far beyond the playing field.





Boria Majumdar

## #FAREWELL PELE

If you happened to be in some remote corner of the world, and you mentioned the name "Edson Arantes do Nascimento", the chances were that you would be greeted with blank stares in return. Instead, if you used the nickname that the same man was popularly known by, Pelé, those same stares would usually be replaced by smiles of recognition.

For more than two generations of Brazilians, and football lovers from elsewhere, that name opened doors and hearts wherever you were on the planet. Even in the days before the worldwide web, Pele and the late Muhammad Ali were truly global icons. It didn't matter if you were in Madrid or Marrakech, Kolkata or Kingston, the king's name was a conversation starter.

Though no one under the age of 60 had even seen him play, the teenage wonder who exploded into the global consciousness with his goals at one of the first televised World Cups (Sweden, 1958) – before becoming one of the senior statesmen of perhaps the greatest international team ever (1970) - transcended the sport. As with Jesse Owens, Ali and Joe Louis, Pele's role in the battle that athletes of colour had to fight for self-respect shouldn't be underestimated.

### A Wonderful Footballer

Most of all, though, Pele was a wonderful footballer, at the heart of two sides that made Brazil the 'neutral's team' for generations. It wasn't just that they won three World Cups between 1958 and 1970. It was the manner in which they won them - with matchless flair, scoring 11 goals apiece in the knockout rounds in both 1958 and 1970. Pele contributed six of them in 1958, including a hat-trick against France, and opened the scoring in the 1970 final against Italy.

By then, he was no longer just a goal-scorer. His clever runs, movement and passing were central to Brazilian victories over Peru (4-2), Uruguay (3-1) and Italy (4-1). Jairzinho scored in every round, Roberto Rivellino's hammer of a left foot contributed three goals, and Tostao scored twice, but most observers had Pele as their player of the tournament for the manner in which he took it upon himself to tease defenders out of position so that his teammates could apply the finishing touches. The four goals he scored were a bonus.

If anything, it's the near misses - especially the outrageous dummy against Uruguay in the semifinal, and Gordon Banks' miraculous save for England - that people recall more than the goals. And has there ever been a more famous assist than the perfectly weighted pass to Carlos Alberto for Brazil's fourth in the final, rightly regarded as the greatest team goal ever?

As with any popular icon, it became fashionable after a while to try and find feet of clay, whether it was in his politics, relationships or public utterances. Pele never claimed to be perfect, nor did he anoint himself as a role model, but there was always a vocal minority that existed merely to run him down and build up his rivals.

### Unbeatable

In Brazil itself, he was probably not even the most loved footballer of his generation. Mane Garrincha was the tragic hero, with his deformed feet, incredible trickery on the ball and tumultuous personal life. His death from alcoholism before he turned 50 merely embellished the legend. But to compare one with the other was just daft. Both men would have told you that they were at their best when they played together. Certainly, Brazil were unbeatable when they did.

Diego Maradona, Lionel Messi and Johan Cruyff, who supplemented his achievements as a player by becoming the most influential of coaches, will all have their adherents when it comes to a debate about the greatest footballer of all. But it's safe and entirely accurate to say that no one ever expanded football's footprint like Pele did. Despite the USA's participation in the 1930 and 1950 World Cups - they upset England 1-0 in the 1950 edition - the sport was an afterthought in North America, lagging behind basketball, American Football, baseball and even ice hockey when Pele went to play for New York Cosmos in the North American Soccer League (NASL) in the 1970s.

The two years he spent there were instrumental in the growth of the sport. The NASL may have folded in the 1980s, to be replaced by Major League Soccer (MLS) in the 1990s, but the seeds had been sown for a World Cup to be hosted in 1994. For three decades now, the USA's women's team has set the standards for the rest of the world to emulate. The men's team have challenged Mexico for top-dog status in the CONCACAF federation since the late 1980s.

Even as parents hesitate to let their kids play American Football or ice hockey, because of evolving research surrounding brain injuries, and basketball remains the preserve of the super-tall, football has become the No.1 participation sport for young boys and girls in North America. It's no exaggeration to say that such a scenario wouldn't have been possible without Pele's stint in the NASL.

But as influential as his time with Cosmos was, the other defining characteristic of Pele's career was his loyalty. Having first played for Santos as a precocious 15 year old, Pele would spent his entire top-flight career there, moving to New York only long after his days as a Brazilian international were over. During the nearly two decades that he represented Santos, he would have lost count of the number of blank cheques that came his way. Every top club side in the world coveted him. But Pele never left the small industrial city on the outskirts of Sao Paulo, scoring over 600 goals for them in official matches, and another 500-odd in exhibition games around the world.

### Greatest of Sportsmen

At one point in the 1960s, Santos's all-white kit was as famous as Real Madrid's, with the bar-code away version equally well recognised. Maradona considered Boca Juniors the club of his heart, but his best years were spent at Napoli in southern Italy. Cruyff came through the ranks at Ajax but left for Barcelona while still in his prime. One of Zinedine Zidane's greatest regrets was not being able to play for his beloved Olympique de Marseille, while Messi has yet to play a senior game for Newell's Old Boys, the team of his childhood dreams. Pele's devotion to the Santos crest is one of the notable sidelights of his remarkable story.

How will we remember this greatest of sportsmen? The prodigy with the coconut haircut in 1958, scoring awe-inspiring goals before celebrating with the exuberance of the teenager that he was then? The legend kicked out of contention in 1966 by some brutal tackles? Or the calm but joyful playmaker around whom a second great Brazilian side was built in 1970? Mario Zagallo, the coach in 1970, had been a player in 1958, but on the field, Pele was the only link to Brazil's first World Cup win.

He was also one of the very few great sportspersons to visit India while still active, coming to Kolkata with New York Cosmos in 1977. That visit, and another nearly four decades later in 2015, cemented his place in the affections of Indian football lovers. For a generation of fans who grew up in the 1950s and '60s, it was always Pele and then daylight. Many of them have also passed on now, but the stories they shared with their kids and others remain.


Like Pele, those are immortal.

writetoarbit@rashtradoot.com





Author with Pele.



> How will we remember this greatest of sportsmen? He was also one of the very few great sportspersons to visit India while still active, coming to Kolkata with New York Cosmos in 1977. That visit, and another nearly four decades later in 2015, cemented his place in the affections of Indian football lovers. For a generation of fans who grew up in the 1950s and '60s, it was always Pele and then daylight. Many of them have also passed on now, but the stories they shared with their kids and others remain. Like Pele, those are immortal.




#MICROMOBILITY



# Car-Free Spaces

The open streets of the pandemic reclaimed public space for pedestrians and bicyclists.

The early days of the pandemic ushered in a new urgency to create more public space as restrictions on indoor gatherings left urban dwellers yearning for the outdoors. But while many of these efforts were intended only to be temporary, some have endured.

In the last three years, many cities have taken back streets and parking lots from cars, turning them into dining and play areas for pedestrians. And as biking boomed, some governments fast-tracked efforts to make major city arteries safer and more accessible for cyclists. Others completely reimagined how residential and commercial corridors should be designed, even in the face of pushback against the broader open streets movement.

Pointing to benefits like improvements to mental health and more equitable access to the outdoors, public space advocates and officials have rallied to keep such changes in their communities permanent.

Globally, public space projects have focused on moving people, particularly by bike or another form of micromobility.

### John F. Kennedy Drive
**San Francisco, California**

In 2020, officials banned cars from a mile-long stretch of John F. Kennedy Drive, a main thoroughfare in San Francisco's Golden Gate Park. It has since turned into a full-out pedestrian promenade, with vibrant street murals and eye-popping art installations, including a trio of seven-foot-tall dachshund head sculptures from the city's defunct fast-food icon Doggie Diner, planted right in the middle of the street. There are also new seating and play areas, along with plenty of scheduled programming for families.

### 34th Avenue in Jackson Heights
**New York City, New York**

Since 2020, a busy main street in one of New York's most culturally diverse neighbourhoods has transformed into a vibrant pedestrian corridor and community hub. The 1.3-mile stretch along 34th Avenue in Jackson Heights, Queens, is closed to traffic from 7 a.m. to 8 p.m. daily.

Kids, families, dog owners, seniors and people from all walks of life can stroll, bike and play along the corridor, which also hosts regular food aid and clothing distribution, exercise and English classes, art lessons, performances and community events.

### Street Moves
**Stockholm, Sweden**

It's not the appearance of the streets made over by Sweden's Street Moves project that makes them stand out as such. Starting at sites in central Stockholm, these bike-and-pedestrian-friendly re-modelingsfeature parklet-style public seating, bike racks, and play spaces for children in configurations that, while attractive and welcome, are already familiar.



John F. Kennedy Drive.

### PiazzeAperte
**Milan, Italy**

Fifteen years ago, Milan had one of the highest rates of car ownership in Europe, freighting the city's air with particulates and often leaving what would have been elegant squares as grid-locked car carousels. Much has changed since then: first a congestion charge introduced in 2012, and, since 2018, a grand scheme of over 40 interventions designed to divert traffic and make the city's squares open-air living rooms once again.

Less than five years into the program, the city has already created 22,000 square meters (5.4 acres) of pedestrian space, turning what had become parking lots into calm but lively spaces full of brightly coloured paving, benches and shrubs. Such has been the success of the scheme that the city has extended it to a broader "Open Streets" program that will give streets – many of them initially closed-off during the pandemic – a similar makeover

### Rue de Rivoli
**Paris, France**

If you've ever seen a photo illustrating Paris's recent years of dramatic pro-bike makeovers, then the chances are it was of the Rue de Rivoli. A key east-west spine connecting Place de la Concorde with Paris City Hall, the axis was transformed into a social-distance-facilitating emergency bike highway in the early part of the pandemic. Then in 2021, its new configuration – with just one lane for buses, taxis and priority vehicles – became permanent.

The result is something many active travel advocates dream of: a busy, green historic avenue thronged with a volume of cyclists that proves that if you build the infrastructure, the riders will come. The car ban has also been highly controversial, accused of causing traffic jams and - more broadly – an outbreak of citizen frustration that has had Parisians shaking their fists at each other as they struggle to manage the new street plan.

### La Magdalena
**Quito, Ecuador**


Pastel-coloured dots cover a 1.8-kilometer stretch of Viracocha street in Quito's historic neighbourhood of La Magdalena. They're a nod to its culture, and painted on by a local artist. They also serve to make the street – a highly frequented pedestrian route – safer by creating a sense of "shared space" between motorists and those on bike and foot.

The painting is part of a collaboration between the Global Designing Cities Initiative and the city as part of the organization's "Crash Spots" program, which aims to implement quick-build redesign projects in neighbourhoods with some of the highest levels of traffic-related casualties. Between 2017 and 2020, the city transit agency recorded 39 crashes near Viracocha.



La Magdalena.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# समानता एकता मंच ने संभागीय आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया

## विभिन्न भर्तियों की विसंगतियों को दूर करने की मांग



उदयपुर में समानता मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर संभागीय आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

■ राज्य सरकार से भर्तियों में क्षेत्र और जनसंख्या के अनुपात में पदों की संख्या रखने की मांग की

**उदयपुर, (कासं)।** सोमवार को उदयपुर में समानता एकता मंच के बैनर तले सैंकड़ों लोगों ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर संभागीय आयुक्त कार्यालय के पर धरना-प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया।

समानता एकता मंच के संरक्षक दिग्विजय सिंह चुंडावत बताया कि 16 दिसंबर को जारी अध्यापक भर्ती विज्ञप्ति में टीएसपी क्षेत्र के गरीब और पिछड़े अभ्यर्थियों के साथ कुठाराघात करते हुए सरकार ने टीएसपी में विज्ञापित पदों की संख्या कम कर दी है, जबकि क्षेत्र और जनसंख्या के अनुपात में पदों की संख्या अधिक होनी चाहिए थी। उनका आरोप है कि सरकार टीएसपी क्षेत्र के बेरोजगारों के साथ हमेशा कुठाराघात करती आई है आज मजबूर होकर हमें प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

उन्होंने विभिन्न भर्तियों की विसंगतियों को दूर करने की मांग की है, जिसमें तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती 2023 में लेवल वन, लेवल 2 के पदों की वृद्धि की मांग बी शामिल है। टी.एस.पी., ओ.बी.सी.वर्ग और ईडब्ल्यूएस वर्ग को भी नॉन टीएसपी की तरह ही सभी लाभ देने, पशुधन सहायक भर्ती में सामान्य की अंतिम चयन सूची जल्द जारी करने, कंप्यूटर अनुदेशक के टीएसपी क्षेत्र के रिक्त रहे 692 पदों पर शीघ्र भर्ती करने आदि मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने मांगे जल्द ही पूरी नहीं नही करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

# यूरिया के लिए सर्दी में रात तीन बजे कतार में खड़े रहे किसान

## कस्बे के सदर बाजार से लेकर पुलिस थाना तक 300 मीटर दायरे में 700 से ज्यादा किसान कतारबद्ध खड़े थे

**बीकानेर, (कासं)।** जब शहर और देहात क्षेत्र में लोग नववर्ष का जश्न मना कर स्वागत कर रहे थे। उस समय जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर दूर ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी के विधानसभा क्षेत्र सीमावर्ती क्षेत्र बज्जू उपखंड मुख्यालय पर सैकड़ों किसान यूरिया के लिए कतार लगाकर खड़े थे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी।

यूरिया की सूचना पर कस्बे के सदर बाजार से लेकर पुलिस थाना तक 300 मीटर दायरे में 700 से ज्यादा किसान कतारबद्ध खड़े थे। किसान बंशीलाल खीचड़ व हरचंदराम मेघवाल ने बताया कि सर्दी हो या गर्मी, किसान वर्ग को खेतों में हाड़ तोड़ मेहनत करनी पड़ती है। जब फसलों को यूरिया देने का समय आता है, तब हर बार लम्बी लाइन में लगकर यूरिया लेनी पड़ती है। उसमें भी एक बार लाइन में लगने पर 2 से 4 कट्टे यूरिया मिलती है। कई बार तो लाइन में लगने के बावजूद सैकड़ों किसान वंचित रह जाते हैं। कस्बे के सदर बाजार में जब यूरिया आने की सूचना मिली तो किसान वर्ग सुबह 3 बजे लाइन में लग गया। बढ़ती भीड़ को देख सुबह 5 बजे से महिलाओं की लाइन लगनी शुरू हो गई। देखते ही देखते दो सौ से ज्यादा महिलाओं की भीड़ जमा हो गई।

महिलाओं ने बताया कि पुरुषों की भारी भीड़ के कारण उन्हें चूल्हा-चौका छोड़कर आना पड़ा। कई महिलाओं को तो निराश लौटना पड़ा। किसानों ने बताया कि इस समय खेतों में उगती फसलों को अब यूरिया के बिना बचाना मुश्किल है। बोले एक तरफ तो सर्दी में खेतों में काम करना पड़ रहा है तो दूसरी तरफ भागकर दुकानों पर यूरिया का इंतजार करना पड़ रहा है। दिनभर यूरिया की दुकानों के आगे भटकते रहते हैं और रात को भी दुकानों के आगे बेठकर यूरिया की गाड़ी का इंतजार करते हैं ताकि यूरिया आते ही लाइन में लग जाए।

कैलाश चौधरी, संयुक्त निदेशक कृषि का कहना है कि जिले में पर्याप्त खाद उपलब्ध है, लेकिन किसानों को डर है कहीं फिर से कमी नहीं आ जाए। इसलिए भीड़ हो रही है। किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। यूरिया की कोई कमी नहीं है। जल्द ही बड़ी संख्या में यूरिया की खेप मिलने वाली है।

**ऊर्जा मंत्री ने सीएम और कृषि मंत्री को लिखा पत्र :-** ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कृषि मंत्री लालचंद कटारिया को पत्र भेजते हुए बज्जू एवं श्रीकोलायत उपखंड क्षेत्र में यूरिया की अत्यधिक किल्लत को लेकर आवश्यक व्यवस्था करने का आग्रह किया है।

भाटी ने बताया कि बज्जू एवं श्रीकोलायत कृषि बहुल क्षेत्र है। यहां यूरिया उर्वरक की अत्यधिक किलुत की वजह से किसानों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को देर रात्रि तक यूरिया के लिये लाइन लगानी पड़ रही है।

**इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल होती हैं:-** उन्होंने बताया कि यूरिया की किलूत के सम्बंध में दीर्घावधि से क्षेत्र के किसान वर्ग द्वारा निरन्तर मांग रखी जा रही है। जिला प्रशासन को भी इससे अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन इस सम्बंध में कोई प्रभावी कार्यवाही न होने से किसानों में असंतोष निरन्तर बढ़ रहा है। इसके मद्देनजर उन्होंने श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र में उपखण्ड क्षेत्र बज्जू एवं श्रीकोलायत में शीघ्र पर्याप्त यूरिया की उपलब्धता एवं पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित करवाने का आग्रह किया है। इसके अलावा ऊर्जा मंत्री ने संभागीय आयुक्त डॉ.नीरज के. पवन और जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल को भी पत्र लिखा है,जिसमें उन्होंने यूरिया की व्यवस्था करवाने को कहा है। उन्होंने इस संबंध में संयुक्त निदेशक कृषि को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

## झाझड़िया बने प. बंगाल में आईजी

**झुंझुनूं, (निसं.)।** जिले के चतरपुरा (दुराना का बास) के निवासी शीशराम झाझड़िया को इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आईजीपी) पद पर पदोन्नित मिली है। झाझड़िया अभी पश्चिमी बंगाल में कोलकाता में डीआईजी पद पर कार्यरत है। शीशराम झाझड़िया के आईजी बनने पर पूरे गांव और जिले में प्रसन्नता का माहौल है।

2005 बैच के अखिल भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी शीशराम झाझड़िया को अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद आबूसरिया, संयुक्त सचिव भारत सरकार दिनेश आबूसरिया, जयपुर जिला जज राजेश दड़िया, उपायुक्त आयकर दिल्ली गरिमा विकास जाखड़, डाइट व्याख्याता दीपेंद्र बुडानिया, प्रधानाचार्या बबिता आबूसरिया, लूणा प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह, रामनिवास झाझड़िया, अजय सिहाग, डाइट प्रधानाचार्य अमीलाल मूंड, कृष्ण गावड़िया, विप्लव न्यौला ने बधाई दी है एवं प्रसन्नता व्यक्त की है।

# मूलचंद चौहान की प्रतिमा व स्मृति चिन्हों को खुर्द-बुर्द करने की निंदा

■ मामले में जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**अजमेर, (कासं)।** इण्डोर स्टेडियम में स्व.मूलचंद चौहान की मूर्ति व नाम के बोर्ड को खुर्द-बुर्द करने पर मंगलवार को माली समाज द्वारा एकजुटता दिखाते हुए जिला कलेक्टर को इस प्रकरण में निष्पक्ष जाँच हेतु व इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा।

जानकारी देते हुए अजमेर जिला माली सैनी समाज के अध्यक्ष महेश चौहान ने बताया कि ज्ञापन देने से पूर्व दोपहर 2 बजे माली समाज की विभिन्न संस्थाओं के विभिन्न अध्यक्षों, पदाधिकारियों, सदस्यों तथा खिलाड़ियों के द्वारा अजमेर क्लब चौराहे स्थित ज्योतिबा फूले स्मारक पर एक बैठक का आयोजन कर स्व. मूलचन्द चौहान की प्रतिमा व उनके स्मृति चिन्हों को खुर्द-बुर्द किये जाने की घोर निन्दा की है।

मिटिंग में ललित कला अकादमी की सदस्या ममता चौहान ने कहा कि स्वर्गीय चौहान साहब की प्रतिभा के साथ छेड़छाड़ करने के प्रकरण ऐसे समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों में लाल फीताशाही राज्य सरकार के संज्ञान में लायी जायेगी। ऐसी करतूत करने वाले राज्य सरकार की छवि को खराब कर रहे है। महेश चौहान ने मिटिंग के दौरान सम्बोधित करते हुए बताया कि माली समाज के सिरमोर रहे ख्यातिप्राप्त खिलाडी मूलचंद चौहान की प्रतिमा को गुपचुप तरीके से हटाने और फिर माली समाज की सजगता तथा दबाव के बाद प्रषासन की ओर से फिर लगवाये जाना माली समाज की बड़ी जीत है लेकिन यह मसला यही समाप्त नहीं होता। स्व. चौहान के स्मृति चिन्हों तथा नाम पट्िका को पुनः यथास्थान ससम्मान लगाया जाना भी प्रशासन व नगर निगम की जिम्मेदारी बनती है। ताराचन्द गहलोत ने कहा कि स्व. चौहान जैसी शख्सियत को प्रशासन नहीं जानता तो इससे बढ़कर दुर्भाग्य की बात क्या हो सकती है कि देश विदेश तक खेल की दुनिया में विष्वास जाता रहा। उनकी प्रतिमाा उनके नाम के साथ असम्मानीय व्यवहार करना माली समाज कतई बर्दास्त नहीं करेगा। इसके लिए चाहे सड़को पर उतरना पडे तो भी हम नहीं डरेगे। धनराज चौधरी, शिवदत्त पारशर ने कहा कि इण्डोर स्टेडियम में स्व. मूलचन्द चौहान की मूर्ति व प्रतीक चिन्हों को हटा कर अजमेर के खेल प्रेमियों एवं आमजन की भावना को भी ठेस पहुंचाई है।

इसी के चलते जिला कलेक्टर को उक्त प्रकरण में निष्पक्ष जाँच करन के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में यह चेतावनी दी गई की अगर शीघ्रताषीघ्र उक्त सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं कई तो माली समाज उठा आन्दोलन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान अध्यक्ष हनुमान प्रसाद कच्छावा, ताराचन्द गहलोत, अध्यक्ष महेष चौहान, पूर्व एम.डी विजय सिंह भाटी, ममता चौहान, चेतन सैनी, पुनमचन्द मारोठिया, घिसु गढवाल, राजेष भाटी, पार्षद सुनीता चौहान सावित्री बाई फूले अध्यक्ष, शारदा मालाकार, हेमराज कारोडिया, दिलावर चौहान, नवीन कच्छावा, नेमी बबेरवाल, बीना टांक, धमेन्द्र टांक, हनीश मारोठिया, पार्षद बीना टांक, मांगीलाल, मामराज सैन, चाँदस्वरूप टांक, हेमराज सिसोदिया, मधु सैनी, नन्दा चौहान, सहित काफी संख्या में माली समाज के लोग उपस्थित रहे।


## सीवर की गैस वेंट पाइप टूटी

**बीकानेर, (कासं)।** करोड़ों की लागत से तैयार हो रहे रानी बाजार अंडर रेल पास कार्य के दौरान सीवर लाइन की गैस वेंट पाइप टूट गई। इस पाइप के टूटने से हजारों गैलन गंदा पानी आरयूबी के लिए बने गड्ढे में भरता रहा। सुबह से देर शाम तक नगर निगम व नगर विकास न्यास के अधिकारी इस पानी को रोकने में नाकाम रहे। बताया जा रहा है कि सीवर लाइन जाम होने के कारण गंदा पानी गैस वेंट पाइप के टूटने से निकलता रहा। रानी बाजार चौराहा की तरफ निकल रहा पानी रेल पटरियों के नीचे सीसी ब्लॉक से होते हुए अम्बेडकर सर्कल की ओर बने आरयूबी गड्ढे में दिनभर भरता रहा।

# 25 लाख की अंग्रेजी शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** ज़वाज़ा थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा की गई कार्यवाही के अंतर्गत गांव भरकुआ हरियाली थाना झाव तहसील सांचोर जिला जालौर निवासी बुधाराम विश्नोई (48) पुत्र चेनाराम विश्नोई को कंटेनर में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जिला अजमेर चूनाराम जाट आईपीएस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस थाना जवाजा द्वारा नाकाबंदी के दौरान 1 जनवरी को पुलिस थाना जवाजा थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह उपनिरीक्षक और उनकी टीम द्वारा कांस्टेबल रिछपाल चौधरी द्वारा दी गई सूचना पर कंटेनर को रुकवाकर तलाशी ली गयी तो कपडे के कतरन की गठरियों के नीचे अवैध रूप से छिपाकर लेकर जा रही पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब मैक डाल्स, व्हीस्की और आल सिजन व्हीस्की के 320 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पकड़ी गयी अवैध शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 25 लाख रूपये है जिस पर आबकारी अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# नीमकाथाना को जिला बनाने के लिए जयपुर के लिए पदयात्रा रवाना



नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग को लेकर लोग नाचते गाते जयपुर के लिए रवाना हुए।

**पाटन, (निस)।** नीमकाथाना के छावनी में पूर्व विधायक कपिल देव मोदी के निज निवास कपिल कुंज प्रांगण में नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग के लेकर हजारों की संख्या में लोगो का भारी हुजूम उत्साह एवं हार्षोलास ढोल व नगाड़ों पर नाचतें हुए नारेबाजी के साथ जयपुर के लिए रवाना हुआ।

जिला बनाओ कार्यकारिणी सैकड़ों की संख्या के रणनीतिकार सरकार का घेराव कर प्रस्तावित मांग पर अपना मजबूत पक्ष मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने नीमकाथाना को जिला बनाने का ज्ञापन सौपेंगे। नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी, पूर्व सीनियर आई.ए.एस. एवं संभागीय आयुक्त के.एल. मीणा, पीसीसी सदस्य सीताराम अठावाल, पूर्व चैयरमैन त्रिलोक चंद, न.पा. उपाध्यक्ष महेश, पूर्व प्रधान कान्ता प्रसाद शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि विरेन्द्र सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधिगण एवं हजारों की संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं के साथ जयपुर के लिए रवाना हुए।

पदयात्रा का अलग अलग संगठनों ने जहग जगह स्वागत सतकार किया जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। नीमकाथाना को जिला घोषित किए जाने की मांग पर लोगो ने विधायक मोदी का फूल, मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। विधायक मोदी ने कहा कि यह पदयात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए 9 जनवरी को जयपुर पहुंचेगी तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। 9 जनवरी को जयपुर में नीमकाथाना से हजारों लोगों के पंहुचने की संभावनाएं बताई जा रही है।

## नहरबंदी में भी सप्लाई होगा पानी

**हनुमानगढ़, (कासं)।** मक्कासर गांव में नहरबंदी में भी घरों में नहर का पानी सप्लाई होगा। 10 हजार केएल के डैम का शुभारंभ सोमवार को ग्राम पंचायत सरपंच बलदेव सिंह, कनिष्ठ अभियंता दिनेश वर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। सरपंच बलदेव सिंह ने बताया कि पहले नहरबंदी के दौरान ग्रामीण बोर से पानी पीने को मजबूर थे। लेकिन अब 10 हजार केएल का डैम बनने से ग्रामीणों को नहरबंदी के दौरान भी नहरी पानी पीने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस डैम से पानी होता हुआ फिल्टर प्लांट में जायेगा। इसके बाद गांव के घरों में सप्लाई होगा। डैम के चारों ओर ऊंची दीवार बनाई गई है, ताकि बेसहारा पशुओं का डैम में गिरने का खतरा न रहे। उन्होंने बताया कि पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए गांव में बड़ी टंकियां भी बनाई जा रही हैं। गांव में जल जीवन मिशन के तहत आमजन के घरों तक पानी सप्लाई करने के कई प्रोजेक्ट का कार्य 4 करोड़ 90 लाख रूपए की लागत से करवाया जा रहा है। इस मौके पर मलक सिंह गोदारा, सतीश, जगदीश, भूराराम, लखवीर, ओम, श्रवण, रुलदू, भानचन्द, डॉ. पलविन्द्र, मलकीत मौजूद थे।

# गणितज्ञ वंशिका शर्मा का एक और विश्व कीर्तिमान



वंशिका शर्मा

■ 42 सेकंड में 6 अरब 31 करोड़ 40 लाख 92 हजार 468 के पहाड़े को सीधा और उल्टा लिखा

**चिड़ावा, (निसं)।** असाधारण प्रतिभा की धनी नन्हीं गणितज्ञ वंशिका शर्मा ने फिर से अपनी गणित की अद्भुत क्षमता का प्रदर्शन कर एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। महज 42 सैकंड में 6 अरब 31 करोड़ 40 लाख 92 हजार 468 के पहाड़े को उल्टा और सीधा दोनों तरह से बोलकर ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है।

वंशिका इससे पहले भी सात विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। यह उसका आठवां विश्व रिकॉर्ड है। वैज्ञानिकों की माने तो वंशिका के दिमाग के दोनों पार्ट एक्टिव है वंशिका दोनों हाथों से एक साथ अलग-अलग अंको की कैलकुलेशन पल भर में कर देती है। यह प्रतिभा केलकुलेटर एवं कंप्यूटर के लिए भी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि केलकुलेटर और कंप्यूटर एक साथ एक ही अंको की गणना करते हैं लेकिन वंशिका एक साथ दो अलग-अलग अंको की गणना करने में माहिर है। वंशिका ने पहला रिकॉर्ड 2018 में बनाया था उसके बाद आज तक हर साल एक या दो रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। अपनी इन प्रतिभाओं के चलते वंशिका देश के गणमान्य व्यक्तियों जैसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, डब्लू डब्लू एफ के विश्व चैंपियन ठोट खली, योग गुरु बाबा रामदेव आदि गणमान्य व्यक्तियों से बारम्बार सम्मानित हो चुकी है। वंशिका एक बहुत अच्छी मोटिवेशनल स्पीकर भी है ।

काफी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में वंशिका ने मोटिवेशनल सेशन भी लिए हैं एवं काफी बार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में मोटिवेशनल स्पीकर के तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुकी है वंशिका अपनी यह विधा अपने तक ही सीमित नहीं रखना चाहती। इसके लिए उसने काफी बुक्स भी लिख रखी है और वंशिका ओएमजी बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ब्रांड एंबेसडर भी है।

# पालिका उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

■ भाजपा के आठ पार्षद होने के बाद भी 25 में से अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 22 वोट पड़े

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले की श्रीबिजयनगर पालिका में सोमवार को उपाध्यक्ष ममता मिड्ढा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए मतदान में भाजपा की कलह खुलकर समने आ गई। पालिका में भाजपा के आठ निर्वाचित पार्षद होने के बावजूद 25 सदस्यीय सदन में अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 22 वोट पड़े। नगर पालिका पार्षदों ने उपाध्यक्ष ममता मिड्ढा का विरोध करते हुए उनके खिलाफ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद जिला कलेक्टर ने इस मुद्दे पर वोटिंग के लिए एडीएम को प्रभारी लगाया था। पार्षदों ने उपाध्यक्ष ममता मिड्ढा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे।

नगर पालिका में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए सोमवार सुबह दस बजे बैठक रखी गई थी। इसमें सदस्यों को उपस्थित रहने के लिए जिला कलेक्टर ने नोटिस जारी किया था। बैठक के लिए सभी पार्षद मौजूद रहे। इस दौरान हंगामा भी हुआ। इसके बाद वोटिंग करने की घोषणा कर दी गई। 25 सदस्यीय सदन में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय तीनों के आठ-आठ पार्षद थे। जबकि एक माकपा पार्षद है। सदन में 8 भाजपा पार्षदों के बावजूद अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 22 वोट पड़े। वोटिंग के बाद नगर पालिका उपाध्यक्ष ममता मिड्ढा ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा छोड़ने की घोषणा कर दी।

सदस्यों ने 23 दिसम्बर को उपाध्यक्ष ममता मिड्ढा पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया था। इस पर जिला कलेक्टर ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बैठक बुला दी। इसके लिए सूरतगढ़ एडीएम को प्रभारी अधिकारी लगाया गया था। 27 दिसम्बर को सभी पार्षदों को नोटिस जारी किया गया था और दो जनवरी को वोटिंग हुई। उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वे भाजपा से पार्षद हैं और भाजपा ने ही उनका विरोध किया है। उन्होंने बिना किसी विधायक का नाम लिए कहा कि यह सांसद, विधायक के दबाव का परिणाम है। ऐसे में वे पार्टी छोड़ रही हैं।

## सड़क खस्ताहाल, वाशिंदों का धरना

**उदयपुर, (कासं)।** छह पार्षदों के इलाके से गुजरते यूनिवर्सिटी रोड के खस्ताहाल से परेशान बाशिंदों ने सोमवार को बेकनी पुलिया पर एकत्रित होकर नगर निगम और यूआईटी के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए धरना देकर आक्रोश जताया। शहर की व्यस्ततम सडको में से एक यूनिवर्सिटी रोड के आसपास रहने वाले बाशिंदे इस सड़क पर आये दिन हो रही दुर्घटनाओं से परेशान हो चुके है।

प्रदर्शनकारियों ने महापौर और यूआईटी हाय हाय के नारे लगाये और यहां तक कह दिया कि अगर इस सड़क को बनाने में प्रशासन सक्षम नहीं है तो वे अपने स्तर पर चन्दा एकत्रित करके इस सड़क को बनवाने के लिए तैयार हैं। आपको बता दें कि बेकनी पुलिया से यूनिवर्सिटी रोड तक के आसपास के क्षेत्रों से छह पार्षद चुने जाते हैं। इनमें से तीन पार्षद भाजपा के है एक जनता सेना एक कांग्रेस से और एक निर्दलीय पार्षद हैं। इनमे पहले पार्षद वार्ड 45 के जनता सेना से है शोयब हुसैन, वार्ड 46 से भाजपा के पार्षद मनोहर चौधरी है, वार्ड 62 से कांग्रस की हितांशी शर्मा, वार्ड 63 से भाजपा पार्षद ज्योति लोहार, वार्ड 64 से भाजपा के राकेश जैन और वार्ड 65 से निर्दलीय पार्षद पूनम चन्द मौड है।

# जिला परिषद सीईओ व उनकी पत्नी का आपसी विवाद थाने तक पहुंचा

## जिला परिषद सीईओ ने पत्नी के खिलाफ सरकारी लैपटॉप चोरी का आरोप लगाया

**धौलपुर, (निस) ।** जिला परिषद धौलपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चेतन चौहान के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। जिसमें वे शमशान में एक चिता के सामने बैठे हुए नजर आ रहे है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फोटो में अधिकारी को अघोरी और तांत्रिक बताया जा रहा है। इसे लेकर सीईओ चौहान ने अपनी पत्नी, साली और मामा ससुर के खिलाफ सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का मुकदमा कोतवाली थाना धौलपुर में दर्ज कराया है। इसके साथ ही अधिकारी ने अपनी पत्नी पर सरकारी आवास से लैपटॉप चोरी करने का मामला दर्ज कराया है।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चेतन चौहान ने बताया कि वैचारिक मतभेदों के चलते उनका पत्नी शीना चौहान से विवाद चल रहा है। जिसके चलते उनकी पत्नी 5 मई 2021 को उनके सरकारी आवास से सरकारी लैपटॉप ले गई। जिस लैपटॉप को वापस कराने के लिए नरेगा बाबू को 14 अगस्त 2022 को जोधपुर भेजा । पत्नी ने नरेगा बाबू को लैपटॉप देने से मना कर दिया। इसके के बाद सरकारी कार्यालय से 17 नवंबर 2022 को पत्नी को पत्र लिखकर लैपटॉप वापस मांगा। जिसके बाद 26 नवंबर 2022 को ईमेल के जरिए पत्नी से लैपटॉप वापस देने के लिए कहा गया।

लैपटॉप वापस ना देते हुए उनकी पत्नी शीना चौहान ने अपनी बहन मीनू शंकर और मामा ससुर संजय व्यास शंकर के साथ मिलकर नरेगा की सिक्योर सॉफ्ट पोर्टल पर जिला कलेक्टर के आईडी पासवर्ड से 30 नवंबर 2022 को बिना पत्रावली पर स्वीकृति के 29 कार्यों का मंजूरी दे दी गई। जिसके जरिए उनके ससुराल पक्ष के लोग उन्हें गबन के मामले में फंसाना चाहते हैं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चेतन चौहान ने बताया कि उनकी पत्नी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जोधपुर में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर तैनात हैं। जिन्होंने उनका मोबाइल हैक कर लिया। उन्होंने पत्नी पर उनके फोटो से छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया के साथ सभी रिश्तेदार को उन्हें अघोरी साधू फोटो वायरल बताकर वायरल करने का मामला दर्ज कराया है।

सीईओ चेतन चौहान ने बताया कि उनकी सास निधि शंकर का 3 मई 2021 को धौलपुर में निधन हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार उन्होंने धौलपुर के मुक्तिधाम में किया था। अंतिम संस्कार के बाद वह दो बार उनकी चिता के सामने बैठ कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे थे। कोतवाली थाना धौलपुर में मुकदमा दर्ज होने के बाद आरएएस चेतन चौहान की पत्नी शीना चौहान से मोबाइल पर बातचीत की। जिसमें उन्होंने बताया कि आरोप पूरी तरह से निराधार हैं।



जिला परिषद सीईओ चेतन चौहान का वायरल फोटो।

## संक्षिप्त

### छोटे भाई ने बड़े भाई को घायल किया

**टोंक, (निसं)।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में शोरगरान मौहल्ला सुभाष बाजार में दो सगे भाईयों में झगडा होने पर भाई ने भाई पर ही कैंची से हमला कर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में शोरगरान मौहल्ला में रहने वाले प्रमोद पुत्र बन्नालाल रैगर 35 साल निवासी शोरगरान का मौहल्ला का उसके छोटे भाई से झगडा हो गया और झगड़े के दौरान छोटे भाई ने उस पर कैंची से हमला कर घायल कर दिया। घायल शराब के नशे में बताया जा रहा था। जिसको सआदत अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया।

### पीड़िता को दो लाख का चेक दिया

**चाकसू, (निसं)।** सोमवार को उपखंड क्षेत्र के राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक डाबच, चाकसू( क्षेत्रीय कार्यालय दौसा) ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत प्रचलित बीमा योजना के अंतर्गत कैलाश भांड पुत्र रामनिवास निवासी डोसरा तहसील माधोराजपुरा की दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो जाने पर उसकी पत्नी को दो लाख का चैक सौंप कर अबला को सबल दिया। कार्यालय सहायक जेएन जैन ने बताया कि मृतक कैलाश भांड की पत्नी जो बैंक खाते में नोमिनी है, पीड़िता श्याम देवी को शाखा प्रबंधक आर के मीणा ने 2 लाख रूपए का चैक देते हुए लाभान्वित किया।

### 27 किलो डोडा पोस्त पकड़ा

**मालपुरा/टोंक, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने सोमवार को लाम्बाहरिसिंह कस्बे के देवल रोड पर अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर कार्यवाही करते हुए 27 किलो 616 ग्राम अवैध डोडा पोस्त पकड़ मोटरसाईकिल व मोबाइल जप्ती की कार्यवाही की। थानाधिकारी भागीरथ सिंह मय जाप्ते के लाम्बाहरिसिंह कस्बे के देवल रोड पर नांकाबंदी कर मोटरसाईकिल चालक द्वारा कट्टों में भरकर ले जाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त का संदेह होने पर चालक का पीछा किया। तो चालक बाइक छोड जंगल की ओर भाग छूटा।

# फसलों को पानी दिलाने के लिए उचित कार्रवाई करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** ग्राम पंचायत बरवास के ग्रामीणों ने सरपंच बाबूलाल मीणा के नेतृत्व में ढीबरु सागर बांध से किसानों की फसलों को पानी दिलाने के लिए उचित कार्यवाही की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

- ग्रामीणों ने असामाजित तत्वों पर ढीबरु सागर बांध की मोरियों को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया

सरपंच बाबूलाल मीणा, मोतीलाल गुर्जर, मोहन लाल, हीरालाल गुर्जर, गजराजसिंह सोलंकी आदि ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि ढीबरु सागर से ग्राम बरवास, क्यारिया, इस्लामपुरा, लक्ष्मीपुरा, नया गांव के किसानों की कृषि भूमि सिंचित होती है। बांध से दो नहरें निकलती है, जिससे कमांड क्षेत्र के किसान पानी पिलाते हैं और दोनों नहरों के पानी की निकासी के लिए दो मोरियां बनी हुई है। अभी किसानों के गेंहू की फसल में पानी की आवश्यकता है, परन्तु असामाजिक तत्वों द्वारा दोनों मोरियों में पत्थर, बबूंल के कांटे भर दिए हैं, पानी निकासी के मोरे में लगे हुए तवे से बोल्ट भी खोल कर ले गए हैं।



ढीबरु सागर बांध से पानी दिलाने के लिए ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

अकमांड क्षेत्र के किसान इंजन लगाकर पानी की चोरी करते हैं और सरकार को राजस्व भी नहीं देते हैं। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। इस समस्या के समाधान के लिए अभियंता सिंचाई विभाग टोंक को 14 दिसम्बर को पत्र दिया था, परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने मांग की है कि सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाने, राजकार्य में बांधा पहुंचाने पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाने की कार्यवाही की जाएं व किसानों की फसलों को समय पर पानी दिलाया जाए।

## बजरी खनन से संबंधित बैठक

**टोंक, (निसं)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह के सुपरविजन में वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद के नेतृत्व में बजरी खनन में आ रही समस्या व कानून व्यवस्था के संबंध में थानाधिकारी मेहन्दवास, सदर टोंक एवं लीजधारकों के प्रतिनिधिगण, माईनिंग इंजीनियर, नायब तहसीलदार एवं ग्रामवासी नयागांव, बोरदा, पालडा के साथ कार्यालय पुलिस अधीक्षक टोंक परिसर में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें ग्रामवासियों ने अवगत करवाया कि लीज क्षेत्र का चिन्हिकरण पूर्ण नहीं हुआ है, जिसके लिये नायब तहसीलदार व माईनिंग इंजीनियर को एक सप्ताह में चिन्हिकरण पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। ग्रामवासियों को हिदायत दी गई कि बजरी खनन के संबंध में कोई भी समस्या हो तो संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी को अवगत करवायें एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। मौके पर अनावश्क तनाव उत्पन्न नहीं करें, जो व्यक्ति कानून का उल्लंघन करेगा या किसी की संपति को नुकसान पहुंचायेगा। पुलिस द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

## निर्देश के बाद भी शिफ्ट नहीं हुआ रैन बसेरा

**सांभरझील, (निसं)।** नगर पालिका की ओर से अंबेडकर सामुदायिक भवन में लगाए गए रैन बसेरे को उपयुक्त स्थल पर शिफ्ट करने के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश के निर्देश के बावजूद पालिका प्रशासन की ओर से 15 दिन गुजर जाने के बाद भी कोई पालना नहीं की जा रही है।

काबिलेगौर है कि विगत दिनों तालुका विधिक सेवा समिति प्रभारी द्वारा किए गए निरीक्षण में मिली खामियों पर एडीजे ने इस मामले में खासी नाराजगी जाहिर की थी क्योंकि निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा पर ताले मिले थे तथा ताले खुलवा कर रजिस्टर चैक करने पर एक भी लाभार्थी की एंट्री नहीं मिली थी साथ ही रिकॉर्ड में रैन बसेरा अंबेडकर भवन में लगाया गया है। इसका भी कोई इंद्राज नहीं मिला था तथा बेसहारा लोगों इससे लाभान्वित किए जाने के लिए पालिका के स्तर से कोई व्यापक प्रचार-प्रसार भी नहीं किया जा रहा है। रैन बसेरा को पांच बत्ती चौराहा स्थित नेहरू बालोद्यान में शिफ्ट किए जाने के मौके पर ही पालिका को हिदायत दी गई थी। एडीजे बृजेश कुमार के मौखिक निर्देश को हवा करने अपेक्षित कार्रवाई नहीं किए जाने पर इसे गंभीरता से लेते हुए अब इस मामले में अधिशाषी अधिकारी को पत्र लिखकर तुरंत रैन बसेरा को उपयुक्त स्थल पर शिफ्ट करने का आदेश प्रदान किया है।

- नाराजगी व्यक्त करते हुए न्यायधीश ने अधिशाषी अधिकारी को लिखा पत्र
- पहले किये गये निरीक्षण में रैन बसेरा पर ताले लगे मिले थे

## टूटी पाइप-लाइन से व्यर्थ बह रहा है पानी

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के नगर पालिका के सामने टोंक रोड के नीचे जलदाय विभाग की टूटी हुई लाइन से हजारों लीटर पानी लंबे समय से व्यर्थ बह रहा है। जैसे ही सप्लाई शुरू की जाती है उसके बाद पानी बहना शुरू हो जाता है, जिससे थोड़ी देर में ही सड़क पर पानी बहता नजर आता है। एक तरफ कस्बे सहित उपखंड क्षेत्र के घरों के नलों तक सही समय पर पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे लोगों को पीने के पानी की समस्या बनी रहती है तो वहीं एक तरफ जलदाय विभाग की मुख्य लाइन टूटी होने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। कस्बे के लोगों का कहना है कि जहां पेयजल की समस्या हर मौसम में बनी रहती है और यहां जिम्मेदारों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी लीकेज की समस्या बनी हुई है। लेकिन अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के चलते टूटी पेयजल लाइन को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। जिससे पेय जल व्यर्थ बह रहा है। दूसरी ओर लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं लीकेज पाइप लाइन का मरम्मत कार्य जल्द ही करया जाना चाहिए।



चाकसू में टूटी हुई पाइप लाइन से पानी व्यर्थ बह रहा है।

# मुआवजे राशि को बार-बार बदलने से ग्रामीण परेशान

- तीन बार अलग मुआवजा राशि बनाई, सिस्टम की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल
- परेशान परिवारों ने मंत्री परसादी लाल मीणा के यहां इस मामले के समाधान को लेकर गुहार लगाई

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड के डिडवाना ग्राम पंचायत क्षेत्र में रेलवे लाइन के लिए आवाप्त की गई भूमि के मुआवजे को बार-बार बदलने से ग्रामीण परेशान हैं वहीं जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में खड़े हो रही है।

वहीं परेशान ग्रामीण परिवारों द्वारा मंत्री परसादी लाल मीणा के यहां इस मामले के समाधान को लेकर गुहार लगाई गई। रेलवे लाइन को लेकर किसानों एवं ग्रामीणों की पट्टे सुदा जमीन को आवाप्त करने के बाद भी इन लोगों को सालों गुजर जाने के बाद मुआवजा नहीं मिल पाया है। इस प्रकरण में दिलचस्प बात यह रही कि तीन बार तत्कालीन समय में रहे उपखंड अधिकारियों द्वारा अलग-अलग राशि का मुआवजा बना दिया गया।

मुआवजा राशि नहीं मिलने से पीड़ित राकेश सामोत्या आदि ने बताया कि सर्वप्रथम उपखंड अधिकारी लालसोट द्वारा 2012 में 48 लाख रुपए का मुआवजा बनाया गया। इसके बाद 2016 में 56 लाख रुपए का मुआवजा बनाया गया। वहीं 2022 में साढे 12 लाख रुपए का मुआवजा उपखंड अधिकारी द्वारा बनवाया गया। पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि इस मुआवजे से वंचित 9 परिवारों में से 2 परिवारों को मुआवजा दिया जा चुका है लेकिन सात परिवार अभी भी मुआवजा प्राप्त करने के लिए दर-दर ठोकरें खा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जिन सात परिवारों को अब तक जमीन अवाप्ति का मुआवजा नहीं मिला है उनकी जमीन पट्टे शुदा है। भूमि से संबंधित परिवारों द्वारा उपखंड अधिकारी द्वारा बनाए जा रहे इस मुआवजे में हो रही गफलत को दूर करवाते हुए विधि संगत मुआवजा दिलाने की मांग चिकित्सा मंत्री से की गई।

## पौषबड़ा महोत्सव आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ढाणी जयराम का वाली में स्थित जांट वाले बालाजी टोलाली पृथ्वीपुरा रोड पर स्थित बालाजी के पौषबड़ों का आयोजन किया गया।

बालाजी मंदिर के भक्त गोवर्धन लाल सैनी ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी बालाजी के पौष बड़ों का भोग लगाकर पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया । ढाणी के राजेंद्र कुमार सैनी, सुरेश कुमार व हंसराज सैनी ने बताया कि अवसर पर सुबह हनुमान जी की मूर्ति को चोला चढ़ाकर श्रृंगार किया गया तथा महा आरती के बाद कड़ी व बड़ा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर महेंद्र कुमार, मुन्नालाल, लालचंद, भंवरलाल, नितिन खडोलिया, लालचंद, ताराचंद, नरेंद्र कुमार, सतीश कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 'समस्याओं का समय पर हो समाधान'

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत चनानी में सोमवार को उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों द्वारा बताए गई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह ने कहा कि जनसुनवाई में ग्रामीणों द्वारा बताए गई समस्याओं का समय पर समाधान करें।

इस दौरान उन्होंने बीसलपुर पेयजल आपूर्ति समय पर देने के लिए सहायक अभियंता को निर्देशित किया। इसी प्रकार चनानी से चाकसू तक जाने वाले आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने, महासिंगपुरा में तालाब की पाल क पास से अतिक्रमण हटाने बाबत एवं गांव कचरिया में शमशान भूमि का रास्ता रिकॉर्ड में लेने, आयुर्वेद अस्पताल भवन हेतु भूमि आवंटन से संबन्धित मामलों में गिरदावर सुरेंद्र वर्मा और पटवारी को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार बिजली की अनियमित्ता को लेकर ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी रविकांतसिंह को शिकायत की। जिसके निस्तारण के लिए उपखण्ड अधिकारी ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को समय पर विद्युत सप्लाई देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच रमेश यादव व ब्लाक चिकित्सा अधिकारी शैलेन्द्र चौधरी सहित कई कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

- उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ

## एक हजार छात्राओं को मिलेंगी जर्सियां

**खैरथल, (निसं)।** स्वामी ध्यानगिरी महाराज की पुण्यतिथि पर भरने वाले तीन दिवसीय मेले में एक हजार छात्राओं को ऊनी जर्सियां वितरित की जाएगी। मेले से पहले विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा।

मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आश्रम के प्रभारी संत स्वामी गोविंद गिरी महाराज के सानिध्य में बैठक कर सेवादारों को दायित्व सौंपे गये। बैठक में पूज्य सिन्धी पंचायत अलवर के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा व पूज्य सिन्धी पंचायत खैरथल के मुखी मनोहर लाल रोघा उपस्थित रहे। तीन दिवसीय मेले से पूर्व 8 जनवरी को विशाल रक्तदान शिविर किया जाएगा, तीन दिवसीय मेले में 12 जनवरी को कन्या वंदन व एक हजार छात्राओं को जर्सियां वितरित की जाएगी। इसी दिन सांय 7 बजे पुष्करणा ब्रहाम्ण समाज की ओर से सांस्कृतिक संध्या होगी। अगले दिन,13 जनवरी को प्रभातफेरी के बाद 11 बजे आश्रम पर झंडारोहण,सांय 8 बजे से पाकिस्तान के विख्यात गायक रमेश राही एंड पार्टी द्वारा सूफी नज़्म भजन संध्या कार्यक्रम होगा तथा 14 जनवरी को सुबह 9 बजे हवन-पूजन 11 बजे कन्या भोज, 11.15 बजे से भजन कीर्तन व 12 बजे से आम भंडारा,सांय 6 बजे पल्लव और 7 बजे भगवान झूलेलाल का पूज्य बहराणा साहब होगा।

# कोटपूतली में होने वाली जनाक्रोश सभा की तैयारी बैठक सम्पन्न

**कोटपूतली, (निसं)।** 5 जनवरी को आयोजित होने वाली भाजपा की जन आक्रोश सभा की तैयारियों को लेकर कोटपूतली में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक स्थानीय जय विलास मैरीज गार्डन में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विधानसभा के सभी मण्डल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को सभा के सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गई।

इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि राजस्थान में वर्तमान कांग्रेस सरकार ने चार साल में विकास को रोक दिया है और राजस्थान की जनता मुख्यमंत्री बनने के खेल में खामियाजा भुगत रही है। आज राजस्थान में किसानों, महिलाओं व युवाओं का दर्द असहनीय बन गया है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के कुशासन, जंगलराज, भ्रष्टाचार, दलितों व महिलाओं पर अत्याचार, युवाओं की भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, महिला उत्पीडन, किसान ऋणमाफी, गैंगवार, लूटपाट, बिगडी हुई कानून व्यवस्था से जन जन में आक्रोश है।

राजस्थान की जनता इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फैकने का मन बना चुकी है। जन आक्रोश सभा के विधानसभा प्रभारी रोशन लाल सैनी ने बताया कि सभा में भाजपा के सभी कार्यकर्ता इस जन विरोधी कांग्रेस सरकार के काले कारनामों को आमजन के समक्ष उजागर करने का काम करेंगे। भाजपा नेता मुकेश गोयल ने कहा कि जन आक्रोश सभा में सभी कार्यकर्ता अपने स्तर पर प्रयास कर अधिकाधिक संख्या में पहुंचें।




तैयारी बैठक को जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौधरी, जिलामंत्री रविन्द्र सिंह, विधानसभा संयोजक एवं जिलामंत्री सुभाष चन्द शर्मा, भाजयुमो प्रदेश मंत्री विनोद सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव यादव, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सुबेसिंह मोरोड़िया, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल रावत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, नगर मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, पूरब मण्डल अध्यक्ष सुभाष घोघड, उत्तर मण्डल अध्यक्ष रमेश रावत, दक्षिण मण्डल अध्यक्ष कैलाश चन्द स्वामी, उप प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र रहीसा, कमल यादव, जेपी सैनी ने भी अपने सम्बोधन में राज्य की कांग्रेस सरकार को कोसा।

बैठक में भाजपा नेता बगुला प्रसाद स्वामी, धूड़सिंह शेखावत, बजरंग लाल शर्मा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पुरण मल सैनी, मनोज नारायण शर्मा, जयराम टापरी, राजेन्द्र सिंह भौनावास, भाजयुमो उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, विक्रम फाईनेंसर, हरिद्वारी लाल स्वामी, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शीशराम होलदार, कमल यादव, पूर्व जिलामंत्री यादराम जांगल, नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष प्रमोद गुरूजी, दयाराम कुमावत, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिनेश कमांडेंट, हरदान लीडर, सुरेश वैद्यजी, धर्मपाल गुर्जर, दिलीप यादव, विजय कुमार आर्य, राजेश सराधना, सोनू चौधरी, जयसिंह पायला, मुखिया पायला, राहुल सोनी, रविप्रकाश शर्मा, रवि शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

- सभा के सफल आयोजन के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी

## निःशुल्क लाइब्रेरी का उद्घाटन

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास में जागृति संस्थान द्वारा संचालित सावित्रीबाई ज्योतिबा फुले लाइब्रेरी केंद्र का सोमवार को एसडीएम ऋषभ मंडल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ आधुनिक लाइब्रेरी का होना भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गांव में लाइब्रेरी के संचालन से विद्यार्थियों को अध्ययन के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सचिन यादव ने की। उन्होंने गांव को आदर्श गांव बनाने का संकल्प को दोहराते हुए कहा कि पंचायत की तरफ से गांव में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव, पूर्व गिरदावर रामनिवास यादव तथा जोधपुरा-मोहनपुरा पुनर्वास संघर्ष समिति के अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया रहे। जागृति संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम शुक्लावास ने संस्थान के कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं व छात्राओं ने सिर पर दोघड व कलशयात्रा कर एसडीएम का स्वागत किया। इस मौके पर महावीर यादव, बनवारी लाल शास्त्री, रमेश यादव , दाताराम यादव अध्यक्ष सहकारी समिति शुक्लावास, हनुमान मास्टर, जयसिंह मास्टर, गणेश मास्टर, गोकुल यादव, कृष्ण रावत, ओमप्रकाश गुर्जर मास्टर, मुकेश यादव, कमला जांगिड़, अनिता जाट, सुनीता, ममता जांगिड, श्रवण यादव सहित सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन पाउडर बांटा



**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** इनरव्हील क्लब बहरोड़ द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 18 पर गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन पाउडर वितरित किया और बहादुरी का परिचय देने वाली ललिता यादव को सम्मानित किया। क्लब की संस्थापक एवं संरक्षक डॉक्टर अनुपमा शर्मा ने बताया कि नववर्ष की शुरुआत में इनरव्हील टीम ने गर्भवती महिलाओं और उनकी होने वाली संतान के उज्जवल भविष्य की कामना के लिए यह आयोजन किया है। वहीं जच्चा बच्चा के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रोटीन पाउडर का वितरण किया गया। क्लब सदस्य डॉ. सपना यादव ने गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन पाउडर से होने वाले लाभ के बारे में बताया। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि कुछ समय पहले ललिता यादव ने नारी चौपाल से पैदल आते समय पीछे से एक बाइक वाले ने उनके गले की सोने की चेन खींचने का प्रयास करने पर हाथ में पकडे पर्स पर भी हाथ डालने पर बहादुरी का परिचय देते हुए उसने बाइक वाले के चेहरे पर अपने हाथ से वार किया जिससे घबराकर चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जिसके लिए उनको सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब कोषाध्यक्ष गुड्डी अग्रवाल, बबीता शर्मा, रेखा, राजेश वर्मा, जिया शर्मा एवं गर्भवती महिलाएं मौजूद रही।

### सीएलजी सदस्यों की बैठक



**फुलेरा, (निसं)।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर में सोमवार को सायं 4 बजे सीएलजी सदस्यों की एक आवश्यक बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार, फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय यादव की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने सर्वप्रथम नववर्ष की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात बैठक में सभी सदस्यों को सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई। साथ ही कहा कि क्षेत्र में अवैध एवं संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलते ही तुरंत स्थानीय थाने को सूचित कर अपराध पर अंकुश लगाने में सहयोग करें। वहीं पुलिस मित्रों को क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को रोकने में पुलिस की गश्त टीम द्वारा की जाने वाली रात्रि गश्त में साथ रहने के लिए निर्देशित किया गया। इसके बाद थाना परिसर स्थित शिवालय में पौषबड़ा प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह शेखावत, मुकेश गगरानी, सुनिता देवी, गंगा सोनी, मधु वर्मा, सोना देवी, अलीमुद्दीन जोया, मोहन सिंह तंवर, गोपाल सिंह, जीवण लाल गुर्जर, विष्णु सोनी, उमेश गोठन, हनुमान सिंह, राजेन्द्र कुमार वर्मा, दयानन्द चौधरी, कालूराम प्रजापति सिनोदिया, योगेन्द्र गहलोत, ईश्वर कुमार सैनी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### श्रीराम-जानकी की सजाई झांकी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा की ग्रामीण गौशाला के राधा कृष्ण मंदिर में तीन दिवसीय रामचरितमानस प्रवचन के दूसरे दिन प्रवचनकर्ता साध्वी दुर्गा किशोरी ने ग्रामीणों के साथ गौ पूजन किया। उन्होंने कहा कि हर युग में भगवान के साथ गौ माता का अटूट रिश्ता रहा है हर युग में गौ माता की सच्ची सेवा होती रही है क्योंकि इसमें हर देव का निवास है और इसका दूध, गौ मूत्र,आजकल हर दवा के रूप में उपयोग हो रहा है। साध्वी दुर्गा किशोरी ने कहा कि सभी भक्तों से निवेदन है कि आवारा गायों को गौशाला तक पहुंचाएं और उनको सुबह शाम गौ ग्रास जरूर देना चाहिए। अंत में श्रीराम व जानकी की सजीव झांकी सजाकर राजतिलक किया गया। मंदिर के महंत राघवेंद्र दास महाराज ने बताया कि 3 जनवरी को सुबह श्री बालाजी सुंदरकांड पाठ सेवा समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा व हवन पूजन के साथ प्रसादी वितरण किया जाएगा। जिसमें आसपास के साधु संत भी उपस्थित होंगे ।

### आर्य के पक्ष में समर्थन मांगा

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** मेघवाल विकास समिति ब्लॉक बहरोड़ के अध्यक्ष का चुनाव होने की स्थिति के चलते क्षेत्र के शिक्षित वर्ग ने मेघवाल समाज के अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी हीरालाल आर्य के पक्ष में चुनाव हेतु समर्थन मांगा। जिसमें निभोर में समर्थकों ने बताया कि मेघवाल समाज के द्वारा सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी हीरालाल आर्य का नाम सर्वसम्मति से देने के पश्चात गुटबाजी के चलते चुनाव की स्थिति में मेघवाल समाज बहरोड़ में अध्यक्ष के चुनाव होंगे। ऐसी स्थिति होने के पश्चात मेघवाल विकास समिति अध्यक्ष पद का चुनाव करने में क्षेत्र के 1053 मतदाताओं को दोनों गुटों सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी हीरालाल आर्य तथा सुभाष जेलर लोगों घर घर जाकर 8 जनवरी को होने वाले चुनाव के लिए समर्थन मांगते नजर आए।

### बलाई समाज ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** मेघवंशी (बलाई) समाज विकास समिति के बैनर तले समाज के प्रबुद्धजनों ने सोमवार को एसडीएम रामकुमार वर्मा को सौंपे ज्ञापन में अवगत करवाया कि खसरा नम्बर 1337/299/1/3 रकबा 5 बीघा जो कि बृजलाल नगर के राजस्व रिकार्ड में मेघवंशी समाज के नाम खातेदारी व कब्जाशुदा वर्ष 1992 से 2018 तक तरमीम है। उक्त भूमि पर गिरदावर रामदास माली व पटवारी कैलाश चन्द सहित एक अन्य पटवारी बाबूलाल वर्मा ने अन्य खातेदारों से साजिश कर सरकारी दस्तावेज लट्टा सीट में फेरबदल कर एससी की जमीन को नष्ट कर दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। जिससे समाज के गहरा आक्रोश व्याप्त है। मेघवंशी ज्ञापन के जरिए दोषी राजस्वकर्मियो के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की मांग की।

### जोहड़ की सफाई की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा के ग्रामीणों ने गोरिया वाला जोहड़ की सफाई व अतिक्रमण हटवाने को लेकर एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया की नारेहड़ा में गोरिया वाला जोहड़ अति प्राचीनहै, जिसमें 4 गांवों का पानी आता है। पहले इसमें मछली हुआ करती थी जोहड में कई वर्षों से सफाई नहीं हुई। जिससे जोहड़ मिट्टी से भर गया है और कुछ लोगों द्वारा जोहड़ पर अतिक्रमण किया हुआ हैं। ज्ञापन सौंपकर जोहड की सफाई करवाने व अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई है। इस दौरान जगदीश सिंह गुरुजी, संजय सिंह, विजय सिंह, महिपाल सिंह, जयभगवान सिंह, वीरेंद्र सिंह, भोजराज सिंह, संजय जोशी आदि मौजूद रहे।

### पौषबड़ा का हुआ आयोजन

**पावटा, (निसं)।** पावटा के चौहान मार्किट में पौषबड़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोपहर एक बजे भगवान को भोग लगा कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इस दौरान दाल के पकोड़े बनाकर आये हुए राहगीरों को खिलाएं। इस अवसर पर पावटा चेयरमैन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा, रोहिताश ताखर, बद्री प्रसाद चौहान, जिला महामंत्री वरिष्ठ जगदीश जांगिड, अमर, दिनेश मेहरडा यादव, सरदारमल चौधरी, गजानंद टीलावत, विजय कुमार स्वामी, धर्मेंद्र शर्मा, शरद शर्मा, गोविंद शर्मा, गोविंद स्वामी, दयाराम सैनी, महेश सैनी सहित कार्यकर्ताओं ने पौषबडा आयोजन को सफल बनाया।

### जुआ खेलते तीन जने गिरफ्तार

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद गंगापुर सिटी के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए बौंली पुलिस ने एक युवक को अवैध 56 देशी शराब के पव्वों के साथ एवं तीन युवकों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया है। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा ने बताया कि जस्टाणा रोड पर अवैध देसी शराब के 56 पव्वों के साथ संतोष बैरवा निवासी बाड बरियारा थाना बौंली को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य कार्रवाई में जुआ खेलते हुए राजेंद्र रैगर, दीपक रैगर व विष्णु रैगर को खाद बाग निवाई रोड बौंली के सामने से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के पास से 10हजार 225 नगद वह जुए के उपकरण बरामद किए गए हैं।




खिलाड़ियों को सावधान रहना होगा। उन्हें खुद गाड़ी चलाने की जरूरत नहीं है। वह आसानी से एक ड्राइवर का खर्च उठा सकते है। मैं समझता हूं कि किसी को ऐसी चीजें करने का जनून होता है। लेकिन आपकी जिम्मेदारियां भी होती है। - कपिल देव

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, ऋषभ पंत के मामले को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — जोफ्रा आर्चर



कोहनी और पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण पिछले लंबे समय से बाहर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर वर्ष 2023 में मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। आर्चर ने ट्विटर पर अपनी वापसी की घोषणा करते हुए कहा, धन्यवाद 2022, मैं तैयार हूं 2023 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियंस ने आर्चर को आठ करोड रुपए में खरीदा था लेकिन चोटिल होने के कारण वह पिछले सत्र में नहीं खेल पाए थे। पांच बार का आईपीएल चैंपियन मुंबई अब जसप्रीत बुमराह के साथ उनकी खतरनाक जोडी तैयार करने की उम्मीद कर सकता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# नये साल में नये कप्तान के साथ नयी शुरुआत करेगा भारत

## श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मुकाबला आज

मुंबई, 2 जनवरी। भारतीय टीम हार्दिक पांड्या की कप्तानी में श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में मंगलवार को नये दृष्टिकोण के साथ नये साल की शुरुआत करना चाहेगी। भारतीय क्रिकेट के लिये निराशाजनक रहे 2022 में टी20 विश्व कप की हार ने टीम के खेलने के तरीके पर कई सवाल खड़े किये। भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट की करारी शिकस्त मिली, जिसके बाद टीम के बल्लेबाजी के नजरिये पर चर्चा शुरू हो गयी।

विश्व कप के फौरन बाद न्यूजीलैंड में हुई टी20 शृंखला में वरिष्ठ खिलाड़ियों को आराम दिया गया, जबकि टीम की कमान पांड्या को सौंप दी गयी। सीरीज 1-0 से जीतने के बाद पांड्या ने भविष्य की योजनाओं और नये दृष्टिकोण से खेलने पर जोर दिया। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज न्यूजीलैंड दौरे के बाद बतौर कप्तान पांड्या का पहला अभियान है। पांड्या इस सीरीज में भी रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तानी कर रहे हैं, और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में टीम की कमान उनके हाथ में जाने की बीसीसीआई ने कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

यह सीरीज हालांकि भारतीय टी20 टीम में होने वाले संभावित बदलावों की ओर स्पष्टता दे सकती है। पांड्या को कप्तानी सौंपने के अलावा इस सीरीज के लिये सूर्यकुमार यादव को उपकप्तान बनाया गया है। सूर्यकुमार 2022 में भारत के लिये सर्वाधिक टी20 रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 187.43 के स्ट्राइक रेट से 1164 रन बनाये, जिसके लिये उन्हें पदोन्नित के साथ पुरस्कृत किया गया है। श्रीलंका के खिलाफ यह सीरीज कई युवा खिलाड़ियों के लिये दमखम दिखाने का मौका होगा। टी20 विश्व कप 2024 की ओर बढ़ते हुए भारत इस प्रारूप में नयी टीम बनाने पर ध्यान दे रहा है। सूर्यकुमार यादव के पास उप-कप्तान के किरदार में आकर प्रदर्शन करने का अवसर तो होगा ही, साथ ही लंबे समय बाद टी20 टीम में वापस आये ईशान किशन और रुतुराज गायकवाड भी मौका मिलने पर उसे अच्छी तरह भुनाना चाहेंगे।

करीब सात माह से भारतीय स्क्वाड में शामिल रहने का बावजूद राहुल त्रिपाठी ने अब तक राष्ट्रीय पदार्पण नहीं किया है। त्रिपाठी के साथ-साथ युवा तेज गेंदबाज शिवम मावी और मुकेश कुमार को भी इस सीरीज में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिल सकता है।

वरिष्ठ खिलाड़ियों से सजी टीम में दीपक हुड्डा लगातार निचले क्रम में बल्लेबाजी करते आये हैं, हालांकि यहां वह ऊपरी क्रम में लौटते हुए दिख सकते हैं। हुड्डा ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में सिर्फ एक बार 50 का आंकड़ा पार करते हुए आयरलैंड के खिलाफ शतक जड़ा था, और यह पारी उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए खेली थी। वाशिंगटन सुंदर की टीम में वापसी भारतीय बल्लेबाजी को गहराई प्रदान करेगी। युवा खिलाड़ी इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करके वरिष्ठ खिलाड़ियों के लौटने के बाद भी टीम में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेंगे। दूसरी ओर, वाशिंगटन सुंदर की वापसी टीम को बल्लेबाजी में गहराई प्रदान करती है, साथ ही वह पांड्या के बाद दूसरे प्रमुख ऑलराउंडर भी हैं।

सुंदर मध्य ओवरों में भारत के लिये विकेट निकालने की क्षमता रखते हैं, जबकि शुरुआती और अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाजी अर्शदीप सिंह के इर्द-गिर्द घुमेगी। इसके अलावा श्रीलंका को उमरान मलिक का सामना भी करना पड़ सकता है, जो संभवतः भारत के ''नये दृष्टिकोण'' वाले टी20 क्रिकेट का हिस्सा होंगे। भारत और श्रीलंका जब इससे पहले आमने-सामने आये थे तब रोहित शर्मा की टीम ने सीरीज 3-0 से जीती थी, हालांकि एशिया कप 2022 में श्रीलंका ने भारत को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर शाम सात बजे से शुरू होने वाले मुकाबले में पांड्या की टीम के पास अपना दबदबा वापस हासिल करने का मौका होगा।

# ऋषभ पंत को किया आईसीयू से निजी वार्ड में स्थानांतरित



देहरादून, 2 जनवरी। सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद मैक्स अस्पताल में भर्ती भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत की हालत में सुधार होने के बाद उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) से निजी वार्ड में स्थानांतरित किया गया है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने सोमवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

पंत 30 दिसंबर को उत्तराखंड के रुड़की में अपनी मां से मिलने के लिये जा रहे थे जब उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई। वह कार में आग लगने के बावजूद चमत्कारपूर्ण तरीके से बच गये, हालांकि इस दुर्घटना में उनके घुटने, पैर की उंगलियों और एड़ी में चोट लग गयी। पंत यहां मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चिकित्सक इकाई अस्पताल के साथ मिलकर उनका उपचार कर रही है। उल्लेखनीय है कि पंत का मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी का स्कैन 30 दिसंबर को ही कर लिया गया था, हालांकि दर्द और सूजन के कारण घुटने और पैर के स्कैन अभी नहीं किया गया है। उनके घावों और माथे में लगी चोटों के इलाज के लिये प्लास्टिक सर्जरी की गई थी, हालांकि एमआरआई स्कैन अभी नहीं किया गया है।

बीसीसीआई को उम्मीद है कि पंत अगले दो से तीन दिन में चलने फिरने के लिये फिट होंगे और बोर्ड के डॉक्टर दो लिगामेंट चोट की स्थिति का जल्द से जल्द उपचार शुरू कर सकेंगे। यह फिलहाल ज्ञात नहीं है कि चोटों के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या सिर्फ रिहैब की। इस कारण बोर्ड को यह नहीं पता कि पंत को मैदान पर लौटने में कितना समय लगेगा।

भारत को फरवरी-मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और संभवतः इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पंत के बिना उतरना पड़ सकता है। इसके अलावा अक्टूबर में भारतीय सरजमीन पर एकदिवसीय विश्व कप का आयोजन भी होगा। पंत के पूरी तरह फिट होकर विश्व कप में खेलने की उम्मीदें कम हैं, हालांकि इससे पूरी तरह इंकार नहीं किया जा सकता।

## बेजलवुड को भरोसा, जल्द ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं लांस मौरिस

सिडनी, 2 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के चोटी के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भरोसा है कि अपनी अतिरिक्त तेजी और सटीकता के कारण युवा तेज गेंदबाज लांस मौरिस जल्द ही टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं। मौरिस को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिडनी में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के लिए टीम में चुना गया है तथा ऑलराउंडर कैमरन ठीन और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिल सकती है। सिडनी का विकेट परंपरागत रूप से स्पिनरों को मदद पहुंचाता है लेकिन बारिश की भविष्यवाणी को देखते हुए मौरिस के लिए मौका बन सकता है। हेजलवुड का मानना है कि मौरिस यह भूमिका निभाने के लिए उपयुक्त व्यक्ति है। हेजलवुड ने सोमवार को एक वेबसाइट से कहा,''मौरिस के पास वह अतिरिक्त तेजी है जिसकी हमें मिशेल स्टार्क के अनुपस्थित में कमी खलती। उसकी सटीकता भी शानदार है और उसको मौका मिल सकता है।''

## यूनाइटेड कप में नडाल की लगातार दूसरी हार

सिडनी, 2 जनवरी। विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी और 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल को यूनाइटेड कप में सोमवार को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने दो घंटे 44 मिनट चले ग्रुप-डी मुकाबले में स्पेन के नडाल को 3-6, 6-1, 7-5 से मात दी। डी मिनौर ने जीत के बाद कहा, मुझे इस बात की और ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि मैं इस कोर्ट पर राफा (नडाल) पर अपनी पहली जीत हासिल करने में कामयाब रहा, यह कोई रहस्य नहीं है कि यह दुनिया में मेरा पसंदीदा कोर्ट है। उन्होंने कहा, राफा ने जो कुछ इस खेल के लिये किया है वह आश्चर्यजनक है इसलिए मैं उन्हें हराकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक सपने के सच होने जैसा है। इससे पहले स्पेन के दिग्गज नडाल को ब्रिटेन के कैमरन नोरी के हाथों भी शिकस्त मिली थी। सिडनी, ब्रिस्बेन और पर्थ में आयोजित मिश्रित टीम टूर्नामेंट यूनाइटेड कप में 18 देश हिस्सा ले रहे हैं। हर शहर के दो समूहों की विजेता टीमें बुधवार को होने वाले दूसरे चरण में जगह बनायेंगी। इस चरण से आगे बढ़ने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में हिस्सा लेंगी। ग्रुप-डी से स्पेन और ऑस्ट्रेलिया पहले ही बाहर हो चुके हैं, जबकि ब्रिटेन ने दोनों को मात देकर दूसरे चरण में जगह बना ली है। ब्रिटेन को अब ग्रुप-सी की विजेता अमेरिका का सामना करना है। इसी बीच, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-1, 6-4 से हराया, जबकि मैडिसन कीज ने ज्यूल नीमियर को 6-2, 6-3 से मात देकर अमेरिका को दूसरे चरण में पहुंचाया।

## पेले के अंतिम संस्कार के लिए विला बेलमिरो स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों का जमावड़ा

सांतोस (ब्राजील) 2 जनवरी। दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी पेले के अंतिम संस्कार से पहले उनके गृह नगर सांतोस में विला बेल्मिरो स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों की कतार लग गयी है। ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी का गुरुवार को कैंसर से लड़ाई के बाद निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। पेले ने साओ पाउलो के बाहर 16,000 सीटों वाले स्टेडियम में अपने करियर के कुछ सर्वश्रेष्ठ गोल किए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा और मंगलवार को यहां से सिर्फ 600 मीटर की दूरी पर एक वर्टिकल कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा। एडसन अरांतेस डो नासिमेंटो यानी पेले को अंतिम विदाई देने के लिए प्रशंसकों का सोमवार तड़के से जमावड़ा लगना शुरू हो गया। इन प्रशंसकों में ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश गिलमार मेंडेस भी शामिल थे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, यह बहुत दुखद क्षण है, लेकिन अब हम इस महान खिलाड़ी का हमारे देश के लिए योगदान के वास्तविक अर्थ को देख रहे हैं।'' विला बेलमिरो के अंदर पेले के ताबूत को रखने के लिए एक बड़ा तंबू लगाया गया है।

# भारत, पाकिस्तान दौरे से बाहर हुए मिल्ने

वेलिंगटन, 2 जनवरी। न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज एडम मिल्ने की ''तैयारी से जुड़ी चिंताओं'' के कारण भारत और पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर शृंखलाओं से उनका नाम वापस ले लिया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

बोर्ड ने बताया कि भारत के हालिया न्यूजीलैंड दौरे के दौरान चोटठास्त होने वाले मिल्ने के लिये 16 दिनों के अंतराल में छह एकदिवसीय मैच खेलना ''बहुत बड़ा जोखिम'' था। कीवी टीम में मिल्ने की जगह ब्लेयर टिकनर को शामिल किया गया है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान जारी कर कहा, ''पाकिस्तान और भारत में 16 दिनों में छह एकदिवसीय मैचों की संभावना को बहुत बड़ा जोखिम माना गया। इसलिए आपसी समझौते से मिल्ने की जगह ब्लेयर टिकनर को टीम में लाने का फैसला किया गया, जो टेस्ट टीम के साथ पाकिस्तान में पहले ही मौजूद हैं।'' एनज़ेडसी के चयनकर्ता गेविन लार्सन ने कहा कि यह फैसला उनके लिये आसान नहीं था।

लार्सन ने कहा, एडम ने आगामी दौरों पर एकदिवसीय गेंदबाजी की तैयारी की कमी से जुड़ी अपनी चिंताएं हमारे सामने रखीं। उनसे चर्चा के बाद हम इस बात पर सहमत हुए कि दौरे से पहले की जाने वाली उसकी तैयारी लगातार तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज की मांगों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। हम उनकी ईमानदारी और टीम को निराश नहीं करने की उनकी इच्छा की सराहना करते हैं।''

न्यूजीलैंड पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला की शुरुआत नौ जनवरी को करेगी। इसके बाद ब्लैक कैप्स भारत रवाना होंगे जहां उन्हें तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलने हैं। सीमित ओवर कप्तान केन विलियम्सन भारत दौरे पर टीम के साथ नहीं होंगे और उनकी गैरमौजूदगी में टॉम लैथम न्यूजीलैंड की अगुवाई करेंगे।

**पाकिस्तान और भारत दौरों के लिये न्यूजीलैंड टीम :** केन विलियमसन (कप्तान) (केवल पाकिस्तान वनडे), टॉम लैथम (कप्तान, भारत वनडे), फिन एलेन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन (भारत वनडे), डेवोन कॉनवे, जैकब डफी (भारत वनडे), लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, ब्लेयर टिकनर, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, हेनरी शिपली, ईश सोढ़ी, टिम साउदी (पाकिस्तान वनडे)।

## भारत दौरे के बारे में नहीं सोच रहा, द. अफ्रीका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन पर ध्यान : रेनशॉ

सिडनी, 2 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया टीम में करीब पांच साल बाद वापसी से खुश टेस्ट क्रिकेटर मैट रेनशॉ ने कहा कि बुधवार से सिडनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अगर उन्हें चुना जाता है तो वह दमदार प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। इस बायें हाथ के 26 साल के बल्लेबाज ने 2018 में रेगमाल (सैंडपेपर) प्रकरण से सुर्खियों में आये केपटाउन (दक्षिण अफ्रीका) टेस्ट के बाद राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। उन्होंने अब तक 11 टेस्ट खेले है जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 184 रहा हैं।

ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के चोटिल होने के कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के आखिरी मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। रेनशॉ ने 'एसईएन' से सोमवार को कहा, '' मैं सिर्फ सिडनी टेस्ट के बारे में सोच रहा हूं। कुछ विदेशी दौरे से पहले घरेलू टेस्ट मैच के लिए टीम में जगह बनाना अच्छा है।

रेनशॉ ने कहा कि वह फिलहाल फरवरी की शुरुआत में भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उनका ध्यान यह अगले मुकाबले पर है। रेनशॉ ने कहा, '' मैंने बहुत कुछ सीखा है । मैं जानता हूं कि क्रिकेट में आप ज्यादा दूर की योजना नहीं बना सकते है।

## राजस्थान-कश्मीर में मुकाबला बराबरी पर छूटा



जयपुर, 2 जनवरी। कालीकट केरला में आयोजित 76 वी सीनियर संतोष ट्रॉफी में आज राजस्थान व जम्मू एंड कश्मीर के मध्य मैच खेला गया जिसमें राजस्थान कश्मीर के मध्य मुकाबला बराबरी पर छूटा राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि दोनों ही टीमों ने बहुत ही आक्रमक खेल खेला। मैच की शुरुआत में ही राजस्थान को गोल करने के कई अवसर मिले लेकिन गोल में तब्दील नहीं कर सके राजस्थान की तरफ से युवराज सिंह इमरान सुजल कमल चौधरी को कई अवसर मिले लेकिन गोल करने का मौका गवा दिया अगला मुकाबला 4 जनवरी को मिजोरम की टीम से होगा।

## हार्दिक ने टेस्ट में सूर्यकुमार को मौका देने का समर्थन किया

मुंबई, 2 जनवरी। भारतीय टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या ने पिछले साल सीमित ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले सूर्यकुमार यादव को टेस्ट टीम में शामिल करने का सोमवार को यहां समर्थन किया। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले से पहले हार्दिक ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप के उपकप्तान का समर्थन करते हुए कहा कि सूर्यकुमार खेल के तीनों प्रारूप में टीम के अहम सदस्य हो सकते है। सूर्यकुमार ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने का इरादा जाहिर करते हुए कहा था कि वह देश के लिए लाल गेंद से क्रिकेट खेलने का हमेशा सपना देखते रहे है। वह उन गिने-चुने मौजूदा भारतीय खिलाड़ियों में से हैं जिन्होंने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी का मैच खेला है।

## धामने ने एटीपी पदार्पण पर हारकर भी जीता दिल

पुणे, 2 जनवरी। युवा खिलाड़ी मानस धामने ने टाटा ओपन महाराष्ट्र के पहले चरण में सोमवार को अमेरिका के माइकल मोह के हाथों हारने के बावजूद अपने एटीपी टूर पदार्पण पर सबको प्रभावित किया। बालेवाड़ी स्टेडियम पर खेले गये पुरुष एकल मुकाबले में धामने को 2-6, 4-6 से हार मिली, हालांकि 15 वर्षीय धामने ने अपने से नौ साल बड़े अमेरिकी खिलाड़ी का एक घंटा 28 मिनट तक सामना किया।

धामने ने आत्मविश्वास से मैच की शुरुआत की और मोह को सिर्फ एक अंक देकर पहला गेम जीत लिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने पहला सेट 6-2 से अपने नाम करने के बाद अगले सेट में भी 5-1 की मजबूत बढ़त बना ली। मौजूदा एशियाई जूनियर चैंपियन धामने ने इसके बाद भी हार नहीं मानी और कड़ा संघर्ष तीन गेम जीतकर मैच को 5-4 से बराबरी पर ला दिया।

चारों ठौंड स्लैम प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके मोह ने आखिरकार अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मैच में जीत हासिल की। धमने को हाल ही में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए दक्षिण एशिया के एकमात्र एटीपी 250 आयोजन में वाइल्डकार्ड दिया गया था। धामने ने घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलते हुए विश्व के पूर्व नंबर 96 मोह को प्रत्येक अंक के लिये कड़ी मेहनत करने के लिये मजबूर किया। धामने ने मैच के बाद कहा, ''मैच से पहले मैं थोड़ा घबराया हुआ था लेकिन जैसे ही मैं कोर्ट पर गया और कुछ अंक खेले, मुझे अच्छा लगा।

# हमारा प्यार और दुआएं पंत के साथ हैं : पांड्या

मुंबई, 2 जनवरी। भारतीय टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या ने सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल होने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के जल्दी ठीक होने की कामना करते हुए सोमवार को कहा कि टीम की दुआएं उनके साथ हैं।

पांड्या ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 की पूर्व संध्या पर कहा, ''जो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उस पर किसी का बस नहीं था और एक टीम के रूप में हम उसे (पंत को) शुभकामनाएं देते हैं। हमारा प्यार और दुआएं हमेशा उसके साथ हैं और हम उसके जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं।''

पंत पिछले शुक्रवार तड़के रुड़की में अपने परिवार से मिलने जाते हुए एक गंभीर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गये थे। उन्हें इस दुर्घटना में सिर, पीठ, घुटने और टखने में चोटें आईं थीं और वह वर्तमान में देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती हैं।

पांड्या ने कहा, ''जाहिर है, पंत का होना बहुत महत्वपूर्ण था लेकिन अब हर कोई जानता है कि स्थिति कहां है। अगर ऋषभ भी होता, तो इससे बहुत फर्क पड़ता। हां, वह जिस तरह का खिलाड़ी है, लेकिन अब वह इस स्थिति में नहीं है। यह कुछ ऐसा है जिसे हम नियंत्रित नहीं कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''ऐसे कई लोग हैं जिन्हें मौके मिल सकते हैं। देखते हैं कि भविष्य ने हमारे लिये क्या रखा है और इसके साथ आगे बढ़ते हैं।''

## थापा, टोकस पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

हिसार, 2 जनवरी। रिकॉर्ड छह बार के एशियाई पदक विजेता शिव थापा और राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता रोहित टोकस ने छठी एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में सोमवार को यहां जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।

असम का प्रतिनिधित्व करने वाले थापा (63.5 किग्रा) नेअपने अनुभव और तकनीकी क्षमता का उपयोग कर अंतिम-16 दौर के बाउट में दिल्ली के जसविंदर सिंह को 5-0 से हराया। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के टोकस (67 किग्रा) ने छत्तीसगढ़ के जय सिंह को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से शिकस्त दी। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता आशीष कुमार (80 किग्रा) ने भी अंतिम-16 चरण की बाधा को पार कर लिया है। हिमाचल प्रदेश के इस खिलाड़ी ने राजस्थान के सुमित पूनिया को आसानी से हरा दिया। विश्व युवा चैम्पियन (2016) सचिन (57 किग्रा) ने हरियाणा के नीरज के खिलाफ जीत हासिल की। आरएसपीबी के मुक्केबाज बेहतरीन आक्रमण के दम पर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया।

इसी भार वर्ग में महाराष्ट्र के ऋषिकेश गौड़ ने बिहार के सोनू को 5-0 से हराया। अखिल भारतीय पुलिस के शिवम तिवारी (60 किग्रा) ने तेलंगाना के साविायो माइकल जबकि कर्नाटक के पवन कुमार एन (51 किग्रा) ने उत्तराखंड के पवन कुमार आर्य को मात दी। इस साल इस चैंपियनशिप में 13 विभिन्न भार वर्गों के कुल 386 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं।

# खिलाड़ियों में सच्ची टीम भावना हैं, विश्व कप के लिये उत्साहित : सुखजीत

राउरकेला, 2 जनवरी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड सुखजीत सिंह ने विश्व कप की तैयारियों के बीच सोमवार को कहा कि सभी खिलाड़ी टीम भावना से खेलने के पूरी तरह से तैयार है और वह पहले मैच में स्पेन से भिड़ने के लिये बेहद उत्साहित हैं।

सुखजीत ने टीम शिविर में हॉकी इंडिया से बातचीत के दौरान कहा, शिविर में सभी के बीच सच्ची टीम भावना है। हम सभी वास्तव में स्पेन के खिलाफ अपने पहले मैच में उतरने के लिये तैयार हैं। हर कोई सकारात्मक महसूस कर रहा है और एक-दूसरे का समर्थन कर रहा है। हमारे बीच एकता की वास्तविक भावना है जो है देखना रोमांचक है।

फरवरी 2022 में भारत के लिये पदार्पण करने वाले सुखजीत अपना पहला हॉकी विश्व कप खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह भारत में होने वाले सबसे बड़े आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करने को लेकर रोमांचित हैं। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं और मुख्य कोच ग्राहम रीड का शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने पिछले एक साल में मेरे प्रदर्शन को देखने के बाद मुझे टीम का हिस्सा बनने का मौका दिया। मैं खेलने के लिये वास्तव में उत्साहित हूं क्योंकि एफआईएच हॉकी विश्व कप न केवल खेल का सबसे बड़ा मंच है, बल्कि यह हमारे घरेलू मैदान पर खेला जा रहा है। भारतीय प्रशंसकों के सामने हॉकी खेलना हमेशा खास होता है।

सुखजीत ने कहा, हमने सुना है कि राउरकेला में सभी टिकट बिक चुके हैं, इसलिए हम जानते हैं कि स्टेडियम खचाखच भरा होगा। प्रशंसकों के बीच उत्साह देखकर भी अच्छा लगता है। भारत को शीर्ष टूर्नामेंट के लिये स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है। सुखजीत का मानना है कि विपक्षी टीमें कड़ी हैं, लेकिन पिछले एक साल में तीनों टीमों से खेलने से भारत को तैयारी करने में मदद मिलेगी।

सुखजीत ने कहा, हमारे पूल में स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स हैं। हमने पिछले साल प्रो लीग में स्पेन और इंग्लैंड के खिलाफ खेला था, जबकि राष्ट्रमंडल खेल 2022 में वेल्स का सामना किया था। हम उन प्रदर्शनों को देखेंगे और इसके अनुसार खुद को तैयार करेंगे।

सुखजीत ने टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हरमनप्रीत सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि वह टीम के लिये अहम खिलाड़ी साबित होंगे। उन्होंने कहा, हरमनप्रीत सिंह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकरों में से एक हैं और हमें खुशी है कि वह हमारी टीम के कप्तान हैं। हम सभी को विश्वास है कि वह अच्छी तरह हमारा नेतृत्व करेंगे और हम पूरे टूर्नामेंट में उनका पूरा समर्थन करेंगे।

# जोकोविच युगल मैच में हारे, लेकिन दर्शकों ने किया भव्य स्वागत

एडिलेड, 2 जनवरी। नोवाक जोकोविच एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में सोमवार को युगल मैच में हार गए लेकिन दर्शकों ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी का कोर्ट पर उतरने पर भव्य स्वागत किया। इस 21 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को पिछले साल कोविड-19 के लिए टीकाकरण नहीं कराने के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था।

जोकोविच ने वासेक पोस्पिसिल के साथ मिलकर युगल मैच से आस्ट्रेलियाई धरती में कोर्ट पर वापसी की लेकिन उन्हें टोमिस्लाव ब्रिकिच और गोंजालो एस्कोबार से 4-6 6-3 (10-5) से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारियों के सिलसिले में इस टूर्नामेंट में खेल रहे जोकोविच एकल में अपने अभियान की शुरुआत मंगलवार को कांस्टेंट लिस्टिन के खिलाफ करेंगे।

इससे पहले चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोस्कोवा ने सोमवार को यहां रूस की आठवीं रैंकिंग की खिलाड़ी डारिया कसातकिना को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर 2023 सत्र का पहला उलटफेर किया। यह उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी ने इससे पहले विश्व में 58वें नंबर की अन्ना कालिंस्काया और 43वें नंबर की अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर मुख्य ड्रा में जगह बनाई थी।



*मुंबई से जोधपुर जा रही सूर्यनगरी एक्सप्रेस ट्रेन के 14 डिब्बे पटरी से उतर गये। यह घटना सोमवार तड़के करीब 3:27 बजे हुई, उस वक्त ट्रेन में अधिकांश यात्री सो रहे थे। हादसा जोधपुर के राजकियावास-बोमादरा क्षेत्र में हुआ। हादसे में 24-25 घायल हुये हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी हादसे का जायजा लेने घटना स्थल पर पहुँचे और उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र रेलवे ट्रैक दुरुस्त करवाकर आवागमन पुनः शुरु करवाने के निर्देश दिये।*

# मुम्बई से आ रही सूर्यनगरी एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरे

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव घटनास्थल पहुंचे, कम घायलों को 25 हजार और एक गंभीर घायल को एक लाख रु. सहायता दी

- **हादसा सुबह साढ़े तीन बजे जोधपुर मंडल के राजकियावास-बोमादरा में हुआ**
- **हादसे में दो दर्जन यात्रियों के घायल होने की खबर है, कोई बड़ी हानि नहीं हुई।**
- **हादसे के बाद कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है तो कुछ का मार्ग बदला गया है।**

जोधपुर/पाली, 2 जनवरी (कासं)। मुंबई से जोधपुर आ रही सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 14 डिब्बे आज तड़के पटरी से उतर गए। हादसे के समय यात्री नींद में थे। हादसा प्रात: 03.27 बजे जोधपुर मंडल के राजकियावास-बोमादरा के बीच हुआ। हादसे में करीब दो दर्जन यात्री घायल हुए है, कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद जोधपुर से जाने वाली अन्य ट्रेनों का रुट प्रभावित हुआ। तथा कुछ ट्रेनों को रद्द भी किया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। जोधपुर से दुर्घटना राहत गाड़ी रवाना कर दी गई। इधर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी सुबह 4 बजे घटना की जानकारी ली तथा अधिकारियों को राहत कार्य पर ध्यान देने के निर्देश दिए। जयपुर मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में विजय शर्मा, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे सहित अन्य उच्च अधिकारी स्थिति को मॉनिटर करने में जुटे रहे। जोधपुर से डीआरएम ने मौके पर पहुंच राहत कार्य शुरू करवाया। उन्होंने हालात का जायजा लिया तथा पीड़ित यात्रियों से बात कर ढांढ़स बंधाया। रेलवे ने पाली स्टेशन जोधपुर स्टेशन पर हैल्प डेस्क के साथ हैल्प लाइन नंबर जारी किए। करीब चार दर्जन एम्बुलेंस से यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। एक महिला के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी सामने आई है। दोपहर को शेष बचे डिब्बों को लेकर रेल जोधपुर पहुंची।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज पाली के निकट हुए इस हादसे का जायजा लेने घटना स्थल पहुंचे।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बांद्रा टर्मिनस-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस रेलसेवा में कुल 1135 यात्री थे, हादसे के बाद 725 यात्रियों को इसी गाडी के अगले 9 डिब्बों में, 185 यात्रियों को सरकारी बसों तथा शेष यात्रियों को निजी साधनों से गतंव्य स्थान तक पहुंचाया गया। यात्रियों के लिये पाली मारवाड और जोधपुर स्टेशनों पर जलपान की व्यवस्था की गई तथा जोधपुर व पाली मारवाड स्टेशनों पर हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किये गये।

रेलमंत्री ने घायल यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिये 16 यात्रियों को 25-25 हजार रूपये तथा गंभीर रूप से घायल एक यात्री को 1 लाख रूपये की सहायता देने की घोषणा की तथा रेलवे प्रशासन ने अस्पताल में ही घायलों को यह राशि प्रदान की।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि संरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है और इसको सुदृढ़ करना प्रथम उद्देश्य है। रेलमंत्री ने दुर्घटना की जांच के लिये रेल संरक्षा आयुक्त को जांच के आदेश प्रदान किये हैं और कहा कि हादसे के कारणों पर उचित कार्यवाही की जाएगी। वैष्णव ने कहा कि वे स्वयं इस घटना की मॉनिटरिंग सुबह 4 बजे से कर रहे थे और पूरे घटनाक्रम की समीक्षा भी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 1 यात्री को छोडकर अन्य यात्री उपचार के पश्चात् सकुशल अपने घर चले गये है।

हादसे की वजह से कुछ रेलें रद्द की गई हैं:

गाड़ी ड़ी संख्या 14819, जोधपुर-साबरमती रेलसेवा दिनांक 02.01.23 को रदद की गई। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14804, साबरमती-जैसलमेर रेलसेवा दिनांक 02.01.23 को भी रद्द किया गया। गाड़ी संख्या 14893, जोधपुर-पालनपुर रेलसेवा दिनांक 02.01.23 को भी किया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14894, पालनपुर-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 03.01.23को रद्द कर दी गई।

# कांग्रेस विधायकों के इस्तीफा प्रकरण से पार्टी की साख पर सवाल उठे?

## सवाल है कि, क्या विधायकों से दबाव डालकर इस्तीफे लिए गए थे या विधायक वाकई में आलाकमान को कुछ नहीं समझते हैं

- **इस्तीफे का प्रकरण कोर्ट में भी पहुंच चुका है। कोर्ट ने स्पीकर से जवाब मांगा है, जिन्हें नियमानुसार इस्तीफे स्वीकार करने चाहिए थे, पर उन्होंने ऐसा नहीं किया।**
- **अब देखना है कि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी अदालत में क्या जवाब पेश करते हैं।**

जयपुर, 2 जनवरी (का.प्र.)। 25 सितंबर को राजस्थान में कांग्रेस विधायकों की ओर से समानांतर विधायक दल की बैठक करने और उसके बाद विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफे देने का मामला अब पेचीदा होता जा रहा है। यह मामला कांग्रेस के गले की हड्डी बन गया है। एक ओर तो 97 दिन के बाद इन विधायकों ने इस्तीफे वापस लिए हैं, तो दूसरी ओर राजस्थान उच्च न्यायालय खंडपीठ ने 10 दिन में इस्तीफों पर फैसला करने तथा न्यायालय को इस से अवगत कराने को कहा है। ऐसे में अब राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी और न्यायालय के बीच इस मामले का क्या निर्णय होगा, यह देखना काफी रोचक होगा।

विधानसभा अध्यक्ष न्यायालय में क्या जवाब देते हैं या वे जवाब नहीं देते हैं। यह उनका विषय है, यह इतिहास पहला ऐसा मामला है जहां सत्तारुढ़ पार्टी के विधायक अपने ही पार्टी आलाकमान की आज्ञा का उल्लंघन करके ना सिर्फ समानांतर विधायक दल की बैठक बुला रहे हैं, बल्कि इस्तीफा भी दे रहे हैं। इससे दो बातें निकल कर आ रही है कि या तो राजस्थान के कांग्रेस विधायक आलाकमान को कुछ नहीं समझते हैं। क्योंकि इस्तीफा दिया जाना इस बात का प्रमाण है कि यदि आलाकमान उनके अनुरूप व्यवहार नहीं करेगा, तो वह सरकार को भी गिरा सकते हैं। या फिर इस्तीफे इसलिए दिए गए थे कि किसी ने इन विधायकों को प्रलोभन दिया था या दबाव बनाया था। इसमें नियम कायदों का भी मुद्दा है, विधायक और मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं तो मंत्री जहां इस्तीफे के बावजूद मंत्रिमंडल की बैठकों में शामिल होकर नियम कायदे बना रहे हैं वही वधायक भी इस्तीफा देने के बाद विधानसभा से वेतन भत्ते का लाभ पा रहे हैं। अब या तो मंत्री - विधायक यह कहें कि उन्होंने इस्तीफे दिए ही नहीं थे, या यह स्पष्ट करें कि उन्होंने इस्तीफे दिए थे और इस अवधि के दौरान उन्हें मिलने वाले वेतन - भत्ते में वापस विधानसभा को लौटाएंगे। यही वह सवाल है जो विपक्ष भी उठा रहा है और आमजन भी।

इससे भी बढ़कर बात यह है कि इस पूरे प्रकरण में जिस तरह से राजस्थान कांग्रेस की साख दांव पर लगी हुई है उसे बचाने के लिए कांग्रेस अब कौन सा कदम उठाएगी यह देखना भी महत्वपूर्ण है। साख का सवाल इसलिए है कि 25 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री की सहमति के बाद ही पार्टी विधायक दल की बैठक तय की गई थी और उस बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में मलिकार्जुन खड़गे और राजस्थान के तत्कालीन प्रभारी अजय माकन को भेजा गया था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री निवास पर विधायकों का नहीं आना और विधायकों पर नियंत्रण करने की जिम्मेदारी वाले संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल और मुख्य सचेतक महेश जोशी की ओर से विधायक दल की बैठक को छोड़कर समानांतर विधायक दल की बैठक में मौजूद रहना, सीधे-सीधे आलाकमान के आदेश का उल्लंघन था। यही कारण है कि इन दोनों नेताओं को अनुशासनहीनता के तहत नोटिस दिया गया और इस काम में सहयोग करने वाले धर्मेंद्र राठौड़ को भी नोटिस मिला। हालांकि तीनों पर अब तक कार्यवाही पेंडिंग है।

पार्टी की साख का सवाल इसलिए भी उठ रहा है कि या तो पार्टी यह मानें कि जो भी घटनाक्रम हुआ वह सामान्य घटनाक्रम था। यदि पार्टी ऐसा मानती है तो फिर सवाल उठेंगे कि तीन नेताओं को नोटिस किस आधार पर दिए और अगर पार्टी इस मामले को गलत मानती है, जिसके लिए अनुशासनहीनता के नोटिस दिए गए, तो फिर अब तक कार्यवाही क्यों नहीं की गई। अब जब उच्च न्यायालय में याचिका की सुनवाई चल रही है और 23 जनवरी से विधानसभा सत्र बुला लिया गया है, तो आनन-फानन में इस्तीफे वापस भी करवा दिए गए हैं।

वैसे पूरा घटनाक्रम यह है कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेमे के कहलाने वाले विधायकों ने बीते 25 सितंबर को विधानसभा स्पीकर को अपने इस्तीफे सौंप दिए थे। इसके बाद 18 अक्टूबर, 19 अक्टूबर, 12 नवंबर और 21 नवंबर को उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने विधानसभा अध्यक्ष को प्रतिवेदन देकर दिए गए इस्तीफे को लेकर निर्णय करने का आग्रह किया था। इसके बावजूद विधानसभा अध्यक्ष ने अब तक इन इस्तीफों को लेकर कोई निर्णय नहीं किया। इस पर कोर्ट गए राजेंद्र राठौड़ की ओर से कहा गया कि अगर कोई विधायक इस्तीफा स्वयं पेश करता है तो विधानसभा प्रक्रिया नियम 173 के तहत स्पीकर के पास इस्तीफा स्वीकार करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं होता। सिर्फ यह जांच की जा सकती है कि इस्तीफा स्वैच्छिक है या फर्जी। को लेकर ही जांच की जा सकती है। याचिका में यह भी कहा गया कि यह असंभव है कि इतनी बडी संख्या में विधायकों से जबरन इस्तीफों पर हस्ताक्षर करवाए गए हो या उनके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हों। राठौड़ की ओर से न्यायालय में गुहार की है कि इस्तीफा देने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं और बतौर विधायक इनका विधानसभा में प्रवेश से रोका जाए। स्पीकर के समक्ष बसपा से दल बदल कर कांग्रेस में आए विधायकों का मामला लंबित है। ऐसे में उन्हें अंदेशा है कि इन विधायकों के इस्तीफों पर भी स्पीकर निर्णय नहीं करेंगे।

## रायपुर में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप दिया जायेगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि इस मीटिंग में अभी कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सी.डब्ल्यु.सी.) का भी चुनाव होगा, जबकि आधी सी.डब्ल्यु.सी. को कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत करेंगे।

वेणुगोपाल ने कहा कि इस सत्र में आधा दर्जन प्रस्ताव, जिनमें राजनैतिक स्थिति, अर्थव्यवस्था एवं कृषि से संबंधित प्रस्ताव भी शामिल होंगे, पारित किये जायेंगे। पार्टी के इस पूर्ण सत्र में प्रदेश कांग्रेस कमेटियों (पी.सी.सी.) के 9,000 से ज्यादा प्रतिनिधियों के उपस्थिति होने की संभावना है।

## केवल धूल में लट्ठ मार रहा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पद के लिये हुये मल्लिकार्जुन खड़गे के चुनाव की अभिपुष्टि करेगा तथा इसी सत्र में कांग्रेस समिति के चुनाव भी होंगे। इसके बाद, ए.आई.सी.सी. तथा कुछ राज्यों में पार्टी के पुनर्गठन की प्रक्रिया सम्पन्न हो सकती है।

एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ए.आई.सी.सी. अधिवेशन के बाद भी "गोल पोस्ट" को आगे खिसकाते रहना चाहता है क्योंकि नेतृत्व को डर है कि अगर गहलोत को हटाया गया तथा उनकी जगह सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाया गया तो गहलोत सरकार को गिराने की कोशिश करेंगे।

पायलट, गहलोत के नापसंदीदा व्यक्ति हैं तथा वे इस बात को साफ-साफ कह चुके हैं कि वे पायलट को कभी भी मुख्यमंत्री नहीं बनने देंगे।

सूत्रों का कहना है कि गहलोत कांग्रेस तथा गांधी परिवार को बहुत बड़ा फण्ड देते हैं तथा इसलिये उन्हें गहलोत को हटाने में मुश्किल आ रही है, जबकि वे इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि गहलोत के नेतृत्व में पार्टी यथेष्ट सीटे नहीं जीत सकती तथा गहलोत का चेहरा पार्टी को जीत नहीं दिला सकता।

सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी की तरह और भी बहुत से नेतागण भी अशोक गहलोत से अनुगृहीत एवं उनके प्रति कृतज्ञ हैं क्योंकि गहलोत, पूरी उदारता के साथ, उनकी जरूरतों तथा हितों का ख्याल रखते हैं। ऐसे परिदृश्य में, यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं है कि नेतृत्व अशोक गहलोत से अनुगृहीत होने तथा सचिन पायलट से किये गये वादे को पूरा करने, फलतः नेतृत्व परिवर्तन करने तथा उन्हें मुख्य बनाने के बीच अँधेरे में फँसा हुआ तथा जब-तब कुछ टटोलता हुआ प्रतीत हो रहा है।

## भारत में...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

पिछले 24 घंटों में, देश में 92,955 लोगों की कोविड जाँच की गई तथा इस प्रकार कोविड जाँचों की संख्या 91.1 करोड़ तक पहुँच गई है।

# 'विधायकों के त्याग पत्र प्रकरण में 16 जनवरी तक कोर्ट में वस्तुस्थिति स्पष्ट करें'

- **चीफ जस्टिस पंकज मिथल ने राजेन्द्र राठौड़ की याचिका पर सुनवाई करते हुए महाधिवक्ता एम.एस. सिंघवी को मौखिक आदेश दिए।**

जयपुर, 2 जनवरी (का.सं.)। सत्तारुढ़ दल के 91 सदस्यों के 25 सितम्बर को दिए गए इस्तीफों पर 97 दिनों तक निर्णय नहीं करने के प्रकरण में विधानसभा में विपक्ष के उप नेता राजेन्द्र राठौड़ द्वारा दायर की गई याचिका पर आज हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल व जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ में सुनवाई हुई। गौरतलब है कि राठौड़ की याचिका क्रमांक 18077/22, पर उच्च न्यायालय ने 6 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किये थे व जवाब प्रस्तुत करने के लिए 3 सप्ताह का समय दिया था। सुनवाई में राठौड़ ने अपने पक्ष में स्वयं बहस की, वहीं विधानसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा सचिव की ओर से राज्य के महाधिवक्ता एम.एस. सिंघवी उपस्थित हुए और खंडपीठ से राठौड़ की याचिका पर जवाब प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा।

राठौड़ ने कहा कि सत्तारुढ़ दल के 91 विधायकों के त्याग पत्र दिये जाने के आज 97 दिन पूर्ण होने के पश्चात् भी उचित निर्णय नहीं हुआ है। चूंकि राज्य सरकार का अंतिम बजट सत्र 23 जनवरी 2022 से आहूत किया गया है अत: त्याग पत्र के प्रकरण पर निश्चित समय में निर्णय होना अति आवश्यक है।

महाधिवक्ता एम.एस. सिंघवी द्वारा जवाब देने के लिए समय माँगे जाने पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आपको समय दिया जा सकता है मगर आपको यह बताना होगा कि क्या इस्तीफ़ों पर निर्णय अनिश्चित समय तक लम्बित रखा जा सकता है? आपको इस सम्बंध में लागू नियमों और प्रक्रिया के अनुसार निर्णय करना होगा। मुख्य न्यायाधीश ने महाधिवक्ता को मौखिक निर्देश दिये कि विधायकों के त्याग पत्र प्रकरण में 10 दिन के भीतर एवं 23 जनवरी को सत्र आहूत होने से पहले निर्णय करें तथा 16 जनवरी तक न्यायालय को 91 सदस्यों के त्यागपत्र प्रकरण पर वस्तुस्थिति स्पष्ट करें।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष व सचिव की ओर से महाधिवक्ता एम.एस. सिंघवी के पैरवी करने पर राठौड़ ने आपत्ति की और कहा कि संविधान के आर्टिकल 165 में स्पष्ट प्रावधान है कि महाधिवक्ता राज्य सरकार की तरफ से तो पैरवी कर सकते हैं परन्तु विधानसभा अध्यक्ष व सचिव की तरफ से नहीं। इस पर उच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट करने के निर्देश दिये कि महाधिवक्ता विधानसभा अध्यक्ष व सचिव की ओर से न्यायालय में पैरवी कर सकते हैं या नहीं ? महाधिवक्ता ने कहा कि वे अपने जवाब में इस बाबत भी स्पष्टीकरण दे देंगे।

# इस्तीफा प्रकरण पर महाधिवक्ता ने जवाब देने के लिए और समय मांगा

- **याचिकाकर्ता, विधानसभा में विपक्ष के उप नेता राजेन्द्र राठौड़ ने समय मांगे जाने का विरोध किया और कहा कि, मामला लटकाने के लिए समय मांगा जा रहा है।**
- **हालांकि हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने जवाब देने के लिए महाधिवक्ता को 16 जनवरी तक का समय दिया।**

जयपुर, 2 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कांग्रेस के 91 विधायकों की ओर से दिए इस्तीफों के मामले में महाधिवक्ता को कहा है कि वे विधानसभा स्पीकर से पूछ कर बताएं कि वह इन इस्तीफों पर कब तक निर्णय कर देंगे।

अदालत ने इसकी जानकारी और मामले में जवाब पेश करने के लिए महाधिवक्ता को 16 जनवरी तक का समय दिया है। सीजे पंकज मित्थल और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की जनहित याचिका पर दिए। वहीं अदालत ने कहा, कि मामले में पक्षकार बनने के लिए अधिवक्ता पी.सी. भंडारी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को जरूरत महसूस होने पर सुन लिया जाएगा।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता एम.एस. सिंघवी ने पेश होकर मामले में जवाब पेश करने के लिए समय मांगा, जिसका याचिकाकर्ता राजेंद्र राठौड़ ने विरोध किया और कहा कि मामले में देरी करने के लिए समय ले रहे हैं। अदालत के पूछने पर राठौड़ ने बताया कि 23 जनवरी से विधानसभा सत्र शुरू हो रहा है। इस पर अदालत ने कहा कि सत्र से पहले इन विधायकों के इस्तीफा को लेकर निर्णय किया जाना चाहिए। विधानसभा के बिजनेस रूल्स भी होंगे, तो क्या स्पीकर 1 साल तक भी इन इस्तीफों पर निर्णय नहीं करेंगे? राठौड़ की ओर से यह भी कहा गया कि महाधिवक्ता राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं और वे विधानसभा की ओर से पैरवी नहीं कर सकते। इस पर भी खंडपीठ ने जवाब मांगा। खंडपीठ ने महाधिवक्ता को 16 जनवरी तक का समय दिया है।

सुनवाई के दौरान अधिवक्ता पी.सी. भंडारी की ओर से प्रार्थना पत्र पेश कर मामले में पक्षकार बनने की गुहार की गई। इस पर अदालत ने कहा कि वह कौन है और इस याचिका से उनके अधिकार किस तरह प्रभावित हो रहे हैं। याचिका में उन्हें लेकर कोई रिलीफ भी नहीं मांगा गया है। वे चाहे तो अलग से याचिका दायर करें, उन्हें किसने रोका है।

अदालत ने यह भी कहा कि यहां इतने वकील खड़े हैं तो क्या सभी को मामले में पक्षकार बना लें। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि यदि उन्हें जरूरत महसूस होगी तो वह बाद में उनका पक्ष सुन लेंगे।

राजेन्द्र राठौड़ की याचिका में कहा गया कि कांग्रेस के 91 विधायकों ने गत 25 सितंबर को विधानसभा स्पीकर को अपने इस्तीफे दिए थे। इसके बाद 18 अक्टूबर, 19 अक्टूबर, 12 नवंबर और 21 नवंबर को याचिकाकर्ता ने स्पीकर को प्रतिवेदन देकर विधायकों के इस्तीफे पर निर्णय करने का आग्रह किया था। इसके बावजूद भी स्पीकर ने अब तक इन इस्तीफों को लेकर कोई निर्णय नहीं किया है।

याचिका में कहा गया कि यदि कोई विधायक इस्तीफा स्वयं पेश करता है तो विधानसभा प्रक्रिया नियम 173 के तहत स्पीकर के पास इस्तीफा स्वीकार करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं होता। वे सिर्फ यह जांच कर सकते है कि इस्तीफा स्वैच्छिक है या फर्जी। याचिका में यह भी कहा गया कि यह असंभव है कि इतनी बड़ी संख्या में विधायकों से जबरन इस्तीफों पर हस्ताक्षर करवाए गए हों या उनके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हों। विधायकों के इस्तीफे से सरकार सदन में अपना विश्वास खो चुकी है।

इस्तीफा देने वाले विधायक मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद सहित अन्य सरकारी बैठकों में शामिल हो रहे हैं। याचिका में गुहार की गई है कि इस्तीफा देने वाले विधायकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं और बतौर विधायक इनका विधानसभा में प्रवेश से रोका जाए। स्पीकर के समक्ष बसपा से दल बदल कर कांग्रेस में आए विधायकों का मामला लंबित है। ऐसे में उन्हें अंदेशा है कि इन विधायकों के इस्तीफों पर भी स्पीकर निर्णय नहीं करेंगे।

# कर्नाटक का लोकप्रिय दूध ब्राण्ड "नन्दिनी"...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हो गया तथा राज्य के कन्नड़ ऐक्टिविस्टों तथा संबंधित नेटीजन्स की ओर से "नंदिनी बचाओ" अभियान भी शुरु हो गया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने शुक्रवार को मांड्या में एक मैगा डेयरी का उद्घाटन करते हुये कहा था कि "अमूल और के.एम.एफ. यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेंगे कि राज्य के प्रत्येक गाँव में एक प्राथमिक डेरी हो।"

लेकिन, केन्द्रीय गृह मंत्री के इस बयान को विपक्षी दलों ने अलग ही अर्थ में लिया है तथा उन्होंने आनन-फानन में इसे नंदिनी को कमजोर करने की चेष्टा का रूप दे दिया तथा उन पर आरोपों की बौछार शुरु कर दी कि कर्नाटकवासियों के स्वामित्व वाली यह कंपनी उत्तरी भारत के व्यवसायियों को बेची जा सकती है।

इस प्रकार के अनुमानों का विश्वसनीयता उस समय मिली, जब पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आरोप लगाया कि अमित शाह ने स्पष्ट रूप से दर्शा दिया है कि गुजरात के कॉर्पोरेट्स की नजरें कर्नाटक मिल्क डेयरी सैक्टर पर लगी हुई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "दुग्ध-उत्पादन क्षेत्र में कर्नाटक के किसानों का टर्न ओवर 20,000 करोड़ रू. तक का है तथा इससे लाखों किसान-परिवारों को मदद मिलती है। लेकिन अब इस डेयरी सैक्टर पर कॉर्पोरेट की नजरें पड़ गई हैं तथा अमित शाह जैसे लोग, झूठ के पुलिन्दों के साथ, (कर्नाटक की) जनता को मूर्ख बनाने की तैयारी कर रहे हैं।"

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने इस विवाद में कूदने, नुकसान की भरपाई करने तथा बयान के वास्तविक मंतव्य को प्रस्तुत करने की कोशिश करते हुये, विपक्ष के दावे एवं इस विवाद को सिरे से खारिज कर दिया। कर्नाटक एवं गुजरात के दोनों डेयरी-प्रतिष्ठानों के विलय की बात को खारिज करते हुये, मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा, "नंदिनी का पृथक अस्तित्व एवं पहचान सदैव बनी रहेगी।" उन्होंने कहा, "अमूल के साथ नंदिनी का विलय एक गलत कल्पना है।" उन्होंने आगे कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री ने दरअसल यह कहा था कि ये दोनों प्रतिष्ठान टैक्नॉलजी एवं मार्केटिंग के क्षेत्रों में परस्पर सहयोग करेंगे।

बोम्मई ने कहा, "शाह ने कहा था कि इन दोनों बड़ी कंपनियों को एक दूसरे का पूरक होना चाहिये, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि (इनका) विलय होना चाहिये। नंदिनी ब्रैंड (आने वाले) सैकड़ों सालों तक स्थाई रूप से पृथक अस्तित्व बना हरेगा।" उन्होंने लोगों से अपील की कि इस मुद्दे को गलत अर्थ में न लें तथा विपक्ष तथा तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत की जा रही कहानी के झाँसे में न आयें।

केवल विपक्ष ने ही नहीं, बल्कि कर्नाटक के कुछ संबंधित नगरिकों ने भी, ट्विटर का उपयोग करते हुये, "ब्रैंड नंदिनी को कमजोर करने के उद्देश्य वाली किसी भी कोशिश" का विरोध करने के लिये विपक्ष को प्रेरित-प्रोत्साहित किया।

कर्नाटक के आम आदमी की भावनाओं को संक्षेप में तथा सर्वोत्तम तरीके से एक ट्वीट में प्रस्तुत करते हुये एम. रामचन्द्रा ने लिखा, "अमूल भारत का जायका हो सकता है किन्तु हम कन्नड़ लोग अपने नंदिनी से ही खुश हैं, जो अपने आरंभ से ही लगातार हमारे लोक साहित्य का हिस्सा बना हुआ है। प्रिय प्रांतीय नेताओं, कृपया साहस दिखाओं तथा अगर नंदिनी को दफन करने की कोई कोशिश की जाये तो आर-पार की लड़ाई लड़ो। एक बार के लिये, कुछ प्रतिरोध तो दिखाई दे।"

## झेंप मिटाने के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जोड़ो यात्रा के लिए शुभकामनाएं। हम राहुल गांधी को उनके निमंत्रण पत्र के लिए धन्यवाद देते हैं।" राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी न इस मामले में मौन रहने का विकल्प चुना क्योंकि गांधी के आमंत्रण को लेकर उन्होंने "हाँ" या "ना" कुछ भी नहीं कहा है। हालांकि राहुल गांधी की यात्रा उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

परामर्शिका के अनुसार कांग्रेस की यात्रा लाल किले के निकट स्थित हनुमान मंदिर, मरघट वाले बाबा से मंगलवार सुबह 10 बजे शुरू होगी और दोपहर 12 बजे लोनी सीमा पर पहुंचेगी।

उम्मीद है कि यात्रा के मार्ग पर विभिन्न स्थलों पर पदयात्री और वाहन इसमें शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं के अनुसार यात्रा 3 जनवरी को राज्य में प्रवेश करेगी और 5 जनवरी को हरियाणा में प्रवेश करन से पूर्व राज्य में 120 कि.मी. दूरी तय करेगी।

## उमा भारती...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के संदेश को भाजपा नेतृत्व के लिए परेशानी के सबब के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि उसे पहले से ही यह आशंका है कि लोधियों का पार्टी के प्रति परम्परागत और निष्ठावान जनाधार आगामी चुनावों मं खिसक सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारती ने हाल ही में लोधी समुदाय के लोगों को भोपाल में संबोधित किया था। उसमें इस समुदाय से जुड़े भाजपा के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया था जिनमें विधायक जालम सिंह पटेल व अन्य सहित केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल भी शामिल थे। मध्य प्रदेश में लोधी एक सशक्त ओ.बी.सी. समुदाय है और ग्वालियर, बुंदलेखण्ड तथा महाकौशल में उसकी अच्छी-खासी उपस्थिति है। ब्राह्मण विरोधी टिप्पणियों के कारण लोधी समुदाय के नेता प्रीतम सिंह को भाजपा द्वारा हाल ही में पार्टी से निष्कासित किए जाने के बाद लोधी और ब्राह्मण, जो कि दोनों भाजपा समर्थक हैं, के बीच तनाव बढ़ गया है। जातिगत लड़ाई को और भड़काते हुए उमा भारती प्रकर रूप से अपनी ही पार्टी के लिए थोड़ी परेशानी खड़ी कर रही हैं।

भारती ने पार्टी नेतृत्व को विश्वास में लिए बिना पहले ही यह घोषणा कर दी है कि राज्य में निषेध के मुद्दे को लेकर उनकी योजना एक आंदोलन करने की है। भाजपा नेतृत्व और राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, दोनों ने ही भारती की धमकियों को लेकर अभी तक कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है। तथापि, आने वाले दिनों में भाजपा के भीतर संघर्ष बढ़ने की आशंका है।

## 40 साल में पहली ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आई.एम. एफ. प्रमुख ने आशंका जताई कि चीन की अर्थव्यवस्था में आई मंदी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगी। जॉर्जीवा ने कहा "ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।" उन्होंने कहा कि अमेरिका यूरोपीयन यूनियन (ई.यू.) और चीन सभी में आर्थिक मंदी आ रही है। जॉर्जीवा ने अमेरिका के टी.वी. नैटवर्क सी.बी.एस. को एक साक्षात्कार में बताया कि "हमें लगता है कि विश्व की एक तिहाई अर्थव्यवस्था में आर्थिक मंदी है।" उन्होंने आगे कहा कि आधा ई.यू. आर्थिक मंदी में रहेगा।"

ज्ञातव्य है कि अक्टूबर 2022 में आई.एम.एफ. ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में आर्थिक वृद्धि को लेकर अपने उज्जवल दृष्टिकोण को बदल लिया था। आई.एम.एफ. प्रमुख ने कहा कि चीन में कोविड-19 केसों में अचानक हुई वृद्धि का चीन की अर्थव्यवस्था पर थोड़ी अवधि के लिए असर रहेगा। उन्होंने कहा कि "चीन के लिए अगले कुछ महीने भारी रहेंगे और उसके आर्थिक विकास पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। चीन की और वैश्विक अर्थव्यवस्था की आर्थिक वृद्धि पर भी इसका नकारात्मक असर रहेगा।

लेकिन जॉर्जीवा ने कहा कि अमेरिका मंदी की सबसे बुरी स्थिति से बच सकता है क्योंकि उसके पास एक मजबूत श्रम बाजार है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका "मंदी से बच सकता है" क्योंकि वहां बेरोजगारी बहुत ही कम है। उन्होंने कहा, "अगर यह लचीलापन और समुत्थानशक्ति (रिज़िलेन्स) (2023 में) बनी रहती है तो अमेरिका एक बहुत ही मुश्किल वर्ष को पार करने में मददगार होगा।" उन्होंने कहा, "अमेरिकन अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय रूप से लचीली एवं समुत्थानशील है।"

इसी बीच, सी.बी.एस. से बात करते हुये, बैंक ऑफ अमेरिका के मुख्य अर्थशास्त्री माइकेल गेपन ने कहा कि अमेरिकन अर्थव्यवस्था को झंझोड़ देने वाली मंदी का खतरा बहुत "ज्यादा" था, लेकिन कोई भी मंदी बहुत गहरी और लम्बे समय तक चलने वाली नहीं हो सकती है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908